3 राजधानी
दूषित पानी के मुद्दे पर भाजपा का वाकआउट

8 अभिमत
सर्वोच्च न्यायालय का सराहनीय कदम

13 विदेश
अमेरिका पर चीन ने किया पलटवार

15 स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलिया ने पाक का सफाया किया

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 31
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 दिसंबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जयललिता की भूमिका करेंगी कंगना रानौत
विविध-16

# उद्योग जगत के 'डर' पर संसद में हंगामा

## राहुल बजाज के बयान पर विपक्ष ने सरकार को घेरा, वित्त मंत्री ने दी सफाई

- बायोकॉन की चेयरपर्सन शॉ ने कहा- सरकार उद्योगपतियों के साथ अछूत जैसा व्यवहार करती है
- बोलीं निर्मला- सरकार और प्रधानमंत्री आलोचना सुनते है और उनका जवाब भी देते हैं



लोकसभा में बोलतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उद्योगपति राहुल** बजाज के मोदी सरकार से डर संबंधी बयान पर सोमवार को संसद के अंदर और बाहर खूब हंगामा हुआ। हाल ही में एक कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह से सवाल पूछने के दौरान बजाज ने कहा था कि ऐसा माहौल क्यों है कि लोग मोदी सरकार की आलोचना करने से डरते हैं। बायोकॉन की चेयरपर्सन किरन मजूमदार शॉ ने बजाज का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार देश के उद्योगपतियों के साथ अछूत जैसा व्यवहार करती है। राहुल बजाज के शाह से पूछे गए सवाल पर एकजुट होकर विपक्ष ने संसद में जोरदार हंगामा किया। सत्ता पक्ष का बचाव करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दावा किया कि यह कहना अनुचित है कि सरकार आलोचना नहीं सुन रही है।

लोकसभा में कराधान (संशोधन) विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला ने कहा कि यह कहना बिल्कुल गलत है कि सरकार आलोचनाओं को नहीं सुनती। सरकार और प्रधानमंत्री मोदी आलोचनाओं को सुनते हैं और सकारात्मक ढंग से जवाब भी देते हैं। सरकार हमेशा उद्योग जगत से जुड़ी रहती है। मजूमदार शॉ ने वरिष्ठ उद्योगपति बजाज के बयान का समर्थन करते हुए रविवार शाम को ट्वीट किया कि सरकार भारतीय उद्योग जगत को अछूत समझती है और आर्थिक हालात को लेकर कोई आलोचना नहीं सुनना चाहती। वह उम्मीद करती हैं कि सरकार अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर काम करे। राहुल बजाज के बेटे और बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने अपने पिता को असामान्य रूप से साहसी बताते हुए कहा कि उद्योग से कोई भी शख्सियत उनके पिता के साथ आवाज उठाना नहीं चाहता। जुड़ना नहीं चाहता था और वे अपनी सुविधा के अनुसार साइडलाइन होकर खुश हैं। इसके फौरन बाद सीतारमण ने इकॉनोमिक टाइम्स के कार्यक्रम का एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा। राहुल बजाज ने जो सवाल उठाए, गृहमंत्री अमित शाह ने उनका जवाब दिया है। सवाल, आलोचनाएं सुनी जाती हैं और उनका जवाब भी दिया जाता है। किसी की निजी सोच को फैलाने के बजाय बेहतर यही होगा कि जवाब मांगा जाए। इस तरह का प्रसार तेज होने से राष्ट्र हित को नुकसान पहुंच सकता है। उनकी टिप्पणी ने सरकार की आलोचना करने के लिए विपक्षी कांग्रेस को मौका दे दिया। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने ट्वीट किया कि राहुल बजाज ने सिर्फ यह कहा है कि उद्योग जगत सरकार की आलोचना करने से डरती है। क्या राष्ट्रीय हित सिर्फ आपकी प्रशंसा करने में ही निहित है। सरकार का बचाव करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ गलत चीजें गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राहुल बजाज गृहमंत्री अमित शाह के समक्ष खड़े होकर अपनी बात कहते हैं और स्पष्ट तौर पर अन्य लोगों को अपने समर्थन में खड़ा होने को प्रेरित करते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों की कितनी कद्र है और बोलने की आजादी है। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने भी बजाज की टिप्पणी पर शाह की प्रतिक्रिया का जिक्र किया और कहा कि डर जैसी कोई बात नहीं है। इकनॉमिक टाइम्स के कार्यक्रम के एक दिन बाद पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि कई उद्योगपतियों ने उनसे कहा है कि वे सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की आशंका से डर के माहौल में रहते हैं। नेशनल इकनॉमिक कांक्लेव में सिंह ने शुक्रवार को कहा कि हमारे समाज में डर का माहौल बनाया जा रहा है। प्रतिशोध के डर से बैंकर नए ऋण लेने के लिए (शेष 10 पर)

# 2024 तक निकाल बाहर किए जाएंगे सभी घुसपैठिए

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूरे देश के लिए एनआरसी का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** चक्रधरपुर, बहरागोड़ा

**भाजपा अध्यक्ष** अमित शाह ने देश भर में एनआरसी लागू करने के लिए 2024 की समयसीमा तय करते हुए कहा कि अगले आम चुनावों तक हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे देश से निष्कासित किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में कुछ भाजपा नेताओं द्वारा यह आशंका जताए जाने के बावजूद कि हाल के उपचुनावों में यह मुद्दा पार्टी को भारी पड़ा, केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दलों की आपत्तियों के बावजूद इस राष्ट्रव्यापी कवायद को अंजाम दिया जाएगा। शाह ने चक्रधरपुर और बहरागोड़ा में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा, आज मैं आपको बताना चाहता हूं कि 2024 के चुनावों से पहले देशभर में एनआरसी कराई जाएगी और हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे निष्कासित किया जाएगा। उन्होंने कहा, राहुल बाबा (कांग्रेस नेता राहुल गांधी) कहते हैं कि उन्हें मत निकालिए। वो कहां जाएंगे, वो क्या खाएंगे? लेकिन मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि 2024 में देश में चुनावों से पहले (शेष 10 पर)



झारखंड के चक्रधरपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

### मोदी, शाह को घुसपैठिया कहने पर लोस में हंगामा भाजपा ने सोनिया गांधी से माफी की मांग की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को घुसपैठिया कहने पर भाजपा सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी से बयान वापस लेने की मांग की और यह मांग भी उठाई कि इस मामले में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उधर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ही घुसपैठिए हैं। समझा जाता है कि उन्होंने यह बात परोक्ष रूप से कांग्रेस अध्यक्ष के संदर्भ में कही। इस पर चौधरी ने कहा कि उनकी बात को समझे बिना तिल का ताड़ बनाया जा रहा है तथा उनकी नेता को घुसपैठिया कहना उचित नहीं हैं। शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाने के बाद भाजपा नेताओं ने दोपहर 2.15 बजे कार्यवाही आरंभ होने पर फिर से चौधरी की टिप्पणी को लेकर हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी को अपनी बात वापस लेनी चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी (शेष 10 पर)

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 23.3°C (-2) |
| न्यूनतम | 8.0°C (-1) |

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,802 | ↑ | 8 |
| निफ्टी | 12,048 | ↑ | 8 |
| सोना | 38,718 | ↓ | 161 /10g |
| चांदी | 45,730 | ↓ | 425 /kg |

### क्विक न्यूज

#### रतुल पुरी को जमानत लेकिन अभी रहना होगा जेल में ही

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड धनशोधन मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे और कारोबारी रतुल पुरी को सोमवार को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने पांच लाख रुपए के एक निजी मुचलके और उतनी ही रकम की दो जमानत राशि पर पुरी की जमानत मंजूर की। पुरी हालांकि अभी जेल मे ही रहेंगे क्योंकि उन्हे बैंक धोखाधड़ी से संबंधित एक अन्य मामले मे भी गिरफ्तार किया गया है। अपनी जमानत याचिका मे पुरी ने कहा था कि उनसे और पूछताछ किए जाने की जरूरत नही है और उन्हे हिरासत मे रखने का कोई औचित्य नही है। ईडी ने 3,600 करोड़ रुपए के अगस्ता-वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर सौदा मामले मे हाल मे पुरी और जसप्रीत आहूजा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दर्ज कराई थी। भारत ने भारतीय वायुसेना को 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टर आपूर्ति करने के लिए जनवरी 2014 मे फिनमेकेनिका की ब्रिटिश सहायक कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड के साथ अनुबंध को खत्म कर दिया था।

#### क्रेडिट कार्ड से भुगतान पर शुल्क एलआईसी ने समाप्त किया

**मुंबई।** डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने के लिए जीवन बीमा निगम ने कार्ड के जरिए उसे किए जाने वाले सभी भुगतान पर सुविधा शुल्क को समाप्त कर दिया है। यह शुल्क छूट एक दिसंबर से प्रभावी हो गई है। एलआईसी ने कहा है कि क्रेडिट कार्ड के जरिए प्रीमियम नवीकरण, नए प्रीमियम या ऋण अथवा पालिसियो पर लिए गए कर्ज के ब्याज के भुगतान पर एक दिसंबर से कोई अतिरिक्त शुल्क या सुविधा शुल्क नही लगेगा। एलआईसी ने कहा कि क्रेडिट कार्ड के जरिए निःशुल्क लेनदेन की यह सुविधा सभी संग्रहण प्रणालियो-कार्ड रहित भुगतान और कार्ड डिप-सेल्स मशीनो पर स्वाइप पॉइंट पर उपलब्ध होगी। जीवन बीमा बाजार में एलआईसी की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है। कंपनी के ग्राहक आनलाइन लेनदेन के माईलिक एप डाउनलोड कर सकते है।

# अयोध्या फैसले पर मुस्लिम पक्ष ने पुनर्विचार याचिका दायर की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अयोध्या में** विवादित स्थल पर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाले उच्चतम न्यायालय के नौ नवंबर के फैसले पर पुनर्विचार के लिए सोमवार को एक मुस्लिम पक्षकार ने याचिका दायर की और कहा कि बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण का निर्देश देने पर ही संपूर्ण न्याय हो सकता है। इस प्रकरण के मूल वादकारों में शामिल एम सिद्दीक के कानूनी वारिस और उप्र जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष मौलाना सैयद अशहाद रशीदी ने 14 बिन्दुओं पर शीर्ष अदालत के निर्णय पर पुनर्विचार के लिए याचिका दायर की है। पुनर्विचार याचिका दायर करने के कुछ घंटे बाद मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना सैयद अरशद मदनी ने सोमवार को कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला सबूतों और तर्क पर आधारित नहीं है, इस वजह से यह कदम उठाया गया है। अधिवक्ता एजाज मकबूल के माध्यम से दायर पुनर्विचार याचिका में नौ नवंबर के निर्णय पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। इस फैसले में न्यायालय ने मंदिर निर्माण के लिए तीन महीने के भीतर एक ट्रस्ट गठित करने का निर्देश केन्द्र को दिया है। रशीदी ने अयोध्या में प्रमुख स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ का भूखंड आबंटित करने के लिए केन्द्र और उप्र सरकार को न्यायालय के निर्देश पर भी सवाल उठाया है। उनका तर्क है कि मुस्लिम पक्षकारों ने इस तरह का कोई भी अनुरोध कभी नहीं किया। याचिका में दलील दी गई है कि (शेष 10 पर)



मौलाना सैयद अरशद मदनी

# पंकजा मुंडे को लेकर अटकलों का दौर

- भाजपा ने पार्टी छोड़ने की खबरों को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भाजपा नेता** पंकजा मुंडे ने सोमवार को ट्विटर पर अपने बायो या निजी विवरण से अपनी पार्टी का नाम हटा दिया है। महाराष्ट्र में बदले राजनीतिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि में पंकजा ने अपनी भावी यात्रा के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी जिससे अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। उधर भाजपा प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने मीडिया के एक वर्ग में आई उन खबरों का खंडन किया कि वह भाजपा छोड़ रही हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता दिवंगत गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे 21 अक्टूबर को हुए विधानसभा चुनाव में बीड जिले की परली सीट से अपने चचेरे भाई एवं प्रतिद्वंद्वी राकांपा के धनंजय मुंडे से हार गई। पाटिल ने यहां पत्रकारों से कहा, भाजपा के नेता, पंकजा मुंडे से संपर्क में हैं। वह हार के बाद आत्मनिरीक्षण कर रही हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह भाजपा छोड़ रही हैं। उन्होंने शिवसेना नेता संजय राउत के इस दावे को खारिज किया कि कई नेता उद्धव ठाकरे नीत पार्टी में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। पाटिल ने कहा, महाराष्ट्र में दुर्घटनावश बनी सरकार निराधार खबरें फैला रही है। उनके ठाकरे परिवार से अच्छे पारिवारिक रिश्ते हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि वह शिवसेना में शामिल होने जा रही हैं। पंकजा मुंडे ने अपने ट्विटर बायो से सारी जानकारी हटा दी। उन्होंने अपनी भाजपा का नाम और अपने राजनीतिक सफर का विवरण भी हटा दिया। इससे एक दिन पहले महाराष्ट्र में बदले राजनीतिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि में पंकजा मुंडे ने अपनी भावी यात्रा के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था जिससे अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।



पंकजा मुंडे ने 28 नवंबर को तीन ट्वीट किए थे जिनमें महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को बधाई दी थी लेकिन शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की गठबंधन सरकार के बारे में कुछ नहीं लिखा था। वह देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री थीं। ठाकरे नीत सरकार के गठन से पहले तक वह राज्य भाजपा इकाई की कोर कमेटी की सभी बैठकों में मौजूद रहीं। रविवार को किए गए फेसबुक पोस्ट में पंकजा मुंडे ने अपने समर्थकों को अपने दिवंगत पिता गोपीनाथ मुंडे की जयंती के मौके पर 12 दिसंबर को गोपीनाथगढ़ आने का न्योता दिया था। गोपीनाथगढ़ बीड जिले में गोपीनाथ मुंडे का स्मारक है। पंकजा ने मराठी में लिखी फेसबुक पोस्ट में कहा, राज्य में बदले राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यह सोचने और निर्णय लेने की आवश्यकता है कि आगे क्या किया जाए। मुझे स्वयं से बात करने के लिए आठ से 10 दिन की आवश्यकता है। मौजूदा राजनीतिक बदलावों की पृष्ठभूमि में भावी यात्रा पर फैसला किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, अब क्या करना है? कौन सा मार्ग चुनना है? हम लोगों को क्या दे सकते हैं? हमारी ताकत क्या है? लोगों की अपेक्षाएं क्या हैं? मैं इन सभी पहलुओं पर विचार करूंगी और आपके सामने 12 दिसंबर को आऊंगी। पंकजा मुंडे ने लिखा कि उन्होंने चुनाव में मिली हार स्वीकार कर ली है और वह हार-जीत में उलझने की जगह आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, मैं पार्टी (भाजपा) की बैठकों में शामिल हुई थी। महाराष्ट्र में 24 अक्टूबर को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद नई राजनीतिक पटकथा लिखी गई। भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली शिवसेना ने उसके साथ 30 साल पुराना गठबंधन तोड़ लिया और राकांपा तथा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बना ली।

# तमिलनाडु में बारिश का कहर, 25 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**तमिलनाडु सरकार** ने सोमवार को बताया कि राज्य में 29 नवंबर से हुई बारिश से जुड़ी घटनाओं में 25 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 17 ऐसे लोग शामिल हैं, जिनकी कोयम्बटूर के पास मेट्टुपलयम के नादुर गांव में एक दीवार गिरने से मौत हो गई। राज्य में उत्तर-पूर्व मानसून तेज होने के कारण, बारिश के कहर का खामियाजा भुगत रहे तूतीकोरिन, कुड्डालोर और तिरुनेलवेली जिलों में राहत शिविरों में लगभग 1,000 लोगों को रखा गया है। मूसलाधार बारिश के कारण चेन्नई के कुछ निचले इलाके और निकटवर्ती चेंगलपेट और कांचीपुरम जिले में बाढ़ की समस्या खड़ी हो गई है। मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए उपमुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और अन्य कैबिनेट मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जलाशयों की निगरानी के आदेश दिए हैं, जिनमें से कई या तो पूर्ण रूप से भर गए हैं या तेजी से भर रहे हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति (शेष 10 पर)

# हेगड़े के दावे से महाराष्ट्र में बवाल

- केंद्रीय निधि की रक्षा के लिए फडणवीस को बनाया गया था मुख्यमंत्रीः अनंत हेगड़े
- फडणवीस ने इस दावे को किया पूरी तरह खारिज
- शिवसेना, राकांपा ने पूर्व मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भाजपा नेता** देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी के सांसद अनंत कुमार हेगड़े के उस दावे को सोमवार को पूरी तरह खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि फडणवीस को बहुमत नहीं होने के बावजूद पिछले महीने इसलिए मुख्यमंत्री बनाया गया ताकि 40 हजार करोड़ रुपए की केंद्रीय निधि का दुरुपयोग होने से बचाया जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, किसी भी परियोजना से महाराष्ट्र सरकार का एक भी रुपया केन्द्र को लौटाया नहीं गया। उधर भाजपा नेतृत्व के पार्टी सांसद अनंत हेगड़े की इस हैरान करने वाली टिप्पणी से नाखुश होने की खबर है। हेगड़े के इस दावे के बाद शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस ने फडणवीस पर निशाना साधा। शिवसेना ने कहा कि उनका यह कथित कृत्य महाराष्ट्र के साथ विश्वासघात है। शरद पवार नीत राकांपा ने भी कहा कि अगर हेगड़े का दावा सही है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने हेगड़े के कथित दावे को लेकर मोदी से जवाब की मांग करते हुए कहा कि इससे केंद्र सरकार की पोल खुल गई है। फडणवीस ने कहा कि न तो केंद्र ने किसी रकम की मांग की थी, न ही महाराष्ट्र सरकार ने इसे वापस भेजा।

विवादित बयानों के लिए चर्चा में रहने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनंत कुमार हेगड़े ने महाराष्ट्र में हुए राजनीतिक नाटक को नया मोड़ देते हुए दावा किया था कि फडणवीस को मुख्यमंत्री के नियंत्रण वाली 40,000 करोड़ रुपए की केंद्रीय निधि का दुरुपयोग होने से बचाने के लिए बहुमत न होने के बावजूद पिछले महीने महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया गया था। हेगड़े ने कहा था, आप सभी जानते हैं कि महाराष्ट्र में हाल ही में महज 80 घंटों के लिए हमारा आदमी मुख्यमंत्री था लेकिन जल्द ही फडणवीस ने इस्तीफा दे दिया। हमने यह नाटक क्यों किया? क्या हम नहीं जानते थे कि हमारे पास बहुमत नहीं है, वह क्यों मुख्यमंत्री बने? यह आम सवाल है जो हर कोई पूछ रहा है। उन्होंने उत्तर कन्नड़ (शेष 10 पर)



देवेंद्र फडणवीस — अनंत हेगड़े

# मोदी चाहते थे कि हम साथ मिलकर काम करें: शरद पवार

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**राकांपा प्रमुख** शरद पवार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया था लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। पवार ने ऐसी खबरों को खारिज कर दिया कि मोदी सरकार ने उन्हें देश का राष्ट्रपति बनाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा, लेकिन, मोदी के नेतृत्व वाली कैबिनेट में सुप्रिया (सुले) को मंत्री बनाने का एक प्रस्ताव जरूर मिला था। सुप्रिया सुले, पवार की बेटी हैं और पुणे जिला में बारामती से लोकसभा सदस्य हैं। पवार ने कहा कि उन्होंने मोदी को साफ कर दिया कि उनके लिए प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करना संभव नहीं है। पवार ने सोमवार को एक मराठी टीवी चैनल को साक्षात्कार में कहा, मोदी ने मुझे साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया था। मैंने उनसे कहा कि हमारे निजी संबंध बहुत अच्छे हैं और वे हमेशा रहेंगे लेकिन मेरे लिए साथ मिलकर काम करना संभव नहीं है।

# प्रियंका वाड्रा की सुरक्षा में सेंध, बिना अनुमति आवास में घुसे अज्ञात लोग

- कांग्रेस नेता के कार्यालय ने सीआरपीएफ के समक्ष उठाया मुद्दा, जांच शुरू
- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा- वह उच्च अधिकारियों से करेंगे चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जेड प्लस** सुरक्षा घेरे में रहने वाली कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा की सुरक्षा का घेरा तोड़ने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। करीब एक सप्ताह पहले गाड़ी में कुछ अज्ञात लोग लोधी एस्टेट स्थित आवास पहुंचते हैं और प्रियंका के साथ सेल्फी लेते हैं और फोटो खिंचाते हैं। बीते 26 नवंबर को हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए प्रियंका के ऑफिस ने जेड प्लस सुरक्षा देने वाले सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के साथ यह मुद्दा उठाया है। पिछले महीने ही सरकार ने प्रियंका समेत गांधी परिवार की एसपीजी हटाकर जेड प्लस सुरक्षा दी है। सीआरपीएफ के सूत्रों ने घटना की पुष्टि की है लेकिन अर्धसैनिक बल ने आधिकारिक रूप से कोई बयान जारी नहीं किया है। एजेंसी के मुताबिक प्रियंका के घर में पहुंचने वाले लोगों ने उनसे मिलने का समय नहीं लिया था। फिलहाल सीआरपीएफ मामले की जांच कर रहा है।



दिल्ली पुलिस ने कहा है कि नई व्यवस्था के तहत सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस प्रियंका गांधी वाड्रा की सुरक्षा में लगी हैं। जहां तक सुरक्षा घेरा तोड़कर अज्ञात लोगों के उनके आवास में पहुंचने का सवाल है तो इसमें कहीं न कहीं संवादहीनता रही है। पुलिस ऐहतियाती कदम उठा रही है। पुलिस ने यह भी कहा कि उसे प्रियंका के घर में गैर आधिकारिक वाहन घुसने के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है।

गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि उन्हें सुरक्षा घेरा तोड़ने जाने की घटना के बारे में जानकारी नहीं है। वह अभी अभी लोकसभा से आ रहे हैं। इस बारे में पुलिस से पता कर उच्च अधिकारियों से चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि एसपीजी की सुरक्षा हटाए जाने पर कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने भाजपा पर हमला बोला था और उस पर बदले की राजनीति करने का आरोप लगाया था।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 दिसंबर 2019



# रोडवेज बसों के लिए गाइडलाइन जारी

## रात्रि सेवा पर गंभीर हुआ परिवहन निगम, कोहरे में रूट के जानकार को ही मिलेगी ड्यूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सर्दियों की शुरूआत के साथ ही कोहरे की चादर बढ़ने लगी है। ऐसे में रोडवेज बसों में सफर को सुरक्षित बनाने के लिए परिवहन निगम ने गाइडलाइन जारी की है। गाइड लाइन के अनुसार इस बार रूट के चालक को उसके रूट में आने वाले ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, डायवर्जन आदि की जानकारी दी जाएगी। खासतौर पर रात्रि सेवा की बस चालक को तभी डयूटी मिलेगी जब उसके पास अपने पूरे रूट की सही जानकारी होगी।

ऐसे में कोहरे के दौरान बसों के संचालन पर निगरानी के लिए नाइट शिफ्ट में सुपरवाइजर की भी नियुक्ति की जाएगी, जो कोहरे को देखते हुए बस को रवाना करने का निर्णय लेगा। इस नई व्यवस्था के तहत परिवहन विभाग रात्रिकालीन बसों के संचालन के दौरान कोहरे की स्थिति के अनुसार बस को रवाना करेगा। यदि कोहरा अधिक हुआ तो बस को डिपो पर ही रोक दिया जाएगा। बस यात्रियों को डिपो में रुकने की व्यवस्था सुपरवाइजर द्वारा की जाएगी। कोहरा घटने के बाद ही बस को आगे रवाना किया जाएगा।बसों की विद्युत वायरिंग सही होगी और हेडलाइट, बैक लाइट, टेल लाइट, साइड इंडिकेक्टर जांच के बाद ही बस निकाली जाएगी।

एआरएम नोएडा डिपो अनुराग यादव ने बताया कि मुख्यालय से आई गाइडलाइन के अनुसार बसों के शीशे, लाइट, वाइपर आदि को दुरुस्त कराया जा रहा है। रात्रि कालीन बसों के चालक को उनके रूट के ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, डायवर्जन की जानकारी के बाद ही डयूटी दी जाएगी।

**मुख्यालय द्वारा जारी आदेश**

- सभी बसों के अंदर ऑल वेदर बल्ब लगे होने जरुरी हैं।
- बसों में वाइपर लगा होना जरुरी है और वाइपर चालू होना चाहिए।
- यात्रियों की सीट पर खिड़की का शीशा रिपेयर हो और शीशे की रबड़ सही दशा और सही साइज में लगी हो।
- नोएडा डिपो के साथ-साथ अन्य स्टेशनों पर चालकों को कोहरे में सुरक्षित संचालन के लिए जागरुक किया जाए।
- रात की शिफ्ट में बस डिपो पर सुपरवाइजर की नियुक्ति होगी, जो कोहरे की स्थिति के अनुसार बस के संचालन की अनुमति देगा।
- बस चालकों को अपने रूट पर ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, डायर्वजन्स की जानकारी होनी चाहिए।
- बसों में निर्धारित क्वालिटी का रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे होंगे।

## प्रदूषण फैलाने वाले 18 प्रतिष्ठान सील

**गाजियाबाद।** जीडीए ने सोमवार को विशेष अभियान चलाकर प्रदूषण फैला रहे 18 व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। वही, खोड़ा नगर पालिका परिषद ने भी क्षेत्र में पराली जलाते पाए जाने पर एक व्यक्ति से पांच हजार का जुर्माना वसूला।

जीडीए सचिव संतोष कुमार राय ने बताया कि प्राधिकरण के जोन 3 के अधिशासी अभियंता एके सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जिसमें स्वर्णजयंती पुरम में 10, मधुबन बापूधाम योजना में तीन और गोविंदपुरम आवास योजना में पांच ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सील किया गया जो प्रदूषण फैला रहे थे। इसके अलावा खोड़ा नगर पालिका के अनिल विहार निवासी मोहर सिंह नामक युवक से पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

# मिशन इंद्रधनुष का आगाज, गावी ने किया दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


मिशन इंद्रधनुष के तहत झुग्गी-झोपड़ी का निरीक्षण करतीं गावी टीम।

मिशन इंद्रधनुष के पहले चरण की सोमवार को शुरूआत हो गई। यह चरण एक सप्ताह तक चलेगा। इस विशेष अभियान में दो वर्ष तक के छूटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जाएंगे।

अभियान के शुभारंभ के मौके पर ग्लोबल एलाइंस वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) की 24 सदस्यीय टीम ने जिले का दौरा किया। इस टीम ने दो जगह मलिन बस्तियों में जाकर टीकाकरण का जायजा लिया।

**● मलिन बस्तियों और ईंट-भट्ठे पर पहुंची टीम**

गावी टीम जिला एमएमजी अस्पताल स्थित डिस्ट्रिक्ट कोल्ड चेन का निरीक्षण करने भी पहुंची। इसके अलावा टीम ने सीएमओ कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और फिर टीम के सदस्य जिला अधिकारी डा. अजय शंकर पांडेय से भी मिले जिसमें जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की।

गावी की 24 सदस्यीय टीम में अफगानिस्तान के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री फिरोजुद्दीन फिरोज भी शामिल थे। टीम ने सिहानी स्थित झुग्गी बस्ती और भोवापुर स्थित ईंट भट्ठे पर जाकर टीकाकरण का जायजा लिया। जिसमें यह भी देखा कि दूर दराज की जगहों पर टीकाकरण के दौरान वैक्सीन का रख रखाव कैसे किया जाता है।

## गाजियाबाद में 27 जनवरी तक धारा 144 लागू

**गाजियाबाद।** डीएम अजय शंकर पांडे ने जिले में 27 जनवरी 2020 तक धारा 144 लागू कर दी है। त्योहारों, नए साल और विभिन्न परीक्षाओं को देखते हुए जनपद में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए धारा 144 लगाई गई है।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने क्रिसमस डे, न्यू ईयर, गुरु गोविंद सिंह जयंती, मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस और इस दौरान आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर गाजियाबाद जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू की है। जिले में धारा 144 लागू होने के बाद अब किसी प्रकार के कार्यक्रम, धरना-प्रदर्शन आदि पर प्रतिबंध लग गया है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति होने वाले आयोजनों पर भी प्रतिबंध लगा रहेगा।

# अवैध जल निकासी पर बिल्डर पर 3.30 करोड़ जुर्माने की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● 11 फरवरी को होगी मामले में अगली सुनवाई**

अवैध भूजल दोहन तथा गैर शोधित सीवेज जल को बहाने के मामले में एक समिति ने नोएडा के एक बिल्डर के खिलाफ तीन करोड़ 28 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाने की एनजीटी से सिफारिश की है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के अधिकारियों वाली इस समिति ने अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अगुवाई वाली पीठ को बताया कि प्राधिकरण से मंजूरी लिए बगैर भूजल निकाला जा रहा है। आवेदकों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, बिल्डर ने 29 जनवरी 2011 को परियोजना की शुरूआत की थी और दिसंबर 2014 से फ्लैट का कब्जा देना शुरू किया। बिल्डर ने दो बोरवेल लगाए थे। वर्षा जल संग्रह की व्यवस्था की गई थी लेकिन, संचालन नहीं हो पाया।

समिति ने कहा कि इस अपार्टमेंट में 560 फ्लैट में 475 परिवार रहते हैं लेकिन, वहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था नहीं है। समिति ने यह भी बताया कि अपार्टमेंट में बिजली आपूर्ति को 500 केवी डीजल जेनरेटर लगाया गया है लेकिन, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के अनुसार चिमनी की व्यवस्था नहीं की गई है। अधिकरण अब इस मामले की सुनवाई 11 फरवरी को करेगा।

## किशोरी को अगवा कर रेप करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस-3 क्षेत्र के पर्थला गांव से एक किशोरी को अगवा करने वाले युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने किशोरी को उसके कब्जे से मुक्त करा लिया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने किशोरी के साथ बलात्कार करने की बात भी स्वीकार की। थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह मिली सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने अखिलेश नामक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पर्थला गांव में रहने वाली किशोरी को एक हफ्ते पूर्व अगवा कर लिया था।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने अगवा किशोरी को बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया है।

# मास्टर प्लान 2031 के लिए बैठक में पेश किए सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**● जीआईएस मैपिंग भी कराएगा प्राधिकरण**


जीडीए वीसी कंचन वर्मा

गाजियाबाद महानगर के मास्टर प्लान 2031 के तैयार करने की कवायद सोमवार को शुरू हो गई है। इस सिलसिले में कंसलटेंट कंपनी डीडीएफ कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने जीडीए सभागार में जीडीए अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठक की।

जिसमें उन्होंने अपने प्रारंभिक सुझावों से अवगत कराया। साथ ही अन्य संबंधित विभागों के साथ अगली मीटिंग के लिए कहा।

बता दें कि गाजियाबाद का मास्टर प्लान 2031 बनाया जाना प्रस्तावित है। यह पहला ऐसा मास्टर प्लान होगा जिसकी जीआईएस मैपिंग भी कराई जाएगी। बैठक के बाद जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने बताया कि मास्टर प्लान 2031 तैयार करने के लिए अमृत योजना के तहत केंद्र सरकार ने डीडीएफ कंसलटेंट नामक कंपनी का चयन किया है जबकि जीआईएस मैपिंग एनआरएसए नामक कंपनी तैयार कराएगी।

उन्होंने बताया कि डीडीएफ कंसलटेंट कंपनी के साथ इस पर करार हो चुका है और मास्टर प्लान करने तैयार करने में जो भी खर्चा आएगा वह केंद्र व प्रदेश सरकार देगी। यह अधिकतम एक करोड़ तक की धनराशि होगी।

गाजियाबाद के मास्टर प्लान तैयार करने में जीडीए को मात्र चार करोड़ ही वहन करने होंगे। उन्होंने बताया कि आज इसी सिलसिले में जीडीए सभागार में डीडीएफ कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसमें कंपनी के लोगों द्वारा प्रारंभिक जानकारियों को साझा किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 61 शहरों का एनआरएसए कंपनी अमृत योजना के तहत जीआईएस मैपिंग कर रही है। मैपिंग 24 लेयर में तैयार किया जाएगा। जिसमें पानी, बिजली व सड़क स्टेट हाईवे , एनएचएआई हाईवे, कितने मकान इंडस्ट्री आदि की जानकारी दी जाएगी।

जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि मास्टर प्लान तैयार होने के बाद उसके संबंध में जानकारी लोगों को ऑनलाइन मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि यह मास्टर प्लान 540 दिनों में तैयार करके जीडीए बोर्ड में पास कर शासन को भिजवाया जाना है। जहां पर कमेटी के अवलोकन करने के बाद मास्टर प्लान को कैबिनेट में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद में डासना को भी क्लब कर दिया गया है। वहीं लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर का मास्टर प्लान तैयार होगा।

## वेतन वृद्धि की मांग को लेकर धरना

**गाजियाबाद।** सफाई कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि न किये जाने पर नगर निगम के अफसरों के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। नवयुग मार्केट स्थित अम्बेडकर पार्क में धरने के दौरान सफाई कर्मचारी नेता राजेश चौहान ने कहा कि पूरे शहर को साफ करने वाले कर्मचारियों का उत्पीडऩ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वेतन में इजाफा न करने से कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। सफाई कर्मचारी नेता संजय टांक ने कहा कि नगरायुक्त द्वारा जानबूझकर वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर राहुल चौहान, अनिल कल्याणी, केपी सिंघौते, कालीचरण, शक्ति सिंह, सतेन्द्र गागडा, राजू शेरा आदि मौजूद रहे।

# पेंशन सही करने को चक्कर काट रही शहीद की विधवा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**● मुख्यमंत्री और डीएम को लिख चुकी है पत्र**

1962 के भारत-चीन युद्ध में शहीद हुए सैनिक की वृद्धा पत्नी आज भी अपनी पेंशन ठीक कराने के लिए विभाग के चक्कर लगा रही है। आरोप है कि उनके पति रेगुलर सेना में थे, जबकि उन्हें 1962 से टेरिटोरियल सेना (प्रादेशिक सेना) की पेंशन दी जा रही है।

रेवड़ी रेवड़ा गांव निवासी ब्रह्मवती ने बताया कि उनके पति 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान शहीद हो गए थे। तब से ही उन्हें टेरिटोरियल सेना की पेंशन दी जा रही है। आरोप है कि कोषाधिकारी ने अपनी मर्जी से पेंशन सेट की थी। जब उन्होंने कोषाधिकारी से शिकायत की तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। फिर उन्होंने पीसीडीए (रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, पेंशन) इलाहाबाद से जानकारी मांगी तो पति चला कि उनके पति रेगुलर आर्मी में तैनात थे। तब से पीड़िता अपनी पेंशन ठीक कराने के लिए चक्कर लगा रही है।

उन्होंने बताया कि वह डीएम, सीएम और पीएम को पत्र लिखकर अपनी सही पेंशन दिलाने की मांग कर चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।

## पर्यावरण, शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**गाजियाबाद।** अकादमी ऑफ एनवायरमेंटल बायोलॉजी एवं राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो द्वारा लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में पर्यावरण व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अनुकरणीय योगदान के लिए सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. माला कपूर को फैलो ऑफ एजुकेशन इन सोसाइटल मिशन सम्मान से सम्मानित किया गया।

पर्यावरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इन संस्थाओं से पुरस्कृत होने वाली डॉ. कपूर पहली महिला हैं। संगठन सचिव कृष्ण गोपाल ने कहा कि पर्यावरण, शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करने को डॉ. कपूर तीस सालों से मिशन के तौर पर कार्य कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार


शिविर में महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन बांटतीं फाउंडेशन की सदस्याएं।

### महिलाओं को बांटे नि:शुल्क सैनिटरी नेपकिन


**नोएडा।** देश में बढ़ती सर्वाइकल कैंसर की समस्या को ध्यान में रखते हुए सहभागिता इंटरनेशनल फाउंडेशन ने नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के सहयोग से समाज की गरीब, शोषित, वंचित, दलित महिलाओं के कल्याणार्थ सर्वाइकल कैंसर का जांच शिविर खोड़ा कॉलोनी, सर्फाबाद गांव व मामुरा गांव में आयोजित किया गया। इन कैंपो के माध्यम से 2000 से अधिक महिलाओं की जांच की गई। सेक्टर 70 नोएडा के राधा रानी फार्म हाउस में आयोजित समापन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक किया गया और उनकी जांच रिपोर्ट व एक वर्ष का निशुल्क सैनिटरी नेपकिन भी प्रदान किए गए। इसी कड़ी में सहभागिता इंटरनेशनल फाउंडेशन की टीम ने सर्फाबाद, मामूरा व खोड़ा कॉलोनी में बाकी प्रतिभागियों को उनकी जांच रिपोर्ट व सैनिटरी नैपकिन वितरित किए।



कैंडल मार्च निकालते किसान एकता संघ के कार्यकर्ता।

### किसान एकता संघ ने निकाला कैंडल मार्च

**नोएडा।** किसान एकता संघ ने हैदराबाद में पशु चिकित्सक के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में ग्राम निठारी स्थित शहीद भगत सिंह पार्क से कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान लोग भावुक और आक्रोशित होते हुए भी नजर आए। इस मार्च का नेतृव कर रहे संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह ने कहा कि हमें स्वतंत्र हुए 72 वर्ष हो गये हैं और हम अपनी उपलब्धियों पर फूले नहीं समाते, लेकिन हम आज भी अपनी बहन-बेटियों के लिये एक सुरक्षित समाज नहीं बना पाये हैं तो इसके लिये सरकारों, न्यायपालिका के साथ ही हम सभी जिम्मेदार हैं। बाली ने कहा कि केवल कठोर कानून बनाने कुछ नहीं होता, समय पर पालन भी होना चाहिए।


बेंगलुरु में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन जीईएस (ग्लोबल एग्जिबिशन ऑफ सर्विसेस )2019 के दौरान उत्तर प्रदेश ने प्रमुखता से सहभागी प्रदेश के रूप में भाग लिया था। इस सम्मलेन में 74 देश शामिल हुए। भविष्य में इन देशों के मरीजों का उत्तर प्रदेश एवं यशोदा सुपर हॉस्पिटल कौशांबी में उपचार किया जाए इस विषय पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के एक्ज्यूटिव डायरेक्टर शुभांग अरोड़ा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से शनिवार को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

# डकैती की वारदात को चोरी में किया दर्ज, लोगों का हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की विजय विहार कॉलोनी में पिछले सप्ताह डेयरी संचालक के साथ हुई घटना के मामले का अभी खुलासा भी नहीं हो पाया था कि शनिवार देर रात खानपुर जप्ती में किसान के यहां डकैती की घटना को अंजाम देकर बदमाशों ने पुलिस को खुली चुनौती दे दी।

दूसरी तरफ पुलिस ने डकैती की इस वारदात को चोरी के केस में दर्ज किया। जिसके विरोध में सोमवार सुबह ग्रामीणों संग थाने पहुंचे पीड़ित पक्ष ने विरोध जताते हुए जमकर हंगामा किया। ज्ञात हो कि गांव खानपुर जप्ती में किसान चेतराम खारी पुत्र हरिराम खारी के परिजनों को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर 6-7 नकाबपोश बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

करीब डेढ़ घंटे तक उत्पात मचाने के बाद बदमाश घर में रखे 5 लाख नकद व लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए थे। बाद में किसी तरह गेट खुलने के बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उक्त वारदात को चोरी की धाराओं में दर्ज किया है।

## महिला संबंधी अपराधों की जांच में न हो कोताही : सुषमा

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा सुषमा सिंह ने सोमवार को शहर के पीडब्लूडी गैस्टहाउस में महिला उत्पीड़न के प्रकरणों में समीक्षा बैठक की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की महिला संबंधित अपराधों की जांच में कोई कोताही ना बरती जाए। इस दौरान उन्होंने अपना वाहटसप नंबर 6306511708 एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की ईमेल आईडी सभी उपस्थित अधिकारियों को नोट कराया।

उन्होंने बताया कि वाहटसप नं पर कोई भी महिला किसी भी समय अपनी शिकायत भेज सकती हैं। साथ ही अपनी आईडी भी भेजनी जरूरी पीड़िता को जरूरी है।

# एचआईवी पर खुलकर करें बात : सीएमओ

## जागरूकता और एकजुटता के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विश्व एड्स दिवस के तहत सोमवार को जिला एमएमजी अस्पताल में एड्स के संबंध में जागरूकता के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनके गुप्ता ने हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की। हस्ताक्षर अभियान की विषय वस्तु है 'कम्युनिटी मेक द डिफरेंस' के जरिए इस बात का प्रण लिया गया कि एड्स रोकेंगे, वादा निभाएंगे, मैं आप और हम सब।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें एचआईवी-एड्स के बारे में खुल कर बात करने तथा समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर इस बीमारी के विरुद्ध अभियान छेड़ने की जरूरत है। जिला एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. रवीन्द्र राणा ने बताया जिला अस्पताल में एआरटी सेन्टर खुला हुआ है, जहां जनपद गाजियाबाद के अलावा, हापुड़, गौतमबुधनगर और बुलन्दशहर के भी एचआईवी -एड्स से ग्रसित मरीज उपचार ले रहे हैं।

अंत में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि एड्स की जानकारी ही हमें इससे बचा सकती है। इसलिए इस बीमारी के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं और देश को एड्स मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

जिले में एचआईवी कार्यक्रम को लेकर कार्य कर रही स्वयं सेवी संस्था ममता अहाना से सुमन और हरविन्दर व नेचुरल केयर से भारत, रिहाना, सुदेश, सिपेंद्र, शौर्य, लक्ष्मी के अलावा अभिव्यक्ति फाउंडेशन से मंजू गोस्वामी, निशी, गीता और रवि ने अपनी बात रखी और लोगों को एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर एआरटी सेंटर से डा. शील वर्मा और आईसीटीसी, पीपीटीसीटी व ओएसटी केंद्र के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।


आधार कार्ड टोकन के लिए नवयुग मार्किट स्थित मुख्य डाकघर पर लगी लंबी लाइन।

# 2021 में स्थायी इमारत में शिफ्ट हो जाएगा प्राधिकरण दफ्तर

## 41 प्रतिशत पूरा हो चुका सिविल कार्य, बेसमेंट में होगी वाहनों की पार्किंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्राधिकरण 2021 तक अपने नए आफिस में शिफ्ट हो जाएगा। इसके लिए सेक्टर-96 में प्राधिकरण के भव्य इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इसका समापन जनवरी 2019 में किया जाना था लेकिन, अब यह योजना करीब डेढ़ साल देरी से चल रही है। प्राधिकरण के नए स्थायी कार्यालय पर सिविल कार्य करीब 41 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है।

लगातार इस परियोजना की समीक्षा की जा रही है। ऐसे में अब इसका निर्माण नई डेड लाइन तक समाप्त हो सकता है। इसके बनने के बाद प्राधिकरण के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को इस नई इमारत में शिफ्ट कर दिया जाएगा। ऐसे में शहरवासियों को एक ही कार्य के लिए अलग-अलग स्थानों पर बने कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे।

प्राधिकरण के नए कार्यालय की नींव पांच जनवरी 2016 को रखी गई। परियोजना का कुल कवर्ड एरिया 40 हजार 824 वर्गमीटर है। इसमें दो टावर बनाए जा रहे हैं। पहले टावर में ग्राउंड के साथ 17 मंजिल व दूसरे टावर में ग्राउंड के साथ सात मंजिल है। इसमें एक फ्लोर व्यवसायिक गतिविधियों के लिए भी आवंटित किया जाएगा ताकि प्राधिकरण इसके किराए से लागत मूल्य निकाल सके। यहां बेसमेंट में पार्किंग बनाया गया है जिसका सिविल कार्य करीब पूरा किया जा चुका है। पहला और दूसरा दोनों पार्किंग बेसमेंट का एरिया अलग-अलग 19 हजार 678 वर्गमीटर है। इसका निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही प्राधिकरण का प्रशासनिक खंड का कार्यालय इस नई इमारत में शिफ्ट कर दिया जाएगा। बता दें सेक्टर-6 में बना कार्यालय अस्थायी निर्माण पर है। यह प्राधिकरण की इमारत नहीं है। इसी तरह प्राधिकरण के सेक्टर-19 स्थित अनुरक्षण कार्यालय, सेक्टर-20 स्थित कार्यालय व सेक्टर-39 उद्यान, विद्युत यांत्रिकी कार्यालय व सेक्टर-5 में बने जल खंड के कार्यालय को नई इमारत में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

खास यह है कि इसमें जो भी सरकारी कार्यालय शिफ्ट होना चाहते हैं उनके लिए अलग से फ्लोर बनाए गए हैं। ऐसे में वह यहां किराए पर अपना कार्यालय चला सकते हैं।

**एक नजर में प्राधिकरण का कार्यालय**

कुल कवर्ड एरिया-40824.00 वर्गमीटर, प्रथम टावर-ग्राउंड प्सल 17, दूसरा टावर-ग्राउंड प्लस सात, आडिटोरियम एरिया-1780.00 वर्गमीटर, परियोजना लागत-478 करोड़ रुपए, निर्माण कार्य प्रारंभ-5 जनवरी 2016, समापन तिथि-2 जनवरी 2019, संभावित तिथि-30 जून 2021, सिविल कार्य की प्रगति-41 प्रतिशत।

# आधार कार्ड टोकन पाने को रात 3 बजे से लोग लगा रहे लाइन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**● ज्यादा भीड़ बढ़ने पर बुलानी पड़ती है पुलिस**

आधार कार्ड बनवाना अब मुश्किल हो चला है। भारत सरकार के कड़े निर्देशों के बावजूद बैंक एवं डाकघरों के अफसर और कर्मचारी इस कार्य को लेकर गंभीर नहीं हैं। आए दिन बैंकों और डाकघरों में पब्लिक और अफसरों के बीच झगड़े हो रहे हैं।

ताजा मामला नवयुग मार्केट स्थित मुख्य डाकघर से जुड़ा हुआ है। यहां पर महीने के आरंभ में आधार कार्ड बनवाने के लिए टोकन लेने के लिए मारामारी रहती है। ऐसा ही कुछ सोमवार सुबह को देखने को मिला। यहां बाहरी जिलों से भी लोग टोकन के लिए सुबह तीन बजे से ही आकर लाइन में खड़े हो गए जिससे लाइन धीर-धीरे लंबी होती चली गई। अफसर और कर्मचारी नहीं पहुंचे तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। कोई डयूटी पर जाने से पहले आकर लाइन में लगा तो कोई अवकाश लेकर। इतना ही नहीं छोटे-छोटे बच्चों के साथ पहुंची महिलाओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा।

पोस्ट ऑफिस के आगे ही नहीं पीछे तक लाइन देखकर आनन-फानन में पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस के कहने पर करीब साढ़े नौ बजे से टोकन बांटने का काम शुरू किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

Umashankar

# दिल्ली खेल विवि में ओलंपिक के लिए तैयार होंगे खिलाड़ी

## विस में विधेयक पास, सरकार ने जताया 2024 में तीन और 2028 ओलंपिक में 10 गोल्ड जीतने का संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विधानसभा में दिल्ली खेल विश्वविद्यालय बिल सोमवार को पास हो गया। इसके शुरू होने से देशभर के युवाओं व खिलाड़ियों को अपनी विश्वस्तरीय प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह दिल्ली स्पोर्टस यूनिवर्सिटी बिल केवल बिल या कागज का टुकड़ा नहीं है।

यह देश के युवाओं व खिलाड़ियों का सपना है। विवि के बनने से उनका यह सपना पूरा हो सकेगा कि आने वाले समय में भारत भी ओलंपिक में चीन से ज्यादा पदक जीत सकेगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि विवि को 2024 (पेरिस) में 3 गोल्ड और 2028 (लॉस एंजलिस) ओलंपिक में 10 स्वर्ण पदक जीतने के संकल्प के साथ शुरू होगी। मुंडका में करीब 70 एकड़ में इसका विश्वस्तरीय परिसर बनेगा।

विधानसभा में दिल्ली खेल विश्वविद्यालय बिल पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप कट्टर देश भक्त पार्टी है। पार्टी का हर एक कार्यकर्ता देशभक्त है। सभी लोग सोते जागते देश की तरक्की के बारे में सोचते हैं।

जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में देश अन्य देशों से पिछड़ता है तो हर व्यक्ति को दर्द होता है। वे सोचते हैं हमारे में क्या कमी रह गई। देश को आजाद हुए 70 साल हो गए हैं। इतने सालों में ओलंपिक में कुल 28 मेडल ला पाए हैं। जिनमें 9 स्वर्ण, 7 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल है। चीन को वर्ष 2016 के ही ओलंपिक में 70 मेडल मिले। यही नहीं छोटे - छोटे देश किनिया को 13 पदक मिले, जमैका को 11, कजाकिस्तान 18, क्रोशिया 10 को पदक मिले लेकिन भारत को 2 मेडल मिले और अब तक केवल 28 मेडल मिल हैं। तब बहुत तक्लीफ होती है।

केजरीवाल के अनुसार देश को पिछले ओलंपिक खेल में 2 मेडल मिले। क्या भारत अन्य देशों से कम है। हमारा देश दुनिया का सबसे बेहतरीन देश है। दुनिया के सबसे बेहतरीन लोग और खिलाड़ी हमारे देश में हैं। कमी हमारी सरकारी व्यवस्था में है। जो सहयोग उन देशों में खिलाड़ी को सरकार से मिलता है वह भारत में नहीं मिलता। यहां उलटा होता हैए यहां पता चल जाए कि कोई खिलाड़ी बेहतर है व होनहार है तो सारी व्यवस्था उसकी टांग खींची जाती है। यह स्पोर्टस यूनिवर्सिटी का बिल उसी दर्द को ध्यान में रखकर रखा गया है। यह देश के हर नागरिक के सपने को पूरा करेगा।

हमें चीन से ज्यादा मेडल लाना है। क्या यह हो सकता है। जब हमारी सरकार बनी तो गलियों में जाकर कहता था। बिजली सस्ती करेंगे। स्कूल, अस्पताल अच्छे कर देंगे।

लोग कहते थें। यह हो ही नहीं सकता। केजरीवाल झूठ बोल रहे है लेकिन हमने पांच साल में यह सब कर यह दिखा दिया कि हो तो सकता है। सभी पार्टियों ने 70 साल से देश को पीछे रखी थीं। यह बिल देश के युवाओं का सपना पूरा करेगा। यह आम बिल नहीं है। इस सपने के साथ बिल को सदन में लाया गया। कितना समय लगेगा। सीएम ने कहा उनके जीते जी यह हो जाएगा।

चीन ने पहली बार 1952 ओलंपिक में हिस्सा लिया था। फिर 1984 में हिस्सा लिया। चीन ने गोल्ड लाने के लिए 32 साल में गोल्ड जीता। वह 32 साल से कम में यह सपना पूरा करेंगे। इसके लिए यूनिवर्सिटी को नेताओं को नहीं चलाना होगा। अगर इस यूनिवर्सिटी को नेता व अफसर चलाएंगे तो हमारा सपना पूरा नहीं होगा।

इसे प्रोफेशल को चलाना चाहिए। इसमें बेहद तेज निर्णय होना चाहिए। खिलाड़ियों को किसी तरह की तक्लीफ नहीं होनी चाहिए। यह लोगों के टैक्स के पैसे से बन रही है। दिल्ली के छात्रों को दाखिला में वरीयता मिलेगी। लेकिन पूरे देश के खिलाड़ी यहां आएंगे और प्रशिक्षण यह पूरे देश के खिलाड़ियों का सपना पूरा करेगी। यह देश के लोगों का सपना पूरा करने का यह मील का पत्थर होगा। एक दिन जब भारत चीन से ज्यादा ओलंपिक में मेडल लेकर आएगा तो 2 दिसंबर 2019 का दिन याद किया जाएगा। जब इस बिल को दिल्ली सदन में लाया गया।

**पहली बार खेल प्रतिभा के आधार पर मिलेगी डिग्री**

देश में पहली बार खेल प्रतिभा के आधार पर खिलड़ियों को डिग्री मिलेगी। इसके लिए दिल्ली सरकार ने स्पोर्टस यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस विवि से स्कूल से लेकर पीएचडी तक की डिग्री दी जाएगी। अभी तक खिलाड़ियों के लिए व्यवस्था यह थी कि वह किसी खेल में कुछ भी हासिल कर लें। आकादमीक रूप से उन्हें अलग से पढ़ाई करनी पड़ती थी। ऐसा न करने पर वह किसी नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाते थें।

इसका समाधान केजरीवाल सरकार ने कर दिया है। अब खिलाड़ियों को किसी और डिग्री की आवश्यकता नहीं है। उन्हें खेल पफार्रमेंस के आधार पर ही डिग्री मिल जाएगी। खेल में भविष्य बनाने वाले युवा भी अब सिविल सेवा जैसी परिक्षाएं दे पाएंगे।

**स्कूल से ही ले सकेंगे दाखिला**

यूनिवर्सिटी के अंतरगत स्कूल भी खुलेंगे। जहां उन युवाओं को दाखिला मिलेगा, जिन्हें खेल में करियर बनाना है। इस स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों को फिर से परीक्षा में पास होने की चिंता नहीं करनी होगी। यूनिवर्सिटी की जिम्मेदारी होगी कि बच्चे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जाए। डिग्री भी मिले। स्कूल स्तर के शिक्षण के लिए सीबीएसई से संबद्ध होगी।

### उप-राज्यपाल होंगे चांसलर

**खेले विवि के चांसलर उपराज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति यहां केविजिटर होंगे। राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में प्रशासनिक अनुभव के साथ अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा के खेल व्यक्ति को वाइस चांसलर बनाया जाएगा। जिनकी पांच साल के लिए नियुक्ति होगी। चयन तीन सदस्यों की एक खोज सह चयन समिति द्वारा किया जाएगा। प्रारूप, शक्तियां और दिल्ली खेल विश्वविद्यालय के अधिकारियों के कामकाज का एक तरीकाए अर्थात न्यायालय, प्रबंधन बोर्ड अकादमिक परिषद और वित्त समिति मसौदा कानून में शामिल हैं। विधियों और विनियमों के निर्धारण के लिए प्रावधान, विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करने और विधान सभा के समक्ष रखने का प्रावधान भी प्रदान किया गया है। दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए उक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों की भूमि के विकास का प्रावधान करना है। वार्षिक योजना 2019.20 में एक करोड़ दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए रखा गया है।**

### राज्य विवि का मिलेगा दर्जा

*दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया जाएगा। विवि खेल का एक व्यापक इको सिस्टम स्थापित करने का प्रयास करेगा। जिसमें सरकार, उद्योग, खेल संघ इत्यादि की शक्ति का निर्माण शामिल होगा। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा और अनुसंधान शामिल होंगे। विभिन्न खेलों में पेशेवर उत्कृष्टता के लिए सिस्टम और प्रक्रियाएं बनाना, कौशल विकास, खेल मनोरंजन और सामुदायिक गतिविधियां करना प्रारंभिक चरण के खेल के लिए संस्थागत तंत्र विकसित करना और प्रतिभा विकास का प्रावधान होगा।*

# राजधानी में महिलाओं को सुरक्षित माहौल दे सरकार

● हैदराबाद में महिला डॉक्टर से गैंग रेप की घटना पर विस में चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हैदराबाद में महिला डाक्टर से गैंग रेप व हत्या की घटना पर विधानसभा में चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाया जाना चाहिए।

इसके लिए जो भी कदम उठाने और जितने पैसे खर्च करने की जरूरत है दिल्ली सरकार करने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से अपील की कि केंद्र और आप सरकार मिलकर महिलाओं को सुरक्षित बनाने के लिए काम करें। विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि बहुत दुख होता है रोज यह खबर आती है कि बलात्कार कर किसी बेटी या बहन की हत्या हो गई या जला दिया। हैदराबाद में डाक्टर से बलात्कार के बाद जला दिया गया।

वहीं संवाददाता सम्मेलन में आप प्रवक्ता आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है और शाह के गृह मंत्रालय का प्रभार संभालने के बाद से राजधानी में रेप के मामले बढ़ गए हैं। आतिशी ने कहा, अमित शाह और दिल्ली पुलिस ने शहर की महिलाओं की रक्षा करने के लिए क्या किया।

**निर्भया केस के सख्त सजा की सिफारिश**

सीएम ने कहा निर्भया के मामले में उन्हें पता चला कि 5 नवंबर को एक आरोपी ने मर्सी पिटिशन दी थी। उनसे राष्ट्रपति ने विचार मांगा था। दिल्ली सरकार ने रविवार को मर्सी पिटिशन को खारिज करने की रिपोर्ट दी। आज उप राज्यपाल की अनुमति आ गई है। सोमवार को इसे राष्ट्रपति को सिफारिश भेजी है।

## कच्ची कालोनियों पर पेश हुआ संकल्प पत्र

**नई दिल्ली।** इस बार कच्ची कालोनियों की रजिस्ट्री दिलवाकर रहेंगे। आप नहीं देंगे तो केजरीवाल देगा। यह बात मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में कच्ची कालोनियों पर पेश हुए संकल्प पत्र पर चर्चा के दौरान कहीं।
70 साल से कच्ची कालोनियों का वोट के लिए इस्तेमाल भाजपा और कांग्रेस कर रही थीं। केजरीवाल ने उनका यह खेल खत्म कर दिया। अब अगला चुनाव कच्ची कालोनियों में विकास पर लड़ा जाएगा। कच्ची कालोनियों पर लोगों को कानून नहीं रजिस्ट्री चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री के अनुसार महिला सुरक्षा के मुद्दे पर न्यायपालिका को भी काम करना होगा। बलात्कार के मामले में कई साल केस चलते हैं।

दोषियों पर जल्द कार्रवाई न हो तो अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। न्यायपालिका को मिशन मूड पर जजमेंट देना चाहिए। वहीं हैदाबाद मामले में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कड़े कानून की मांग को लेकर कल (मंगलवार) से अनशन करने का फैसला किया है।

# दूषित पानी के मुद्दे पर भाजपा का वॉकआउट



फोटो : रंजन डिमरी

गंदे पानी की बोतल दिखाते नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता व अन्य भाजपा विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को शहर में दूषित पानी के मुद्दे को लेकर विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और अन्य विधायकों ने बहिर्गमन किया।

उन्होंने इस विषय पर चर्चा की मांग की थी, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने अस्वीकार कर दिया। सदन की कार्वाई शुरू होते ही गुप्ता और अन्य तीन भाजपा विधायकों मनजिंदर सिंह सिरसा, ओम प्रकाश शर्मा और जगदीश प्रधान दूषित पानी की बोतलें लाए, जिसकी कथित तौर पर शहर में आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने वे बोतलें सदन में दिखाईं। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, दिल्ली में दूषित जल की आपूर्ति पर हम चर्चा कराना चाहते थे। चर्चा के लिए हमने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और कार्यस्थगन प्रस्ताव भी दिया। उन्होंने कहा कि वह सूचीबद्ध विषयों से इतर विषयों पर चर्चा की इजाजत नहीं देंगे। गुप्ता ने कहा कि शहर में जिस पानी की आपूर्ति हो रही है, वह भारतीय मानक ब्यूरो की गुणवत्ता जांचों में खरा नहीं उतरा है।

इसके बावजूद विपक्ष को यह मुद्दा नहीं उठाने दिया जा रहा। हालांकि, विस अध्यक्ष ने कहा कि सदन में चर्चा के लिए कई मुद्दे सूचीबद्ध हैं और वक्त की कमी है, इसलिए इस विषय पर वह चर्चा की इजाजत नहीं देंगे।

उनके इस फैसले के बाद सभी चार विधायकों ने विरोध जताने के लिए सदन से बहिर्गमन किया तथा मुद्दा जनता में उठाने की बात कहीं।

# धूल को नियंत्रित करें, वनभूमि से हटाएं अतिक्रमण : हाईकोर्ट

**पायननियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदूषण पर लगाम लगाने के मकसद से उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को राष्ट्रीय राजधानी में धूल को नियंत्रित करने और वनभूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर अदालत ने दिल्ली सरकार को अतिक्रमण स्थलों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण के बाद वनक्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के वास्ते कार्ययोजना तैयार करने और इसे उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाले विशेष कार्यबल को सौंपने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति जी एस सिस्तानी और न्यायमूर्ति अनूप जयराम भम्भानी की पीठ ने अधिकारियों से पूछा कि क्या हेलीकॉप्टरों के जरिए वनक्षेत्र में पौधों के बीज बोए जा सकते हैं। इसने कहा कि एक और मुद्दा है जिससे तत्काल निपटने की आवश्यकता है और यह समूची दिल्ली में सड़कों तथा पगडंडियों पर फैली पोली मिट्टी और उड़ती धूल का मुद्दा है। पीठ ने कहा कि सड़कों पर फैली धूल को हटाने के लिए अधिकारियों की कोई योजना नहीं दिखती।

हालांकि प्रत्येक क्षेत्र को पक्का कर देना अच्छा विचार नहीं होगा, लेकिन झाड़ियों और लताओं के पौधे लगाने से धूल की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। न्यायालय ने कहा कि यदि सड़कों और पगडंडियों के किनारे झाड़ियां रोप दी जाती हैं तो धूल का समाधान हो सकता है। इसने अधिकारियों से कहा कि वे इस दिशा में कदम उठाएं। अदालत ने नगर निकायों को मलबा और धूल हटाने के मुद्दे पर शपथपत्र दायर करने का निर्देश दिया।

# बीच सड़क पर बैठे कांग्रेसी कार्यकर्ता

● प्याज की कीमतों में वृद्धि पर प्रदर्शन




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्याज की आसमान छूती कीमत को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र और दिल्ली सरकार पर जोरदार हमला किया है। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा और महिला कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन के पास गले में प्याज की माला पहनकर बीच सड़क पर बैठ नारेबाजी की।

पुलिस चोपड़ा और मुकेश शर्मा समेत कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया बाद में सभी को छोड़ दिया। महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन में शामिल महिलाएं जमाखोरों पर कसो लगाम सस्ते करो प्याज के दाम। 100 रुपये किलो प्याज, मोदी केजरीवाल का अंधाराज के नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया।

इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प भी हुई। उसके बाद सुभाष चोपड़ा और मुकेश शर्मा महिलाओं के साथ सड़क पर बैठ गए। इस दौरान इलाके में यातायात प्रभावित रहा। चोपड़ा ने कहा कि केजरीवाल सरकार जमाखोरों से मिली हुई हैं जिसके चलते प्याज के दाम बढ़े हैं।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने पुलिस कर्मियों 16 प्रतिभाशाली बच्चों से मुलाकात की। ये बच्चे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्टीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। रितिक मलिक ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करते हुए 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। ओजसवी सांगवान ने शूटिंग टूर्नामेंट में रजत पदक जीता है।

### एनडीएमसी का बजट दिशाहीन : मुकेश गोयल

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम का बजट दिषाहीन व लक्ष्य से भटका हुआ है। अपने बजट में आयुक्त की ओर से निगम को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए आय के श्रोत व नई योजना का कोई जिक्र नहीं किया गया है। कांग्रेस दल के नेता मुकेश गोयल ने आयुक्त द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2019-2020 के सशोधित बजट अनुमान तथा वर्ष 2020-21 के बजट अनुमानों पर चर्चा करते हुए कहा कि बजट तैयार करने का उद्देश्य यह होता है कि आय के सटीक अनुमान लगना होता है। नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था और योजना बनाई जा सके लेकिन निगम के आस्तित्व आने के बाद से अब तक के पेश किये गये बजट में निगम की आय और व्यय के लक्ष्य का सही आंकलन करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया।

### गीता कॉलोनी में यूपिक सर्वे का शुभारम्भ

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम के संपत्ति कर विभाग द्वारा आज गीता कॉलोनी वार्ड में विशिष्ट संपत्ति पहचान कोड (यूपिक ) जारी करने हेतु जरूरी सर्वे का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष संदीप कपूर, पूर्व महापौर और क्षेत्रीय पार्षद, नीमा भगत, पार्षद दीपक मल्होत्रा, संयुक्त कर निर्धारक एवं समाहर्ता , एम.के. सिंह और वरिष्ठ निगम अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान निगम अधिकारियों ने यूपिक के संबंध में लोगों की शंकाओं और सुझावों को सुना और स्पष्टीकरण दिया। स्थायी समिति अध्यक्ष संदीप कपूर ने कहा कि यूपिक जारी होने के बाद संपत्तियों को विशिष्ट पहचान हासिल होगी।

# जेएनयू फीस वृद्धि : समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) ने शुल्क वृद्धि के मुद्दे पर केन्द्र सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग करते हुए सोमवार को मार्च किया।

उन्होंने जनपथ से मार्च शुरू किया लेकिन पुलिस ने शास्त्री भवन के निकट उन्हें रोक दिया। पुलिस, शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को मानव संसाधन विकास मंत्रालय तक लेकर गई, लेकिन संघ ने कहा कि उन्हें किसी भी अधिकारी से नहीं मिलने दिया गया।

संघ के सदस्य सुरजीत मजूमदार ने कहा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने बहुत ही शर्मनाक ढंग से मंत्रालय की ओर मार्च करने वाले जेएनयू शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इनकार कर दिया।

### पर्यटक बनकर अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाला धरा

**नई दिल्ली।** जाफरपुर कलां से पर्यटक बनकर अपराधियों को अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले 32 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

हरीश कुमार उर्फ सुंडा ने एक बैग में हथियार भरकर उसे बसों में दिल्ली आने वाले पर्यटकों के सामान के साथ रख दिया। पुलिस उपायुक्त एंटो अल्फोंस ने कहा कि मध्यप्रदेश से एक बैग में हथियार और गोला-बारूद भरकर लाया था। उसके पास से सात अत्याधुनिक पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

# राजस्थानी गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजस्थान के अजमेर इलाके में सक्रिय गैंगस्टर धमेंद्र गैंग के सक्रिय सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग राजधानी में हथियारों की खेप लेने आए थे।

पुलिस ने इनके पास से छह पिस्टल, 57 जिंदा कारतूस बरामद किए है। इन तीनों के खिलाफ 15 गंभीर मामले दर्ज है। आरोपियों की पहचान वरूण चौधरी (38) निवासी श्याम कॉलानी भरतपुर, जीत राम चौधरी (23) निवासी अजमेर और सोहन लाल (30) निवासी नागौर के रूप में हुई है। स्पेशल के डीसपी प्रमोद सिंह कुशवाहा के अनुसार पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि कुख्यात धमेंद्र गैंग के तीन कुख्यात बदमाश अपने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए हथियारों की खेप लेने दिल्ली आ रहे है। ये लोग धौलाकुंआ से रिंग रोड होते हुए आएंगे।

सूचना मिलते ही पुलिस एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने इलाके में ट्रेप लगा दिया। शाम के करीब नौ बजे राजस्थान नंबर की एक कार धौलाकुंआ की तरफ से आती हुई दिखाई दी। यहां बदमाशों ने कार रोकी और हथियारों की खेप मिलने का इंतजार करने लगे। इसी बीच जब उनके पुलिस की मौजूदगी भनक लगी तो तीनों वहां से भागने लगे, इस दौरान उन्होंने पुलिस टीम पर फायर भी किया मगर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में वरूण चौधरी ने बताया कि एक प्रॉपर्टी विवाद ने उसके पिता की हत्या हो गई थी।

### नगर निगम विद्यालयों में छात्रों को योग सिखाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के दिशा निर्देश पर वार्ड 36 रानीखेड़ा से निगम पार्षद जयेंद्र डबास ने अपने वार्ड के पांच प्राथमिक विद्यालयों में योगासन कार्यक्रमों की शुरुआत की।

स्कूली छात्राओं छात्रों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने पार्षद जयेंद्र डबास की अगुवाई में स्वयं योग सिखाएं अपने वार्ड के स्कूलों के छात्र-छात्राओं को योग कराते हुए संबोधन में कहा कि प्रत्येक विद्यालय में प्रार्थना सभा के साथ 15 मिनट प्रतिदिन योग कराएं इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डबास ने प्रधानाचार्य शिक्षकों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से योग कराएं।

# भारतीय संस्कृति से रूबरू हुए स्वीडन के शाही दंपति

## पांच दिन की यात्रा पर भारत आए शाही मेहमान जामा मस्जिद और लाल किला देखने पहुंचे

● नायब इमाम शाबान बुखारी ने आए मेहमानों को मस्जिद के इतिहास से कराया अवगत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारत के पांच दिवसीय दौरे पर आए स्वीडन के राजा कार्ल सोलहवें गुस्ताफ तथा रानी सिल्विया सोमवार को जामा मस्जिद और लाल किला देखने गए। स्वीडन के दूतावास ने ट्वीट किया कि नायब इमाम सैयद शाबान बुखारी और इतिहासकार सोहेल हाशमी उन्हें भारत में सबसे बड़ी मस्जिदों में एक जामा मस्जिद दिखाने ले गए।

इस दौरान शाही मेहमानों को मुगलकालीन से मस्जिद के बारे में बताया गया। बाद में शाही जोड़ा लाल किला घूमने गया और वहां पर उन्होंने करीब डेढ़ घंटे गुजारे। इस दौरान उन्होंने किले से जुड़ी जानकारियों को ध्यान से सुना। राजा गुस्ताफ तीसरी बार भारत के दौरे पर आए हैं। वह स्वीडन के उच्चस्तरीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। शाही जोड़ा सोमवार को पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचा था। विदेश मंत्री ने राजा गुस्ताफ और रानी सिल्विया से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। शाही दंपत्ति मुम्बई और उत्तराखंड भी जाएगा।

राजा गुस्ताफ की यह तीसरी भारत यात्रा है। राजा अपने देश के उच्च स्तरीय उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत और स्वीडन के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं और लोकतंत्र, पारदर्शिता, स्वतंत्रता के अधिकार तथा कानून के शासन जैसे सिद्धांतों पर आधारित हैं।



स्वीडन के राजा गुस्ताफ और रानी सिल्विया को जामा मस्जिद के बारे में बताते नायब इमाम सैयद शाबान बुखारी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 दिसंबर, 2019



# नवाबों की नगरी फर्रुखनगर से उड़ रही है फूलों की रंगत

फर्रुखनगर क्षेत्र से लगातार घट रही है फूलों की खेती

कॉलोनाइजर्स ने उपजाऊ जमीन पर कई जगह काट दी कॉलोनियां

फूलों को मंडियों में ले जाने पर खर्चा भी आ रहा है अधिक

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के फर्रुखनगर क्षेत्र में फूलों की खेती।

**कभी** फूलों की घाटी के नाम से मशहूर नवाबों की नगरी फर्रुखनगर से अब यह तमगा छिनता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि यहां की जमीन में पैदावार कम होने लगी है, बल्कि ऐसा इसलिए कि यहां पर कॉलोनाइजर्स ने खेती की जमीन पर कॉलोनियां काटनी शुरू कर दीं हैं। इसके साथ ही फूलों की खेती घटती जा रही है। कभी यहां रंग-बिरंगे फूलों से महक उठती थी, अब वह महक खत्म हो रही है।

फर्रुखनगर क्षेत्र में गेंदा, जाफरी, गुलदाउदी समेत काफी किस्म के फूलों की खेती होती थी। यहां के फूल दूर-दूर तक मशहूर थे। किसान अनाज की जगह ज्यादा खेती फूलों की करते थे। सबसे मशहूर यहां का गेंदा का फूल रहा है। किसान देवीलाल, कुड़ियाराम सैनी, तोताराम, प्यारे लाल, सुल्तान, सुरजन सिंह आदि का कहना है कि उन्होंने 35 साल तक 20 एकड़ जमीन तक में फूलों की खेती की है। भरपूर फूलों की पैदावार उस समय होती थी। जहां नजर दौड़ाओ, फूलों की घाटी सी नजर आती थी। धीरे-धीरे फूलों की सुगंध और खेती खत्म होती चली गई। किसानों ने फूलों को छोड़कर सब्जी की पैदावार शुरू कर दी। अब तो सब्जी की पैदावार भी बहुत कम किसान ही कर रहे हैं। इसका बड़ा कारण क्षेत्र में कॉलोनाइजर्स द्वारा उपजाऊ जमीन पर कॉलोनियां काटना है। जिन खेतों में फूल लहलहाते थे, अब उन खेतों में प्लॉटिंग हो चुकी है। मिट्टी से दूर होकर किसानों ने अपनी सुख-सुविधाओं के लिए जमीनों को कॉलोनाइजर्स को बेचना शुरू कर दिया। फूलों की खेती अब कंक्रीट के जंगलों तब्दील होती जा रही है। अब चंद किसान ही फूलों की खेती कर रहे हैं।

### एक बड़ा कारण पानी की कमी भी है

**फूलों** की पैदावार कम होने का एक बड़ा कारण इस क्षेत्र में पानी की कमी भी है। बारिश कम होने लगी है। जमीन का पानी खारा है। साथ में मजदूरों की कमी और बिजली की कटौती है। हालांकि मंडियों में फूलों की बहुत कीमत मिलती है। किसान सुरजन सिंह के मुताबिक फूलों की बिक्री में भाव भी अच्छा मिलता है। सही भाव होने पर एक एकड़ जमीन से करीब तीन गुणा अधिक मुनाफा होता है। पिछले 50 साल का जिक्र करते हुए वे बताते हैं कि उन्होंने 20 एकड़ तक फूलों की खेती की है। पहले पैदावार भी अच्छी होती थी। एक मजदूर की दिहाड़ी सवा रुपया होती थी। वह अब 250-300 रुपये हो गई है। फूलों की एक गठरी दिल्ली तक ले जाने का किराया मात्र 50 पैसे था, जो आज बढ़कर कई गुणा अधिक हो गया है। पहले रेलगाड़ी से फूलों को ले जाते थे। अब प्राइवेट वाहनों से ले जाना पड़ता है। समय की बचत इसमें महत्वपूर्ण है। हालांकि प्राइवेट वाहनों में किराया अधिक लगता है। पहले फूलों को खारी बवाली दिल्ली में बेचा जाता था। अब गाजीपुर में जाना पड़ता है। पूरी दिल्ली पार करके। इस लिहाज से आमदनी से ज्यादा खर्चा भी पड़ जाता है। इस कारण से भी किसानों का फूलों की खेती से मोह भंग हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मेवात की प्याज ने मचाई दिल्ली-एनसीआर में धूम



**नूंह।** प्रदेश भर में प्याज की बढ़ती कीमत ने जहां प्याज की खेती करने वाले किसानों को इस बार हंसाने का काम किया है वहीं प्याज को मार्केट से महंगे दामों पर खरीदने वाले आम आदमी को रुलाने का काम कर रही है। इतना ही नहीं प्याज की बढ़ी कीमतों ने घरों में बनने वाली सब्जियों का स्वाद भी छीन लिया है। मजबूरी में गरीब गृहणियां बिना प्याज के सब्जी पका रही हैं। इस बार प्याज की खेती करने वाले किसानों की तो खूब चांदी कट रही है। किसान जब्बार, अय्यूब, साहिब, असगर निवासी घागस सहित दर्जनभर किसानों ने बताया कि प्याज की खेती में लगभग हर वर्ष उन्हें घाटा पड़ता है। कई बार तो खेती में लगाई रकम की भी भरपाई नहीं हो पाती है, लेकिन इस बार 55 से लेकर 60 रुपये प्रति किलो ग्राम का भाव किसानों को मिल रहा है, उससे किसान बेहद खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेवात में अधिकतर लोग खेतीबाड़ी के सहारे से ही अपना गुजारा करते हैं। ऐसे में यदि उन्हें फसलों का अच्छा दाम न मिले तो परिवार का गुजारा कैसे हो? यदि इस बार जैसा प्याज का रेट हर वर्ष मिले तो किसानों का खेती की तरफ अधिक ध्यान आकृषित होगा। किसानों ने कहा है कि हर वर्ष प्याज किसानों का आंसू निकाली है, लेकिन इस बार अच्छे रेट मिल रहे हैं तो क्या हुआ? किसानों की मानें तो प्याज की खेती उनके लिए एक ऐसी खेती है, जिसे मेवात के लोग अधिक उगाना पसंद करते हैं। उनका कहना है कि इस बार मेवात की प्याज ने दिल्ली एनसीआर में भी अपनी अलग पहचान बना ली है।

### किश्त जमा करने गए व्यक्ति का 12 दिन बाद भी सुराग नहीं

**फर्रुखनगर।** फर्रुखनगर से 20 नवम्बर को गुरुग्राम में प्लॉट की तीन लाख रुपये किश्त के जमा कराने गया 26 वर्षीय व्यक्ति रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरु कर दी। 12 दिन व्यतीत होने के बाद भी उसका पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस को दिए बयान में सुनील पुत्र रोहताश निवासी वार्ड-6 फर्रुखनगर ने बताया कि वह ऑटो चलाता है। उसका 26 साल का भाई लालाराम 20 नवंबर 2019 को दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच तीन लाख रुपए अपने साथ लेकर घर से गुरुग्राम में प्लॉट की किश्त भरने के लिए गया था। दो दिन तक उसने फोन पर यह बताया कि अभी काम नहीं हुआ है। उसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा है। उसको रिश्तेदारी आद स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। वह नीले रंग की जींस, हरे रंग की शर्ट तथा नीले रंग के जूते पहने हुए है। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करके जांच शुरू कर रखी है। बताया जा रहा है कि गुमशुदगी के 12 दिन बीत जाने के बाद भी लाला राम के बारे में कोई सूचना नहीं मिल सकी है।

### केएमपी पर दुर्घटना में एक की मौत, चालक मौके से फरार

**फर्रुखनगर।** केएमपी एक्सप्रेस-वे पर गांव झुंडसराय के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस को शव की तलाशी पर मिले दस्तावेज से मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी कपिल देव के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के साले के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वाहन चालक मौके का लाभ उठाकर फरार हो गया। पुलिस को दिए बयान में सतानंद पुत्र रामप्रकाश निवी जहांगीपुर गैलरई जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश ने बताया कि वह गुरुग्राम स्थित एक प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता है। वह अपने जीजा कपिल देव पुत्र पप्पू सिंह निवासी कोलीयान जिला एटानगर उत्तर के साथ गांव सरोहल जिला गुरुग्राम में रहता है। उसका जीजा गाड़ी चालक है। 30 नवंबर को वह अपने किसी जानकार से अपने काम के पैसे लेने के लिए फर्रुखनगर आया हुआ था। उसका मोबाईल भी बंद आ रहा था। एक दिसम्बर को थाना फर्रुखनगर से सूचना मिली कि कपिल देव की केएमपी पर झुंडसराय टोल से करीब दो किलोमीटर दूर अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। उसके मोबाइल, जेब से मिले आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस से उसकी पहचान हुई।

### पुलिस ने शराब की 795 पेटियों से भरा ट्रक पकड़ा



**सोहना।** सोहना सिटी थाना पुलिस ने शराब की पेटियों से भरा ट्रक पकड़ा है। जिसमें तलाशी के दौरान 795 अलग-अलग ब्रांड की पेटियां बरामद हुई हैं। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर शराब से भरा ट्रक अपने कब्जे में ले लिया है। रविवार देर रात सोहना सिटी थाना पुलिस गश्त कर रही थी। पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर पलवल मार्ग पर गांव लाखूवास के पास नाकाबंदी कर दी। समय करीब पौने नौ बजे ट्रक नाके की तरफ आया। नाके पर मौजूद पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया। ट्रक चालक ने नाके से करीब 60 मीटर दूर जाकर ट्रक रोका। चालक ट्रक छोड़कर भागता इससे पहले पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। ट्रक चालक की पहचान रवि कुमार मूल निवासी कानपुर और हाल निवासी मथूरा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रक की तलाशी के दौरान उसमें 320 राखी की ईंटें ऊपर लगी हुई थी। ईंटों के नीचे तीन अलग-अलग मार्का की 795 अवैध शराब की पेटियां मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि चालक को गिरफ्तार कर उसके मालिक सहित मामला दर्ज कर लिया है। ट्रक का पीछा गुरुग्राम की अपराध शाखा-40 की टीम भी कर रही थी। ट्रक चालक रवि कुमार को बाद में अपराध शाखा-40 की टीम पूछताछ के लिए ले गई।

### शिक्षा विभाग में देवेंद्र शर्मा की उपाधीक्षक पद पर नियुक्ति



**गुरुग्राम।** जिला शिक्षा विभाग में उपाधीक्षक के पद पर देवेंद्र शर्मा ने ज्वाइन किया है। देवेंद्र इससे पहले सोहना बीईओ ऑफिस में सहायक अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। वहां से उनके काम और अनुभव के आधार पर प्रमोशन होने के बाद उनको गुरुग्राम में जिला शिक्षा अधिकारी के ऑफिस में सोमवार को ज्वॉइन कराया। इससे पहले उन्होंने गुरुग्राम के अलावा सोहना में भी काफी साल काम किया है। उनके काम और ईमानदारी के साथ-साथ उनके व्यवहार से भी लोग परिचित हैं। इसी आधार पर लगातार अधिकारी भी उन्हे इसी मेहनत और निष्ठा के लिए सम्मानित कर चुके है। देवेंद्र शर्मा ने शिक्षा विभाग में 1985 में ज्वाइन किया था। उसके बाद से उनकी मेहनत और काम से उनकी पहचान होती है। यही कारण है कि अधिकारी भी आज उन्हें इस कार्य के लिए प्रोत्साहित करते है। जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन ईंदू बोकन और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने भी उन्हे उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# गुरुग्राम में डॉ. प्रियंका के हत्यारों को फांसी की मांग



गुरुग्राम में कैंडल मार्च निकालकर डॉ. प्रियंका रेड्डी के हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते एक आवाज संस्था के सदस्य।

आवाज संस्था ने निकाला कैंडल मार्च

**गुरुग्राम।** निर्भया हत्याकांड की तरह अब डा. प्रियंका रेड्डी हत्याकांड भी देश में एक बड़ा आंदोलन बनता जा रहा है। एक बाद फिर से देश के हर कोने में रेप और हत्या के इस जघन्य कांड की गूंज सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में भी इस हत्याकांड के विरोध में लोगों ने जुलूस निकालकर आरोपियों को फांसी दिये जाने की मांग की।

गुरुग्राम में एक आवाज संस्था की ओर से तिरंगे झंडे लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में अधिकतर भागीदारी युवाओं की रही। युवाओं ने डा. प्रियंका रेड्डी हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब उन्हें जल्द से जल्द फांसी दिये जाने की मांग की। संस्था प्रमुख राजकुमार सैनी ने कहा कि देश में इस तरह के जघन्य अपराधों में बिना कोई देरी किये अदालत निर्णय सुनाए। इस तरह की व्यवस्था हो। ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये।

समाजसेवी गगनदीप सैनी ने कहा कि अपराध की जगह कोई भी हो, अपराध किसी ने भी किया हो, उसे ऐसी सजा दी जाये कि ऐसे अपराधियों की मानसिकता बदल जाये। समाज में ऐसे लोगों का कोई स्थान नहीं है। कैंडल मार्च न्यू कालोनी से शुरू होकर जामा मस्जिद तक गया। इसके बाद वापस रेलवे रोड पर शिव मूर्ति के पास समाप्त किया गया। इस मौके पर राजेश सैनी, आशीष गुप्ता, गगनदीप सैनी, हितेश सैनी, विक्रम, विश्वास, शिव सैनिक अमित, गौतम समेत काफी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# समस्याएं देख मेयर ने दिखाए तेवर

मेयर मधु आजाद ने अधिकारियों के साथ किया शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा

लापरवाह एवं काम में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम शहर में दौरा करके समस्यायों का अवलोकन करतीं मेयर मधु आजाद।

**मेयर** मधु आजाद ने सोमवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा किया। इस दौरान समस्याएं देखकर मेयर के तेवर चढ़ गये। उन्होंने अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।

मेयर मधु आजाद ने कहा कि अधिकारी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के बारे में तत्परता से कार्य करें और इसे प्राथमिकता से लें। शहर में कहीं पर भी कचरा पड़ा नहीं होना चाहिए। अगर इस मामले में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी और वे लापरवाह और कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के बारे में जल्द ही शहरी स्थानीय निकाय मंत्री और विभाग के प्रधान सचिव को अवगत करवाएंगी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि जन सामान्य को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रहनी चाहिए। विशेष रूप से पानी, सीवरेज व सफाई आदि कार्य तुरंत प्रभाव से किए जाने चाहिएं। मेयर ने सेक्टर-12 में सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए संबंधित सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि तुरंत ही यहां पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं। इसके साथ ही राजीव नगर, संजय ग्राम सहित अन्य क्षेत्रों में सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाए। मेयर ने अधिकारियों से कहा कि जिन स्थानों पर पानी की आपूर्ति नहीं है, वहां पर पानी की लाइनें डालकर पानी पहुंचाया जाए।

मेयर को अपने बीच पाकर विशेषकर महिलाओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया और मेयर को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। मेयर ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाने तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को पानी, सड़क, सीवरेज, सफाई आदि मूलभूत सुविधाएं बेहतर मिलें।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए शहर की ग्रीन बैल्टों को विकसित किया जाए। इस मौके पर मेयर के साथ कार्यकारी अभियंता दलीप सिंह यादव, सहायक अभियंता नरेन्द्र पंवार सहित जूनियर इंजीनियर एवं सफाई कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

### नागरिक अस्पताल में फिजियोथैरेपी की यूनिट अप्रैल 2020 से

**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में फिजियोथैरेपी की यूनिट स्थापित किए जाने की मांग को हरी झंडी प्रदान कर दी है। यह यूनिट अप्रैल 2020 में चालू की जाएगी। सोहना नागरिक अस्पताल के बुरे दिन अब दूर होने वाले हैं। अस्पताल में डॉक्टरों के खाली पद भरे जाने के साथ-साथ यहां पर सर्जन डॉक्टर की नियुक्ति करीब 15 दिन पहले कर दी गई। अब स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में फिजियोथैरेपी यूनिट भी स्थापित करने को हरी झंडी प्रदान कर दी। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया उन्होंने करीब 15 दिन पहले लिखित में चंडीगढ़ विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की थी। उन्होने बताया कि अप्रैल में यूनिट शुरू करने के साथ ही फिजियोथैरेपी ट्रेनर व उसके उपकरण उपलब्ध हो जाएंगे।

## विधायक ने पार्षद और अधिकारियों को पढ़ाया शिष्टाचार का पाठ



**सोहना।** सोहना विधायक कंवर संजय सिंह ने कहा कि पार्षद ईमानदारी और जनता के प्रति अपने नैतिक दायित्व निभाते हुए काम करें। अधिकारी लोगों से पार्षदों से शिष्टाचार का व्यवहार अपनाएं। शहर के विकास में सरकार से एक सौ फसदी कार्य कराने की कोशिश की जाएगी। सोहना विधायक कंवर संजय सिंह ने सोमवार को नगरपरिषद कार्यालय में पार्षदों और परिषद के अधिकारी के साथ विशेष बैठक की।

विधायक ने पार्षदों से कहा कि जो वोट देकर आम लोगों ने जिम्मेदारी दी है, उसे बखूबी से निभाने और उनकी उम्मीदों पर खैरा उतरने का प्रयास करें। विधायक ने शहर में सफाई पर जोर देते हुए कहा कि सप्ताह में दो दिन अभियान चलाकर कूड़े के सभी ढेरों को हटाया जाएगा। अभियान में परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और वह स्वयं भी होंगे। उन्होंने परिषद अधिकारियों को शिष्टाचार का पाठ पढ़ाते हुए लोगों से सम्मानपूर्वक बातें करने की व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। लोगों के काम निपटाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। ताकि जो लोग काम होने की उम्मीद से उनके पास आए, वह निराश होकर अपने घर न लौटें।

# युवा उद्यमियों पर निर्भर देश की मजबूती

केनरा बैंक द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग संपर्क एवं ग्राहक मिलन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में केनरा बैंक द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग संपर्क एवं ग्राहक मिलन समारोह में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

**केनरा** बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) संपर्क एवं ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ महाप्रबंधक एमएसएमई के मुख्य कार्यालय बेंगलुरु राजेश कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी और बल्लभगढ़ इलाकों से 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि राजेश कुमार सिंह ने कहा कि ग्राहकों की अपेक्षाओं को समझने और उनके प्रतिक्रिया को जानने के लिए इस समारोह का आयोजन किया गया है। एमएसएमई के बारे में बताते हुए श्री सिंह ने कहा कि हर देश की आर्थिक मजबूती और व्यवसाय युवा उद्यमियों पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े व्यापारिक संगठनों को उनके व्यापार में कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। इस बात का ध्यान रखते हुए उन्हें भारत सरकार एमएसएमई में आसानी से पंजीकरण कराने की सुविधा प्रदान करती है। एमएसएमई निवेश के लिए छोटे आकार की एक संस्था है, जिसमे कुशल और अकुशल व्यापारी शामिल हो सकते है, जो बड़ी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करके भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अच्छी भूमिका निभाते हं। कार्यक्रम में कैनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक संदीप चौधरी, पुरुषोत्तम चंद्र उप महाप्रबंधक व अचल प्रमुख करनाल, जगन्नाथ मंगला अध्यक्ष जीआईए, त्रिलोक गुप्ता एमएसएमई डीआई, चेंबर ऑफ कॉमर्स से सोम प्रकाश जैन बैंक के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# हमने पाक के दो टुकड़े किए, नई पीढ़ी करे चार : जीडी बख्शी

ताऊ देवीलाल स्टेडियम में भोजपुरी महाकुंभ में पहुंचे थे मुख्य अतिथि

डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित करते कर्नल (रिटायर्ड) जीडी बख्शी।

**हमने** पाकिस्तान के दो टुकड़े किये थे, अब युवा नापाक पाक के चार टुकड़े करें। युवाओं के देश भारत में देश की सुरक्षा अब युवाओं के कंधों पर है। देश की सेवा के लिए युवाओं में खूब जोश है। युवाओं को चाहिये वे अपने देश की सेवा, सम्मान और रक्षा के लिए सदैव तैयार रहें। यह बात जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स से सेवानिवृत एवं कारगिल युद्ध के दौरान बटालियन की कमांडिंग करने वाले कर्नल (रिटायर्ड) जीडी बख्शी ने कही।

वे यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती एवं भोजपुरी महाकुंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपना 35 मिनट का भाषण पूरे जोशीले अंदाज में दिया और उनके भाषण का केंद्र रहा पाकिस्तान। एक तरह से उन्होंने गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम से पाकिस्तान के खिलाफ हुंकार भरी। कर्नल जीडी बख्शी ने युवाओं की तरफ इशारा करते हुये कहा कि हमने इस उम्र में देश को सुरक्षित किया था। पाकिस्तान को बता दिया था कि भारतीय सेना कितनी मजबूत है। हमने उसके दो टुकड़े कर दिये। अब अगर वह अपनी आदत से बाज नहीं आता है तो उनके चार टुकड़े कर डालो। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना जांबाजी से अपने को साबित कर रही है।

दुनिया में हमारी सेना और सैनिकों का नाम है। सीने पर गोली खाकर भी देश की रक्षा करने वाले सपूतों को नमन करते हुये उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। देश में आंतरिक सुरक्षा भी जरूरी है और बाहरी सुरक्षा भी। हमें अपने को देश का सच्चा सिपाही साबित करते हुये देश की उन्नति में भागीदार बनना है। इस समारोह में आध्यात्मिक संत व वीर चक्र से सम्मानित पायलट बाबा, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद, हरियाणा डेयरी विकास प्रसंघ के चेयरमैन जीएल शर्मा, भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक अंगद चौरसिया, पूर्व विधायक सुखबीर कटारिया, गुरुग्राम के डीसीपी शशांक कुमार सावन, डीसी कस्टम गुरुग्राम आरके अग्रवाल, पूर्वांचल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिंह, वीर कुंवर सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष निर्मल सिंह, फिल्म ऐक्टर राज चौहान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### इन सदस्यों ने निभाई अहम भूमिका

**कार्यक्रम** में प्रमुख रूप से प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, मनीष सिंह, भगवान झा, राजेश पटेल, दीपक सिंह, हरिकिशोर सिंह, विश्व विजय झा, यंग स्टार सेवा समिति के अध्यक्ष डा. जेपी कुश्वाहा, संस्थापक प्रदीप कनौजिया , उपाध्यक्ष जगदेव कुशवाहा, शमशूल, अकबर खान, बसई इंक्लेव छठ पूजा समिति के वेदानंद तिवारी, राहूल पांडेय, राजेन्द्र कुमार, दिलीप सिंह, राजपूत एकता फाउंडेशन के एनके सिंह, सृष्टि फाउंडेशन के अवधेश सिंह, मिथिला समिति के गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### मैथिली ठाकुर व गोलू राजा का गीत सुनने उमड़ी जनता

**जिसमें** बिहार की प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर व गोलू राजा का गीत सुनने भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने इनके गानों पर जमकर ठुमके भी लगाए। मैथिली ठाकुर व गोलू राजा का गीत सुनने लोग स्टेडियम में देर रात जमे रहे। कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें मनोज भावुक, रश्मि प्रियदर्शिनी समेत कई कवियों ने शिरकत की। समारोह में गुरुग्राम की 20 पूर्वांचली संस्थाओं, छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों, समाजसेवियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों और बुद्धिजीवियों को सम्मानित भी किया गया।

# मंत्री मूलचंद ने अवैध बसों को कराया इंपाउंड

## मंत्री को जांच में नहीं मिले कागजात

## हरियाणा रोडवेज डिपो पर मिली लापरवाही भड़के कैबिनेट मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** में अवैध रूप से दौड़ रही बसों को परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने इंपाउंड करवा दिया। उन्होंने जीटी रोड और आस-पास की सड़कों पर दौड़ रही अवैध बसों की जांच की और अधिकारियों से तुरंत इंपाउंड कराया। इन अवैध बसों के पास वैध परमिट नहीं पाया गया।

मंत्री ने अधिकारियों को ऐसी सभी बसें तुरंत बंद करवाने की हिदायत दी और इसके लिए अधिकारियों को लताड़ा भी। इसके बाद उन्होंने इस दौरान हरियाणा रोडवेज डिपों में भी छापा मार दिया। जहां उन्हें हरियाणा रोडवेज के जीएम ड्यूटी से नदारद मिले। उन्होंने वहां व्याप्त कमियों को जल्द दूर करने की बात कही। उनके साथ विधायक नरेन्द्र गुप्ता, लखन बेनीवाल और अन्य अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सूत्रों के मुताबिक बल्लभगढ़ नेशनल हाइवे पर हरियाणा के परिवहन मंत्री अवैध रूप से चलने वाली बसों को सोमवार को रुकवा कर पूछताछ करने लगे, तो उन्हें कुछ बसों में वैध कागजात नहीं मिले। कागजात न पाए जाने पर मंत्री ने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर ऐसी बसों को तुरंत इंपाउंड करने के आदेश जारी कर दिए। इसके बाद कैबिनेट मंत्री हरियाणा रोडवेज के डिपो में छापा मारने पहुंचे, लेकिन वहां उन्हें अधिकारियों की काफी लापरवाही देखने को मिली। हाजिरी चेक करने पर रोडवेज के जीएम भारत भूषण गोगिया सहित कई कर्मचारी मौके से नदारद पाए गए।

पायनियर की टीम ने जब मंत्री जी से इस विषय में बात की, तो मंत्री जी ने बताया कि उन्हें यहां काफी कमियां मिली हैं, जिन्हें तुरंत दुरुस्त भी करवा दिया जाएगा।

मंत्री की मानें, तो दिल्ली में केजरीवाल ने अभी महिलाओं के लिए फ्री यात्रा का प्रावधान किया है, लेकिन हरियाणा में लंबे समय से भैया दूज और रक्षाबंधन पर महिलाओं को फ्री यात्रा की सुविधा दी जाती है। मंत्री ने कहा हरियाणा सरकार प्रदेश भर में परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए योजनाएं बना रही है और जल्द ही हरियाणावासियों को राहत मिलेगी।

## कैबिनेट मंत्री ने बांटे कपड़े के बैग



**बल्लभगढ़।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और एफआईए के पदाधिकारियों ने पॉलीथिन हटाओ पर्यावरण बचाओ अभियान की शुरुआत की। मंत्री मूलचंद शर्मा बस अड्ढा मार्केट पहुंचे और वहां पर उन्होंने दुकानदारों और राहगीरों को कपड़े से बने बैग वितरित किए। मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करना होगा। राहगीरों को भी मंत्री ने अपने हाथों से बैग वितरित किए। मार्केट के लोगों ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर एफआईए के प्रधान बीआर भाटिया, समाजसेवी पारस जैन और बृजलाल शर्मा, कार्यकारी निदेशक कर्नल एस. कपूर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संगठनों के द्वारा 50 हजार पॉलिथीन फ्री बैग बांटे जाएंगे। दुकानदार और राहगीर बांटे गए कपड़े से बने बैग पाकर खुश हुए।

# बदमाशों ने एटीएम उखाड़ तो लिया, मगर पुलिस देख भागे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर गांव झाड़सेतली के पास एक एटीएम पर बीती रात पिकअप गाड़ी सवार अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाश शटर के ताले तोड़कर एटीएम के कैबिन में घुसे और एटीएम मशीन को उखाड़ कर अपनी गाड़ी में लादकर मौके से भागने लगे। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस की पीसीआर ने बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया। लगातार पीछा करने पर बदमाश एटीएम को चलती गाड़ी से फेंक कर फरार हो गए। सुबह पता चला कि बदमाशों ने एटीएम के साथ एक दुकान और वर्कशॉप को भी अपना निशाना बनाया है।

सूत्रों के मुताबिक गांव झाड़सेतली के पास एक्सिस बैंक का एटीएम है। बीती रात एटीएम का सुरक्षा कर्मचारी कैबिन को ताला लगाकर चला गया। बताया गया है कि तड़के करीब तीन बजे एक पिकअप गाड़ी पर आधा दर्जन से ज्यादा बदमाश वहां पहुंचे और कैबिन के ताले तोड़कर और अंदर जा घुसे। बदमाश मशीन को उखाड़ने में कामयाब हो गए और उसे पिकअप गाड़ी पर लाद लिया। बदमाश वहां से भागने लगे। इसी बीच किसी राहगीर ने बदमाशों की हरकत देख तुरंत पुलिस कंट्रोलरूम को सूचना दे दी।

उस दौरान थाना सेक्टर 58 के प्रभारी की एसएचओ की मोबाइल वैन और पीसीआर आस-पास के इलाके में गश्त कर रही थी। कंट्रोलरूम की सूचना पर थोड़ी ही देर में पीसीआर मौके पर पहुंच गई। पीसीआर को देखते ही बदमाशों ने गाड़ी को तेजी के साथ दौड़ाना शुरू कर दिया। एसएचओ मोबाइल वैन ने भी वहां पहुंच कर पीछा शुरू कर दिया। पुलिस को लगातार पीछा करते देख बदमाशों ने पकड़े जाने के डर से एटीएम मशीन को चलती गाड़ी से फेंक दिया और भाग निकलने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मशीन को कब्जे में लेकर बैंक अधिकारियों को सूचना दे दी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बदमाश एटीएम से रुपये निकालने में कामयाब हुए हैं या नहीं। इस एटीएम के साथ ही मौजूद एक दुकान और वर्कशॉप से भी बदमाशा हजारों रुपये का सामान और कागजात चुरा ले गए है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि घटना तड़के चार बजे के आस-पास की है। पुलिस को देखकर बदमाश मशीन को फेंक कर फरार हो गए है। मामला दर्ज करने के बाद बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## नौ दिनों तक बंधक बनाकर महिला से गैंगरेप

**फरीदाबाद।** एक महिला को तीन लोगों ने झांसा देकर अगवा कर लिया और उसे डरा-धमका कर नौ दिनों तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान आरोपी पीड़िता को अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर उसके साथ गैंगरेप करते रहे। पीड़िता ने चार अन्य लोगों पर अश्लील हरकतें करने का आरोप भी लगाया है।

बल्लभगढ़ महिला थाने में दर्ज मामले के मुताबिक थाना क्षेत्र के एक गांव की 27 वर्षीय एक महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि नौ जुलाई को गांव का ही एक युवक उसके घर बाया और उसे अपनी बातों के झांसे में ले लिया, तो वह घर से जेवरात और दस हजार रुपये लेकर उसके साथ चल पड़ी। गांव के बाहर युवक के दो साथी और मिल गए। तीनों युवक उसे लेकर सूरजकंड इलाके के एक कमरे में पहुंचे। जहां तीनों ने उसे डरा-धमका कर उसके साथ गैंगरेप किया। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी चार दिन यहां पर गैंगरेप करने के बाद उसे पलवल एक मकान में ले गए। वहां पर भी तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपियों के परिचित चार अन्य युवक भी वहां पहुंचे और उसके साथ शारीरिक छेड़खानी की। आरोपियों ने उसे कमरे में बंधक बनाकर रखा था। ताकि वह भाग न सके। महिला का कहना है कि 18 जुलाई को वह किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर भाग निकली और अपने घर पहुंची। सदमे से उबरने के बाद गतदिवस उसने परिवार के लोगों को सब कुछ बता दिया। महिला थाना प्रभारी माया का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# सिविल अस्पताल में मेडिकल छात्रों ने लिया प्रशिक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** एम्स शाखा में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे एमबीबीएस के 16 छात्रों के एक समूह ने बीके सिविल अस्पताल का दौरा किया। अस्पताल में बने गंबूजिया मछली के तलाब से लेकर क्षयरोग, एचआईवी औरर वैक्सीनेशन के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

सोमवार को बल्लभगढ़ एम्स के एमबीबीएस छात्रों ने सिविल अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से पुछताछ की। अस्पताल के बायोलॉजिस्ट डॉ. पीके अरोड़ा ने बीके सिविल अस्पताल की पुरानी इमारत में मौजूद तालाब का दौरा कराया और बताया कि मच्छरों से बचाव के लिए मंछलियों को यहां पाला जाता है। छात्रों ने गंबुजिया देखकर कहा कि 'वे सोच रहे थे, कि बड़ी-बड़ी मछलियां होंगी, लेकिन ये तो काफी छोटी हैं।' डॉ. पीके अरोड़ा ने छात्रों को बताया कि इस तलाब में से मछलियां निकालते समय तालाब का पानी भी निकाला जाता है। ताकि मछलियां जीवित रह सकें।

### देखी लैब

**एमबीबीएस** छात्रों को डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने पहले क्षयरोग प्रयोगशाला दिखाई, जहां सीबी नेट मशीन है। उसके बाद उन्हें एचआईवी जांच प्रयोगशाला में जांच की विधियों से अवगत कराया। छात्रों ने अस्पताल में मौजूद वैक्सीनेशन रूम में कार्यविधि जानी। जहां डॉ. सुभ्रांत राठी ने उन्हें सभी वैक्सीनों के बारे में बिस्तार से जानकारी दी।

# दिव्यांग क्रिकेट में हरियाणा ने यूपी को 19 रनों से हराया



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रेडक्रास** सोसायटी की कार्यकारी सदस्य सुषमा गुप्ता ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खेल हमारे शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। अभिभावक को भी अपने बच्चों को खेल से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

समाजसेवाी सुषमा गुप्ता ने विश्व अशक्त दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर 16ए स्थित महादेव देसाई पब्लिक स्कूल में नेशनल ब्लाइंड फॉर द ब्लाइंड द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड हरियाणा की मदद से आयोजित तीन दिवसीय टी-20 दृष्टिबाधित नेशल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन सोमवार को खिलाड़ियों व उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कही। टूर्नामेंट की विजेता टीम को इंडसइंड बैंक नागेश ट्राफी प्रदान की जाएगी। आज पहले खेलते हुए हरियाणा की टीम ने 175 रन बनाए जबकि उत्तर प्रदेश की पूरी टीम 156 रन ही बना सकी। इस तरह वह 19 रन से मैच हार गई। इस मौके पर नेशनल ब्लाइंड फॉर द ब्लाइंड तथा क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड एसोसिएशन के पदाधिकारी खेमसिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्यातिथि का फूलों के गुलदस्ते भेंट कर उनकी अगवानी की और खिलाड़ियों से परिचय कराया।

## पत्नी से अवैध संबंधों के शक में डेयरी संचालक की हत्या

**फरीदाबाद।** धौज गांव के निकट स्थित फौजी फार्म हाउस में डेयरी चलाने वाले एक व्यक्ति की बीती रात अज्ञात लोगों ने तेज धारदार हथियार से चेहरे और गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस इस हत्या का छह घंटे में ही खुलासा कर एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आरोप है कि उसे डेयरी संचालक और उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध का शक था।

मृतक के चचेरे भाई विवेक चंडोक का कहना है कि 48 वर्षीय सुनील चंडोक मूलरूप से कोलकाता का है और यहां सेक्टर 28 में सुनील की ससुराल है। जहां वह तीन साल से अपनी पत्नी अर्चना और दो बेटियों के साथ रह रहा था। सुनील चंडोक कई बड़ी कंपनियों में प्रबंधक, महाप्रबंधक और अन्य बड़े पदों पर रहा, लेकिन तीन साल पहले सुनील ने नौकरी छोड़ दी और धौज गांव स्थित चार एकड़ जमीन पर बना फौजी फार्म हाउस किराए पर ले लिया, जहां वे 18 गायों के साथ डेयरी संचालन और बाकी जमीन पर सब्जियों की ऑर्गेनिक खेती करते थे। कई बार वे रात को फार्म हाउस पर रुक जाते थे। सोमवार सुबह धौज गांव निवासी उनका नौकर साहिब पशुओं को चारा डालने के लिए पहुंचा, तो उसने सुनील को कई आवाजें लगाई। जबाव न मिलने पर वह कमरे में पहुंचा, तो रजाई हटाकर देखा कि सुनील खून से लथपथ मृत पड़ा ह था। साहिब की सूचना पर सुनील के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस पीआरओ सूबे सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी अर्चना का शक था कि सुनील की हत्या उनके पूर्व नौकर ने की है, जिसे गलत हरकतों की वजह से सुनील ने उसे काम निकाल दिया था। पुलिस तुरंत पड़ताल करने लगी और छह घंटे बाद ही उसने केस का खुलासा कर दिया। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि मृतक के पास एक महिला सहित तीन-चार नौकर काम करते हैं। महिला नौकरानी के पति इरशाद को शक हुआ कि उसकी पत्नी के गलत संबंध डेयरी मालिक सुनील चंडोक के साथ हैं, तो उसने अपनी पत्नी की वहां से नौकरी छुड़वा दी और उसकी पत्नी पलवल अपने भाई के घर रहने लगी। जांच में पता चला कि योजना अनुसार आरोपी इरशाद ने एक दिसंबर की रात दस बजे घास काटने वाली तलवार से सुनील की सोई अवस्था में गर्दन काट दी और फरार हो गया था।

## 200 रुपये के नकली नोट चलाने पर हुआ गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच** तीन की मार्केट में बीती रात बाइक सवार दो युवक पहुंचे। इनमें से एक युवक 200 रुपये के नोट देकर धड़ाधड़ सामान खरीदने लगा। उसी दौरान एक दुकानदार को युवक पर शक हो गया। दुकानदार के शोर मचाने पर अन्य दुकानदारों ने आरोपी को दबोचकर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सूत्रों के मुताबिक बीती एनएच तीन की मार्केट में बाइक सवार दो युवक आए। एक युवक बाइक पर बैठा रहा। जबकि दूसरा दुकानदारों को 200-200 रुपये के नोट देकर सामान की खरीदारी करने लगा। इस दौरान वह रोशन सिंह, राकेश, किशन और मुकेश बवेजा की दुकान से सामान खरीद चुका था। अगली दुकान पर जाने पर दुकानदार को नोट पर संदेह हो गया।

उसने जांच की, तो नोट नकली पाया गया। उसके शोर मचाने पर अन्य दुकानदार भी वहां पहुंच गए। उन्होंने आरोपी को दबोच कर पुलिस को सूचना दे दी। इस बीच आरोपी का साथी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान फजर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 200 रुपये के सात नकली नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी के साथी की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रियंका के हत्यारों को मिले फांसी की सजा : एबीवीपी




**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### छात्र नेता आदित्य मौर्य ने बताया कि हमारा देश जिसमे नारी की पूजा करने की संस्कृति रही है, वहां ऐसी घिनौनी घटना एक बार फिर हमें शर्मसार कर देने वाली है।

**जिस** तरह डॉ. प्रियंका रेड्डी कुछ दुर्दांत असामाजिक तत्वों द्वारा सामूहिक बलात्कार के बाद जलाकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना पर पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। अखिल भरतीय विद्यार्थी परिषद इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करता है। परिषद के कार्यकर्ता विद्यार्थियों ने डॉ. रेड्डी को पुष्पांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनके परिवार को इस मुश्किल घोर दुःख की घडी में सहन शक्ति प्रदान करे, ऐसी कामना की। छात्रों ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्षा कंचन डागर ने बताया कि जब हमारा देश डिजिटल क्रांति और आधुनिकीकरण की तरफ बढ़ रहा है और महिला सशक्तिकरण को प्रेरित करने के अथक प्रयास किये जा रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार की कलुषित मानसिकता के दुर्दांत राक्षस देश के लिए बहुत बड़ा कलंक हैं और ऐसे कुकर्म के लिए इन्हें मृत्यु दंड दिया जाना चाहिए। ताकि यह ऐसी मानसिकता रखने वालों के लिए सबक बन सके और ऐसी घटना दोबारा न हो।

छात्र नेता आदित्य मौर्य ने बताया कि हमारा देश जिसमे नारी की पूजा करने की संस्कृति रही है, वहां ऐसी घिनौनी घटना एक बार फिर हमें शर्मसार कर देने वाली है। प्रशासन से जल्दी से जल्दी कठोरतम कार्यवाही करने का मांग की। यदि प्रशासन कारवाही में देर करता है या ढील बरतता है, तो एबीवीपी इसके लिया अपना मोर्चा खोलने में थोड़ा भी संकोच नहीं करेगा, ताकि पीड़ित परिवार को सही न्याय और अत्याचारियों को कठोरतम सजा मिल सके।

इस मौके पर एबीवीपी उपाध्यक्ष पूजा, राखी, प्रियांशु, ज्योति गुप्ता, पूजा गुप्ता, ललितेश, खुशी पाल, कुमकुम, विनीत, यश, रमन, आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र की टीम ने नोएडा को हराया




**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पांचवीं** ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट में वाईसीए क्रिकेट अकादमी (कुरुक्षेत्रा) ने स्किल्ज क्रिकेट अकादमी (नोएडा) को 124 रन से हराया। यह मुकाबला रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली स्थित मैदान पर खेला गया।

बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था और वाईसीए (कुरुक्षेत्र) क्रिकेट अकादमी ओर स्किल्ज क्रिकेट अकादमी के साथ खेला गया। वाईसीए अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्यण लिया। वाईसीए टीम ने 40 ओवर में नौ विकेट पर 227 रन बनाए। टीम के बल्लेबाज संयम ने 37 रन, देव ने 35 रन, राजगुरू ने 31 रन बनाए। स्किल्ज क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाज कार्तिक दीक्षित, विकास ने 2-2 विकेट और हरीतिक ने एक विकेट लिया।

जवाब में स्किल्ज क्रिकेट अकादमी की टीम को 31.4 ओवर में विकेट 10 पर 103 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम के कार्तिक दीक्षित ने 18 रन, राजा रॉय ने 15 रन बनाए। वाईसीए के गेंदबाज प्रथम ने तीप विकेट, देव, राजगुरु ने 2-2 विकेट और खेमचंद, दक्ष और जतिन ने 1-1 विकेट लिए मैन ऑफ द मैच देव को दिया गया।

## बारात की चढ़त रोकने पर एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस ने महावतपुर गांव में कुछ दबंगों द्वारा पिछड़ी जाति की एक बारात रोकने के हंगामे के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना भूपानी क्षेत्र के गांव महावतपुर के एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत की थी कि 30 नवंबर की रात उसकी बेटी को ब्याहने आई बारात फिरनी पर जा रही थी, तो गांव के कुछ दंबगों ने बारात की चढ़त रोक दी। इस पर दलितों ने भूपाने थाने पर काफी हंगामा किया था। पुलिस ने अब एक आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। उसने बारात के आगे ट्रेक्टर अड़ा दिया था। पुलिस ने ट्रेक्टर भी बरामद कर लिया है।

### हवलदार निलंबित

**सूबे** सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त केके राव ने भूपानी थाने के एक हवलदार को बहादुर सिंह को निलंबित कर दिया है। उसके खिलाफ एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह रिश्वत की बात कर रहा है। अब मामले की जांच एसीपी सेंट्रल करेंगे।

# हम छत्तीसगढ़ की तरह ही झारखंड को भी बदल देंगे: राहुल गांधी

## ●सिमडेगा की चुनावी रैली में राहुल ने कहा, कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी तो माफ होगा किसानों का कर्ज

**भाषा।** सिमडेगा (झारखंड)



सिमडेगा (झारखंड) की चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते राहुल गांधी

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज यहां वादा किया कि झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा और साथ ही उन्होंने पड़ोसी छत्तीसगढ़ की तरह ही राज्य में बदलाव की बात कही। झारखंड भी छत्तीसगढ़ की तरह एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहां पिछले साल कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई थी। झारखंड विधानसभा चुनावों में अपनी पहली रैली के दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता में आने के एक साल के भीतर ही कांग्रेस सरकार ने राज्य की तस्वीर बदल दी है।

गांधी कहा, छत्तीसगढ़ में जब भाजपा सरकार थी, तब आदिवासियों से जमीन ली गई और उद्योगपतियों को दी गई। हम वहां आदिवासी विधेयक, वन अधिकार कानून लाए, और भाजपा के गलत कामों को ठीक किया। इतिहास में पहली बार टाटा से जमीन वापस ली गई और आदिवासियो को दी गई। उन्होंने कहा, जहां भी भाजपा की सरकार है, वहां उद्योगपतियों को आसानी से जमीन मिल जाती है, लेकिन किसानों और आदिवासियों को धान की वाजिब कीमत नहीं मिलती। हमने छत्तीसगढ़ में धान किसानों के लिए सही कीमत सुनिश्चित की और कांग्रेस के शासन वाले राज्यों में कर्ज माफ किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि कांग्रेस गठबंधन की राज्य में सरकार बनी तो वह छत्तीसगढ़ की ही तरह गरीबों और आदिवासियों की जमीन उन्हें लौटाएगी और किसानों का कर्जा माफ करेगी। उन्होंने साथ ही आरोप लगाया कि केन्द्र की भाजपा सरकार आम जनता के हित में नहीं, बल्कि उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है। गांधी ने कहा कि आज देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उद्योग बंद हुए हैं, उससे लोगों के रोजगार चले गए और इस स्थिति को बदलने के लिए गरीबों की जेब में पैसा डालना होगा।

उन्होंने कहा, जैसे ही हम किसानों का ऋण माफ करेंगे, वह बाजार से सामान खरीदना प्रारंभ करेगा तो उद्योग फिर से चल निकलेंगे और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यही विचार कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में न्याय योजना की बात की थी। गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया, यह नरेन्द्र मोदी की सरकार नहीं है। यह अंबानी और अडाणी की सरकार है। इसका लक्ष्य गरीबों का पैसा लेकर अंबानी और अडाणी की जेब में डालने कहा है। उन्होंने आरोप लगाया, आपके मनरेगा का, भोजन के अधिकार का, गरीबों को दिए जाने वाले अनाज का, जो पैसा बंद किया गया है, वह सब सीधा इन्हीं उद्योगपतियों की जेब में जाता है। आपको एक रुपया भी नहीं मिलता है। गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को देश के 20-25 सबसे बड़े उद्योगपति मिलकर चला रहे हैं। झारखंड में विधानसभा चुनाव 20 दिसंबर तक चलेंगे और 23 दिसंबर को मतगणना होगी।

## भाजपा ने किया दावा: फ्लॉप रही राहुल गांधी की रैली

**रांची (भाषा)।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण उरांव ने सोमवार को सिमडेगा में हुई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की रैली को फ्लॉप बताया है। उरांव ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल की सिमडेगा में हुई रैली फ्लॉप रही है। उन्होंने राहुल गांधी से पूछा कि आखिर क्या बात है कि वह केवल सिमडेगा, खूंटी और कोलेबिरा क्षेत्र में ही जाते हैं? उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में ही राहुल को अचानक खूंटी, सिमडेगा क्यों याद आ गया? उन्होंने कहा कि राहुल आखिर पहले चरण में क्यों नहीं आए? उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है कि राहुल जी को डर सताता है कि इन क्षेत्रों के अलावा और अन्य क्षेत्रों में जाएंगे तो भीड़ जुटानी मुश्किल हो जाएगी। उरांव ने कहा कि यह कांग्रेस के दोहरे चरित्र को दर्शाता है। उन्होंने कांग्रेस नेता से जानना चाहा कि वह अपने आप को किसी वर्ग विशेष का नेता समझते हैं या आम जनों का नेता? उन्होंने कहा कि अगर राहुल खुद को आम जनों का नेता समझते हैं तो इन क्षेत्रों को छोड़कर दूसरे क्षेत्र में जाने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पाते? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज भी तुष्टीकरण की राजनीति से उबर नहीं पा रही है। उरांव ने कहा की राहुल की रैली में कांग्रेस के नेताओं ने भारी भीड़ आने का दावा किया था लेकिन खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली स्थिति हो गई। उन्होंने दावा किया कि कुछ सौ लोग ही सभा स्थल तक पहुंचे और उन्हें भी जबरदस्ती लाया गया था।

## मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री के जल्द ठीक होने की कामना की

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के अपने समकक्ष के पी शर्मा ओली की हालिया सर्जरी के बाद उनके जल्द ठीक होने की कामना की और आगे इलाज के लिए हर संभव सहायता की पेशकश की। आधिकारिक सूत्रों ने इस बारे में बताया है। गुर्दा संबंधी दिक्कतें बढ़ने के बाद ओली (67) ने पिछले सप्ताह एपेंडिसाइटिस की सर्जरी कराई थी।

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने ओली को एक पत्र में आगे किसी भी चिकित्सीय मदद और परामर्श के लिए भारत के लोगों और सरकार की ओर से हर संभव सहायता की पेशकश की है। ओली ने दोनों किडनी के काम नहीं करने के बाद 2007 में भारत में किडनी का प्रतिरोपण कराया था। उसके बाद से स्वास्थ्य जांच के लिए वह विदेश के अस्पताल जाते रहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने पत्र में ओली के शीघ्र और पूरी तरह ठीक होने की कामना की।



*राजा-रानी की जोरदार अगवानी: नई दिल्ली। स्वीडन के राजा कार्ल सोलहवें गुस्ताफ तथा रानी सिल्विया ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सोमवार सुबह पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे शाही जोड़े का यहां राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने राजा गुस्ताफ और रानी सिल्विया की प्रधानमंत्री के साथ तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजा कार्ल सोलहवें गुस्ताफ और रानी सिल्विया का नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के लिए स्वागत किया।*

## ई सिगरेट को प्रतिबंधित करने वाले विधेयक को संसद की मंजूरी मिली

**भाषा।** नई दिल्ली

**ई सिगरेट** को प्रतिबंधित करने वाले विधेयक को सोमवार को संसद से मंजूरी मिल गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन द्वारा राज्यसभा में पेश इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, भंडारण और विज्ञापन) प्रतिषेध विधेयक, 2019 को उच्च सदन ने चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा से यह विधेयक गत सप्ताह ही पारित हो चुका है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए डा. हर्षवर्धन ने कहा कि दुनिया की तमाम अग्रणी तंबाकू कंपनियों ने भारत में युवाओं और किशोरों को लक्षित करते हुए ई सिगरेट उत्पाद उतारने की तैयारी कर ली थी। उन्होंने कहा, देश की युवा शक्ति को इस खतरे से बचाने के लिए एक जिम्मेदार सरकार होने के नाते हमने इस पर प्रतिबंध लगाया है।



उन्होंने कहा कि अग्रणी तंबाकू कंपनियां अलग अलग नाम से बाजार में ई सिगरेट का कारोबार कर रही हैं और इनमें से कई नामी कंपनियों ने भारत में इन उत्पादों को पेश करने की तैयारी कर ली थी। डा. हर्षवर्धन ने कहा, यह सही है कि भारत में कुल आबादी के करीब 0.2 प्रतिशत लोगों द्वारा ही ई सिगरेट का इस्तेमाल करने का अनुमान है। लेकिन हाल ही में दिल्ली के स्कूलों के औचक निरीक्षण में बच्चों के बैग से ई सिगरेट के इस्तेमाल में काम आने वाले 150 वेपिंग डिवाइस पाए गए। आसन्न संकट की इस आहट को महसूस करते हुए सरकार का मानना है कि युवा वर्ग खास तौर पर इस खतरे की जद में हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक दिखने की निशानी के तौर पर पेश की जा रही ई सिगरेट को इसके आकर्षक डिजाइन, सघन मार्केटिंग और इसके विज्ञापनों में ग्लैमर का तड़का लगाकर इसे बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इसके हानिकारक प्रभाव से युवाओं को बचाना जरूरी है। तंबाकू कंपनियों के दबाव में ई सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के विपक्षी दलों के सदस्यों की शंकाओं को निराधार बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सर्जन होने के नाते उन्होंने स्वयं तंबाकू जनित बीमारियों के मरीजों का इलाज किया है इसलिए उन्हें इसकी गंभीरता का अहसास है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसी तरह के दबाव में आए बिना यह फैसला किया है।

## अस्पताल को मृतका के परिजन को पांच लाख का मुआवजा देने का आदेश

**कोलकाता (भाषा)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक निजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को उस लड़की के परिजन को एक पखवाड़े के अंदर पांच लाख रुपया बतौर मुआवजा देने का आदेश दिया है जिसकी मौत अस्पताल में गलत तरीके से आपरेशन के कारण हुई थी। लड़की के परिजन को पांच लाख रुपया मुआजवा देने के पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य आयोग के आदेश को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने अस्पताल के अधिकारियों को 15 दिन के भीतर मुआवजे का भुगतान करने का आदेश दिया।

गौरतलब है कि 14 साल की किशोरी को गॉलब्लैडर में पथरी होने के बाद शहर के दक्षिण पूर्व स्थित इस अस्पताल में 18 मार्च को भर्ती कराया गया था और आपरेशन के दो महीने बाद लड़की की मौत हो गई। अस्पाल पर गलत तरीके से आपरेशन करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य आयोग का रुख किया।



**सब लेफ्टिनेंट शिवांगी बनीं नौसेना की पहली महिला पायलट**

**कोच्चि (भाषा)।** सब लेफ्टिनेंट शिवांगी परिचालन प्रशिक्षण पूरा कर सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल होने वाली पहली महिला पायलट बन गईं। बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली शिवांगी नौसेना के डोर्नियर निगरानी विमान को उड़ाएंगी। प्रवक्ता ने यहां बताया कि नौसेना दिवस के दो दिन पहले बल में शामिल होने वाली शिवांगी प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट बन गई हैं।

## रेलवे का परिचालन अनुपात 10 वर्षों में सबसे खराब: कैग

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रेल का परिचालन अनुपात (ओआर) वित्त वर्ष 2017-18 में 98.44 प्रतिशत दर्ज किया गया जो पिछले 10 वर्षो में सबसे खराब है। यह बात नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट से सामने आई है। इसके साथ ही कैग ने सिफारिश की है कि रेलवे को आंतरिक राजस्व बढ़ाने के लिए उपाय करने चाहिए ताकि सकल और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों पर निर्भरता कम की जा सके। रेलवे में इस परिचालन अनुपात (ओआर) का तात्पर्य यह है कि रेलवे ने 100 रूपए कमाने के लिए 98.44 रुपए व्यय किए। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रेल का परिचालन अनुपात वित्त वर्ष 2017-18 में 98.44 प्रतिशत रहने का मुख्य कारण संचालन व्यय में उच्च वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रेल का कुल व्यय 2016-17 में 2,68,759.62 करोड़ रूपए से 2017-18 में बढ़कर 2,79,249.50 करोड़ रूपए हो गया। जबकि पूंजीगत व्यय 5.82 प्रतिशत से घटा है और वर्ष के दौरान राजस्व व्यय में 10.47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया है कि कर्मचारी लागत, पेंशन भुगतानों और रोलिंग स्टाक पर पट्टा किराया के प्रतिबद्ध व्यय 2017-18 में कुल संचालन व्यय का लगभग 71 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया है कि रेल का सबसे बड़ा संसाधन माल भाड़ा है और उसके बाद अतिरिक्त बजटीय संसाधन और यात्री आय है। यद्यपि अतिरिक्त बजटीय संसाधन और डीजल सेस की हिस्सेदारी 2017..18 में बढ़ गई है। कैग की रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि रेलवे को आंतरिक राजस्व बढ़ाने के लिए उपाय करने चाहिए ताकि सकल और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों पर निर्भरता रोकी जा सके। इसमें सिफारिश की गई है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान रेल द्वारा वहन किए गए पूंजीगत व्यय में कटौती हुई है।

## निवेश बढ़ाने के लिए की गई कॉरपोरेट कर में कटौती दिखने लगा है शुरुआती सुधार: सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि कॉरपोरेट कर में कटौती का मकसद नया निवेश आकर्षित करना और रोजगार पैदा करना है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में शुरुआती संकेत मिलने लगे हैं। कई विदेशी और घरेलू कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई है। लोकसभा में कराधान अधिनियम संशोधन विधेयक, 2019 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि प्रत्यक्ष कर संग्रह में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि नवंबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह पांच प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने इन आशंकाओं को खारिज किया कि कॉरपोरेट कर की दर में कटौती के बाद राजस्व संग्रह प्रभावित होगा।



अर्थव्यवस्था में सुस्ती को लेकर चिंता के बीच वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार आगे बढ़कर अर्थव्यवस्था के समक्ष आ रही चुनौतियों से निपट रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर दरों में कटौती का मकसद कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाना नहीं है। इसके पीछे मकसद पूरे उद्योग जगत को फायदा पहुंचाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि लोग सरकार से नया निवेश करने के लिए संपर्क कर रहे हैं। इससे देश में और रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी और भविष्य में देश को विनिर्माण हब बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कर की दर में कटौती का राजस्व संग्रह पर प्रभाव 1.45 लाख करोड़ रुपए का होगा लेकिन इससे एक साल के अंदर और अधिक कोष लाने में मदद मिलेगी। चर्चा के बाद लोकसभा में विधेयक ध्वनि मत से पारित हो गया। इसने अध्यादेश का स्थान लिया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में नवंबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में पांच प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों को देखा जाए तो वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में प्रत्यक्ष कर संग्रह अधिकतम रहता है। नवंबर में जीएसटी संग्रह का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। एक जुलाई, 2017 को जीएसटी के अस्तित्व में आने के बाद यह तीसरा सबसे उंचा मासिक संग्रह का आंकड़ा है। उन्होंने अर्थव्यवस्था में नरमी की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जबकि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत पर आई है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2012-13 में भी जीडीपी की वृद्धि दर पांच प्रतिशत से कम रही थी, लेकिन बाद में यह बढ़ गई थी।

## बिल्डरों को दिया गया 1,000 करोड़ का कर्ज भारी दबाव में

**भाषा।** नई दिल्ली

**बैंकों,** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) द्वारा रीयल एस्टेट कंपनियों को दिया गया 14 अरब डॉलर यानी करीब 1,000 करोड़ रुपए का कर्ज भारी दबाव में है और इसकी ब्याज, किस्त के भुगतान में समस्या आ सकती है। एनारॉक की एक रिपोर्ट में यह विचार व्यक्त किया गया है। एनारॉक ने बयान में कहा कि बैंकों, एनबीएफसी और एचएफसी द्वारा रीयल एस्टेट क्षेत्र को करीब 93 अरब डॉलर का कर्ज दिया गया है। इसमें से करीब 62 प्रतिशत या 58 अरब डॉलर पूरी तरह दबावमुक्त है। रिपोर्ट कहती है कि इसमें से 22 प्रतिशत या 21 अरब डॉलर के कर्ज पर कुछ दबाव है लेकिन इसका हल हो सकता है। इसमें कहा गया है कि रीयल एस्टेट क्षेत्र से मुख्य रूप से ब्याज की वसूली दबाव में है, मूल राशि नहीं।

## सेवाकाल में दिव्यांग हुए सैन्यकर्मियों को ही मिलेगी आयकर से मुक्ति

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि दिव्यांग पेंशन में आयकर से राहत उन्हीं सैन्यकर्मियों को मिलेगी जो सेवाकाल के दौरान ही अक्षमता के शिकार हुए हों। सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में बताया कि रक्षा मंत्रालय ने दिव्यांग पेंशन के बारे में वित्त मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगा था। इस बारे में वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय प्रत्यक्षकर बोर्ड की ओर से स्पष्टीकरण मंत्रालय को मिल गया है। उन्होंने कहा, जहां तक दिव्यांग पेंशन में आयकर से छूट का सवाल है तो मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह राहत उन्हीं सैन्यकर्मियों को मिलेगी जो सेवा के दौरान अक्षम हुए हों। इससे जुड़े एक पूरक प्रश्न के जवाब में सिंह ने कहा कि सरकार सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव उपाय कर रही है।

### भरोसा है कि कॉर्पोरेट सेक्टर पूर्व सैनिकों के लिए खुले दिल से योगदान करेगा : राजनाथ



**नई दिल्ली (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि उन्हें भरोसा है कि कॉर्पोरेट सेक्टर और धनाढ्य लोग पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (डीईएसडब्ल्यू) के कोष में खुले दिल से योगदान देंगे। सात दिसंबर को यहां सशस्त्र झंडा दिवस से पूर्व एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोगों ने उदारतापूर्वक भारत के वीर कोष के लिए धन दिया है और जब उन्होंने गृह मंत्री का पद छोड़ा था तब इसमें करीब 300 करोड़ रुपए थे। सिंह ने कहा, मैं आपसे अनुरोध नहीं कर रहा, बल्कि मुझे भरोसा है कि जब राष्ट्रीय गर्व की बात आएगी तो आप (कॉर्पोरेट क्षेत्र) अच्छा-खासा योगदान देंगे। कॉर्पोरेट क्षेत्र के कई प्रतिभागियों ने कल्याणकारी गतिविधियों के लिए डीईएसडब्ल्यू फंड में मौके पर ही योगदान दिया।



सूरत में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपानी का किया गया स्वागत

# एससी-एसटी क्रीमी लेयर को आरक्षण से बाहर रखने के मामले में कोर्ट से पुनर्विचार का आग्रह

● पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने 2018 में अपने फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के समृद्ध लोग यानी क्रीमी लेयर को कॉलेज में दाखिले तथा सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता



**भाषा** । नई दिल्ली

**केंद्र** ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के समृद्ध तबके (क्रीमी लेयर) को आरक्षण के लाभ से बाहर रखने संबंधी शीर्ष अदालत का 2018 का फैसला पुनर्विचार के लिए सात सदस्ईय संविधान पीठ को सौंपा जाए। पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने 2018 में अपने फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के समृद्ध लोग यानी क्रीमी लेयर को कॉलेज में दाखिले तथा सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता।

शीर्ष अदालत ने जरनैल सिंह प्रकरण में कहा था कि संवैधानिक अदालतें आरक्षण व्यवस्था पर अमल के दौरान समता का सिद्धांत लागू करके आरक्षण के लाभ से ऐसे समूहों या उप-समूहों के समृद्ध तबके को शामिल नहीं करके अपने अधिकार क्षेत्र में होंगी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने केन्द्र की ओर से अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल के इस कथन का संज्ञान लिया कि क्रीमी लेयर को आरक्षण के लाभ से बाहर रखने का सिद्धांत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों पर लागू नहीं किया जा सकता।

वेणुगोपाल ने कहा, यह बहुत ही भावनात्मक मुद्दा है। मैं चाहता हूं कि यह पहलू सात न्यायाधीशों की वृहद पीठ को सौंपा जाए क्योंकि क्रीमी लेयर का सिद्धांत इन श्रेणियों पर लागू नहीं किया जा सकता। यह सिद्धांत आरक्षण का लाभ नहीं देने के लिए वंचित तबकों के समृद्ध लोगों के बीच विभेद करता है और इस समय यह इन्दिरा साहनी प्रकरण में नौ सदस्ईय संविधान पीठ के फैसले के आलोक में पिछड़े वर्गों पर लागू होता है। समता आन्दोलन समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण ने अटार्नी जनरल के इस कथन का विरोध किया।

पीठ ने इस पर दो सप्ताह बाद सुनवाई की तारीख निर्धारित करते हुए आरक्षण नीति में बदलाव के लिए राष्ट्रीय समन्वय समिति के अध्यक्ष ओ पी शुक्ला और पूर्व आईएएस अधिकारी एम एल श्रवण की याचिका पर केन्द्र और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को नोटिस जारी किए। इस जनहित याचिका में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जरूरतमंद और पात्रता रखने वाले सदस्यों की पहचान करने और लगातार यह लाभ प्राप्त कर रहे लोगों को इससे अलग करके उचित अनुपात में आरक्षण का लाभ देने का अनुरोध किया गया है।

याचिका में कहा गया है कि सरकार ने अभी तक अनुसूचित जाति और जनजातियों के समुदायों में क्रीमी लेयर की पहचान नहीं की है जिसका नतीजा यह हुआ है कि इन्हीं समूहों के वंचित सदस्यों की कीमत पर इनके समृद्ध लोग लगातार आरक्षण का लाभ प्राप्त करते आ रहे हैं। याचिका के अनुसार उनका मामला सरकारी नौकरियों और सार्वजनिक शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए आरक्षण तक ही सीमित है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल सितंबर में अपने फैसले में अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्यों के लिए सरकारी नौकरियों में पदोन्नति के मामले में आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त किया था। न्यायालय ने कहा था कि राज्यों के लिए इन समुदायों में पिछड़ेपन को दर्शाने वाले आंकड़े एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है।

## बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा करेगी महाराष्ट्र सरकार : ठाकरे

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन समेत राज्य में चल रही सभी विकास परियोजनाओं की समीक्षा के आदेश दिए हैं। बुलेट ट्रेन परियोजना को किसानों और आदिवासियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा जिनकी भूमि अधिग्रहित की जानी है। उन्होंने रविवार देर रात यहां पत्रकारों से कहा, यह सरकार आम आदमी की है। जैसा कि आपने अभी पूछा, हां, हम बुलेट ट्रेन (परियोजना) की समीक्षा करेंगे। क्या मैंने आरे कार शेड की तरह बुलेट ट्रेन परियोजना को रोका है? नहीं। ठाकरे ने बताया कि उनकी सरकार राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र भी लाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जिस पर करीब पांच लाख करोड़ रुपए का कर्ज है वह किसानों का बिना शर्त कर्ज माफ करने को लेकर प्रतिबद्ध है। यह घोषणाएं तब की गई है जब एक दिन पहले शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस की ठाकरे के नेतृत्व वाले महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) ने 288 सदस्ईय राज्य विधानसभा में 169 विधायकों के समर्थन से विश्वास मत जीत लिया। ठाकरे ने कहा कि राज्य में पूर्ववर्ती भाजपा नीत सरकार की जो प्राथमिकताएं थीं, उन्हें हटाया नहीं गया है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रतिशोध की राजनीति नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में ठंड ने पकड़ा जोर, लेह में शून्य से 14.4 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचा पारा



मनाली जिले के अंजनी महादेव में सोमवार को ताजा बर्फबारी के बाद पहाड़ी पर खेलते हुए पर्यटक

● सोमवार को लेह में तापमान शून्य से 14.4 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया

**भाषा** । जम्मू

**केन्द्रशासित** प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में ठंड के जोर पकड़ने के साथ ही पारा तेजी से नीचे गिरा है। यहां लेह सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है, जहां सोमवार को तापमान शून्य से 14.4 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया।

मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर में शनिवार को सीजन की सबसे ठंडी रात रही और पारा औसत के मुकाबले 1.6 डिग्री सेल्सियस और गिरकर शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया। उत्तरी कश्मीर का गुलमर्ग, घाटी का सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है, जहां तापमान शून्य से सात डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है। हालांकि, सुबह जम्मू और कश्मीर दोनों जगह सूरज दिखाई दिया।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पारा करीब एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। कुपवाड़ा में पारा शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू में तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वहीं कटरा में पारा सात डिग्री सेल्सियस रहा।

## क्विक न्यूज

### चार साल में बाघों की संख्या 750 बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बाघ संरक्षण अभियान के बारे मे सोमवार को राज्यसभा मे बताया कि पिछले चार साल के दौरान देश मे बाघो की संख्या मे 750 का इजाफा हुआ है। जावड़ेकर ने प्रश्नकाल मे एक सवाल के जवाब मे बताया कि देश मे अब बाघों की संख्या बढ़कर 2976 हो गई है। वन्य जीवों की वायरस की वजह से मौत से जुड़े एक पूरक प्रश्न के जवाब मे उन्होने कहा कि शेर, हाथी और गैडा भारत की विशिष्ट संपदा है। अगर किसी जानवर की वायरस के कारण मौत का मामला संज्ञान मे आता है तो इसकी तुरंत जांच की जाती है। पूर्वोत्तर राज्यो मे वन क्षेत्र मे गिरावट से जुड़े पूरकप्रश्न के जवाब मे जावड़ेकर ने कहा कि इन राज्यो मे झूम खेती की विशिष्ट परेशानियां हरित क्षेत्र मे गिरावट की वजह हो सकती है। हालांकि इन राज्यो मे 75 प्रतिशत से अधिक वनक्षेत्र बरकरार है। उल्लेखनीय है झूम खेती मे बड़े पेड़ो को काटकर जमीन साफ करके खेती की जाती है। उन्होने बताया कि अगले महीने देश के हरित क्षेत्र के ताजा आंकड़े प्रकाशित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 2007 से 2017 के दौरान देश के वनक्षेत्र मे 17,374 वर्ग किमी का इजाफा हुआ था। इसमे 2015 से 2017 के दौरान 6,788 वर्ग किमी की वृद्धि हुई थी। देश का कुल वन क्षेत्र 7.08 लाख वर्ग किमी है जो कि कुल क्षेत्रफल का 21.54 प्रतिशत है।

### एएमयू के निर्माण में राजा महेंद्र प्रताप के योगदान को रेखांकित करने की जरूरत

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा मे बीजू जनता दल के एक सदस्य ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए जमीन देने वाले राजा महेद्र प्रताप के योगदान को भी रेखांकित करने की मांग की। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए बीजद के बी महताब ने कहा कि अलीगढ़ के राजा महेद्र प्रताप ने एएमयू के निर्माण के लिए 99 एकड़ जमीन दी थी लेकिन आज इस केंद्रीय विश्वविद्यालय मे उनके योगदान का कही विवरण नही मिलता और ना ही उनका कोई पोट्रेट मिलता है। उन्होने कहा कि एक दिसंबर को राजा महेद्र प्रताप का 130वां जन्मदिन था और इस अवसर पर केंद्र सरकार को एएमयू मे उनके योगदान को रेखांकित करने पर ध्यान देना चाहिए। शून्यकाल मे भाजपा की मीनाक्षी लेखी ने हैदराबाद दुष्कर्म और हत्या कांड का उल्लेख करते हुए मांग की कि ऐसे अपराधो को अंजाम देने वालो के प्रोफाइल पर शोध होना चाहिए।

### मानहानि मामले में लालू की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी 20 जनवरी तक टली

**पटना (भाषा)।** पटना की एक विशेष अदालत ने चारा घोटाला मामले मे सजायाफ्ता और राजद प्रमुख लालू प्रसाद के खिलाफ मानहानि के एक मामले मे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उनकी पेशी अब 20 जनवरी तक के लिए टाल दी है। लालू वर्तमान मे रांची के एक अस्पताल मे इलाज करा रहे हैं। शिकायतकर्ता और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य उदय कांत मिश्र द्वारा दायर मानहानि के एक मामले मे गत 18 नवंबर को लालू के खिलाफ पेशी वारंट जारी किया गया था। अदालत ने बिरसा मुंडा जेल अधिकारियो से इस मामले मे लालू को दो दिसंबर को पेश करने को कहा था। विशेष अदालत के न्यायाधीश राजीव नयन ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 जनवरी निर्धारित की है।




पटना में सोमवार को हैदराबाद बलात्कार के मामले में न्याय की मांग को लेकर नर्सों ने नारे लगाए

# महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने में राज्यों के साथ केंद्र भी नाकाम : अनुप्रिया पटेल

**भाषा** । नई दिल्ली

**सत्तारूढ़** राजग में सहयोगी अपना दल (एस) ने हैदराबाद सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटना की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने में राज्य सरकारें और यहां तक कि केंद्र सरकार भी पूरी तरह नाकाम रही हैं और इस मामले में सरकार को कड़ा संदेश देना होगा।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस विषय को रखते हुए अपना दल की अनुप्रिया पटेल ने हैदराबाद की घटना पर तेलंगाना सरकार के रवैए को दुखद बताया और कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री ने फास्ट ट्रैक अदालत के गठन की घोषणा में तीन दिन लगा दिए। उन्होंने कहा कि देश में बार-बार दुष्कर्म और निर्मम हत्याओं की घटनाएं घटती हैं



और हर बार सदन इन पर चर्चा करता है तथा एक आवाज में खड़ा होकर मांग करता है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर रोक लगे।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहीं पटेल ने कहा, लेकिन कहीं ना कहीं मुझे लगता है कि हमारी राज्य सरकारें और यहां तक कि केंद्र सरकार भी इस मामले में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। हम देश की आधी आबादी को सुरक्षित रखने में सक्षम हैं, यह कड़ा संदेश हम नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस मामले में कड़ा संदेश देने की जरूरत है।

### महिला अपराधों के लिए इंटरनेट सामग्री भी जिम्मेदार: मंत्री

**जयपुर ( भाषा )।** राजस्थान के एक मंत्री ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ बलात्कार जैसे अपराधों के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध (अश्लील) सामग्री भी जिम्मेदार है और इस पर पर रोक लगनी चाहिए। ऊर्जा मंत्री बी डी कल्ला ने कहा कि इस तरह की आपत्तिजनक सामग्री लोगों को बिगाड़ रही है। उन्होंने यहां कहा, मोबाइल पर जो चीजें परोसी जा रही हैं उस कारण नई पीढ़ी समझ नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि जब भी इस तरह की घटना होती है तो सरकार उचित कार्रवाई करती है लेकिन इस तरह के अपराधों के पीछे लोगों की कुत्सित मानसिकता है और इसके लिए इंटरनेट जिम्मेदार है। इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री लोगों की मानसिकता खराब कर रही है। उन्होंने मोबाइल पर ऐसी अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री की उपब्धता पर रोक लगाने की वकालत की और कहा, मोबाइल वगैरह में इंटरनेट के माध्यम से जो सामग्री परोसी जा रही है उस पर केंद्र सरकार को तुरंत रोक लगानी चाहिए। राजस्थान के टोंक में छह साल की एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद मंत्री का यह बयान आया है।

## हिन्दी सहित भारतीय भाषाओं का गूगल में सर्च प्रतिशत 2019 में बढ़कर 20 फीसद हुआ

**भाषा** । भोपाल

**गूगल** ने दावा किया है कि हिन्दी सहित भारतीय भाषाओं के अनुकूल सॉफ्टवेयर विकसित करने के चलते गूगल ने भारत में अपनी पहुंच का अच्छा खासा विस्तार किया है।

गूगल इंडिया की सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर निधि गुप्ता ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि वर्ष 2014 में गूगल में जहां भारतीय भाषाओं का सर्च मात्र दो प्रतिशत था वहीं वर्ष 2019 में यह बढ़कर 20 फीसद हो गया। भारत में वॉइस सर्चिंग 270 प्रतिशत प्रतिवर्ष की रफ्तार से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि गूगल ने 2014 में वॉइस सर्च सुविधा हिन्दी में प्रारंभ की थी जबकि अंग्रेजी में वॉइस सर्च की सुविधा 2008 से उपलबध है।

गुप्ता ने बताया कि एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 46 करोड़ है और भारत में ऑनलाइन आने वाले उपयोगकर्ताओं में से आज 10 में से 9 भारतीय भाषा के हैं। उन्होने बताया कि वर्तमान में भारत में 38 करोड़ से 40 करोड़ लोग स्मार्ट फोन उपयोग करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि हिन्दी सहित भारतीय भाषाओं में इंटरनेट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने वर्ष 2014 में वॉइस सर्च इन हिन्दी, वर्ष 2016 में सर्च रिजल्ट पेज पर हिन्दी टैब, वर्ष 2017 में क्रोम में न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन इन क्रोम, वर्ष 2017 में गूगल असिस्टेंट तथा 2018 में नवलेखा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उपरोक्त साफ्टवेयर के माध्यम से गूगल की पहुंच हिन्दी सहित भारतीय भाषाओं में बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि विश्व में गूगल असिस्टेंट सॉफ्टवेयर का सबसे अधिक उपयोग हिन्दी में किया जाता है।

# 35 साल बीतने के बावजूद इलाज के लिए जूझ रहे हैं पीड़ित

**भाषा** । भोपाल

भोपाल गैस कांड

**विश्व** की भीषणतम औद्योगिक त्रासदियों में शामिल भोपाल गैस कांड के 35 साल गुजर जाने के बाद भी पीड़ितों को इलाज के लिए जूझना पड़ रहा है। गैस कांड पीड़ितों के लिए बनाए गए अस्पतालों में मनोरोगी चिकित्सकों की कमी, नेफ्रोलॉजी एवं पल्मोनरी मेडिसिन जैसे विभिन्न विभागों के बंद हो जाने एवं स्वास्थ्य शोध न कराए जाने के कारण इन लोगों को अपने इलाज के लिए जूझना पड़ रहा है।

इस त्रासदी के पीड़ितों के लिए लंबे समय से काम कर रहे भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने सोमवार को बताया, केन्द्र द्वारा संचालित भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर की हालत से ही गैस पीड़ितों की सेहत को लेकर सरकारी लापरवाही का जायजा लिया जा सकता है। पिछले कई सालों से इस अस्पताल में नेफ्रोलॉजी, पल्मोनरी मेडिसीन, सर्जिकल ग्रैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और ग्रैस्ट्रो मेडिसिन के विभाग बंद पड़े हैं।

उन्होंने कहा, पिछले सात सालों में केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य शोध विभाग द्वारा संचालित इस अस्पताल में एक भी शोध नहीं हुआ है। दूसरी तरफ आईसीएमआर के भोपाल स्थित केन्द्र की 16 नई शोध परियोजनाओं में से मात्र तीन का ही गैस कांड से कोई सम्बध है।

इसी बीच, इन पीड़ितों के लिए काम करे रहे एक अन्य संगठन भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन की सदस्य रचना ढींगरा ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास विभाग द्वारा संचालित 6 अस्पतालों में हर रोज 4000 से अधिक मरीज इलाज कराने आते हैं। इनमें से पांच अस्पतालों में पिछले 19 सालों से एक भी मानसिक रोग चिकित्सक नहीं रहा। ढींगरा ने इस गैस कांड के पीड़ितों के इलाज के साथ-साथ आर्थिक एवं सामाजिक पुनर्वास में केन्द्र तथा मध्यप्रदेश की सरकारों पर लापरवाही करने का आरोप लगाया।

## मध्य प्रदेश में किसानों की हालत चिंताजनक : भाजपा

**भाषा** । भोपाल

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को दावा किया कि मध्य प्रदेश में किसानों की हालत चिंताजनक है और कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में पिछले 11 महीनों में 150 किसानों ने खुदकुशी की है।

भाजपा ने मांग की है कि प्रदेश सरकार को किसानों की हालत सुधारने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करने चाहिए। प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता गोपाल भार्गव ने पत्रकार वार्ता में दावा किया, हमारे द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में पिछले 11 माह में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से 150 किसानों ने खुदकुशी की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के पिछले सत्र में यह बात कही गई थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में किसानों की हालत ऐसी हो गई है कि उन्हें बुआई के लिए न तो बीज मिल रहा है और न ही खाद। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में कुप्रबंधन के कारण किसानों को ऋण नहीं मिल पा रहा है।

भार्गव ने कहा कि हमारी मांग है कि प्रदेश सरकार किसानों की दुर्दशा पर ध्यान दे और उन्हें अपनी फसल बोने के लिए बीज, खाद और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार को दोष देना बंद करना चाहिए कि वह इसके लिए प्रदेश सरकार की मदद नहीं कर रही है। भार्गव ने कहा, पिछले साल हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस के आने के बाद महज 10 दिन में किसानों को दो लाख रुपए तक की कर्ज माफी देने की घोषणा की थी।

# राज्यसभा में उठा निजी अस्पतालों में इलाज के महंगे खर्च का मुद्दा

**भाषा** । नई दिल्ली

**राज्यसभा** में सोमवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने निजी अस्पतालों में इलाज के महंगे खर्च, रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति में कमी और असम में बाढ़ के कारण काजीरंगा अभयारण्य में हुए नुकसान सहित लोकमहत्व से जुड़े अलग अलग मुद्दे उठाए और सरकार से इनके समाधान की मांग की।

शून्यकाल में भाजपा की संपतिया उइके ने निजी अस्पतालों में इलाज के महंगे खर्च का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन अस्पतालों में इलाज कराने गए मरीजों को बिलों के भुगतान के लिए कर्ज लेने और अपनी संपत्ति बेचने तक के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को रियायती दरों पर जमीन देती हैं और अन्य सरकारी सुविधाएं भी उनको मिलती हैं। लेकिन इलाज के खर्च को लेकर निजी अस्पतालों की मनमानी जारी है। संपतिया ने सरकार से निजी अस्पतालों में इलाज के महंगे खर्च पर लगाम कसने की मांग की। विभिन्न दलों के सदस्यों ने उनके इस मुद्दे से स्वयं को संबद्ध किया।

शून्यकाल में ही भाजपा के हरनाथ सिंह यादव ने रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के लगातार इस्तेमाल के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति में कमी आने और उसके जैविक गुण नष्ट होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के लगातार इस्तेमाल के कारण मिट्टी जहरीली हो रही है, नाइट्रोजन, पोटाश और फास्फोरस का संतुलन बिगड़ रहा है और इसकी वजह से कैंसर तथा अन्य खतरनाक बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने सरकार से जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा प्रत्एक विकास खंड पर मिट्टी परीक्षण केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की।

यादव के इस मुद्दे से विभिन्न दलों के सदस्यों ने स्वयं को संबद्ध किया। भाजपा के कामाख्या प्रसाद तासा ने असम में आई बाढ़ के कारण काजीरंगा अभयारण्य को हुए नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की वजह से न केवल अवसंरचना को नुकसान हुआ बल्कि वहां के कई पशुओं की जान भी चली गई। सपा के जावेद अली खान ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के किनारे करीब 300 एकड़ जमीन को वर्ष 2020 में होने जा रहे डिफेन्स एक्स्पो के लिए चिह्नित किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि डिफेन्स एक्स्पो दो साल में एक बार आयोजित किया जाता है।

## अरुण शौरी को बेहोश होकर गिरने से सिर में आई चोट, अस्पताल में भर्ती

**पुणे ( भाषा )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रख्यात पत्रकार अरुण शौरी बेहोश होकर गिर गए जिसके कारण उनके सिर में मामूली चोट आई। शौरी को पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज कर रहे एक चिकित्सक ने सोमवार को बताया कि 78 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री रविवार देर रात बेहोश हो गए जिसके बाद उन्हें यहां के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि गिरने के कारण शौरी के सिर में मामूली चोट आ गई थी। चिकित्सक ने बताया, सभी आवश्यक जांच कर ली गई हैं और उनके स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है। वह होश में हैं। शौरी भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं। वह 1999-2004 में अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में मंत्री थे। वह विश्व बैंक के साथ 1967-78 के बीच बतौर अर्थशास्त्री भी जुड़े रहे। शौरी इंडियन एक्सप्रेस में संपादक भी रह चुके हैं।

# कानून की सख्ती के बावजूद कम नहीं हुई सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या : सरकार

**भाषा** । नई दिल्ली

**सरकार** ने सोमवार को माना कि मोटर वाहन कानून को सख्ती के साथ लागू किए जाने के बावजूद देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या में कमी नहीं आई।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि पिछले साल जनवरी से सितंबर की तुलना में इस साल सितंबर तक सड़क हादसों में 2.2 प्रतिशत की कमी आई है लेकिन इन हादसों में मरने वालों की संख्या 0.2 प्रतिशत बढ़ गई है। पूरक प्रश्नों के जवाब में गडकरी ने उच्च सदन को बताया, सड़क हादसों के आज आंकड़े देखने के बाद मुझे दुख से कहना पड़ता है कि अभी भी सड़क हादसों और मरने वालों की संख्या में कोई ज्यादा फर्क नहीं आया है।



गडकरी ने इसके लिए सड़क इंजीनियरिंग संबंधी खामियों को प्रमुख वजह बताते हुए कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार और सड़क हादसों वाले ब्लैक स्पॉट की पहचान कर इन्हें दुरुस्त करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सात सात हजार करोड़ रुपए की दो परियोजनाएं विश्व बैंक और एशिया विकास बैंक (एडीबी) को सौंपी है। उन्होंने कहा कि संशोधित कानून में यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना राशि में भारी इजाफे का उद्देश्य राजस्व प्राप्त करना नहीं बल्कि 25 साल पहले निर्धारित जुर्माना राशि को समयानुकूल बनाते हुए लोगों को कानून के पालन के प्रति जागरुक बनाना है। उल्लेखनीय है कि संशोधित मोटर वाहन कानून इस साल एक सितंबर से लागू हुआ था।

गडकरी ने तमिलनाडु में सड़क हादसों में 29 प्रतिशत कमी आने का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून को कारगर तरीके से लागू करने के लिए तमिलनाडु का मॉडल अनुकरणीय है और अन्य राज्यों से भी इसे अपनाने का अनुरोध किया गया है। वाहन की कीमत से अधिक जुर्माना वसूलने के प्रावधानों पर सवाल खड़े वाले एक पूरक प्रश्न के जवाब में गडकरी ने कहा कि संशोधित कानून में जुर्माना संबंधी प्रावधानों को समवर्ती सूची के तहत निर्धारित किया गया है इसलिए राज्य अपनी सहूलियत से जुर्माने की राशि का निर्धारण कर सकते हैं।

# हैदराबाद बलात्कार कांड

## व्यवस्था में समग्र सुधार आवश्यक

**कानून** चाहे जो हो, कोई उसके पालन की चिन्ता नहीं करता है। हर बलात्कार अत्यधिक अमानवीय है, पर आघात व पीड़ा की शाब्दिक प्रतीकवादी प्रतिक्रिया से आगे कुछ नहीं होता है। जनता ऐसी हर घटना पर गुस्सा होती है, पर इससे हमारे दृष्टिकोण, व्यवहार व सोच में परिवर्तन नहीं होता है। कई बार हम बहानों की तलाश करने लगते हैं, जैसे क्या लड़की का रात के समय अकेले बाहर जाना ठीक था? क्या सड़क वीरान थी? क्या पुलिस की गश्त नहीं हो रही थी? हैदराबाद में एक्सप्रेसवे पर एक टोल प्लाजा के निकट चार ट्रक कर्मियों ने 27 वर्षीय पशु चिकित्सक से जघन्य बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी। तेलंगाना के गृह मंत्री ने लड़की की आपात प्रतिक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसने अपनी बहन के बजाय पुलिस को क्यों नहीं फोन किया। लेकिन उन्होंने भयभीत पीड़िता की मन:स्थिति नहीं समझी। राज्य पुलिस की ढीलीढाली प्रतिक्रिया को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। पीड़िता के परिवारी सदस्यों को साढ़े नौ बजे हुई घटना की रिपोर्ट लिखाने में कठिनाई हुई और राज्य पुलिस की दो शाखायें क्षेत्राधिकार में उलझ गईं। अंतत: 3 बजे सवेरे रिपोर्ट दर्ज की गई और पुलिस ने महत्वपूर्ण समय गंवा दिया। बलात्कार की घटना साइबराबाद पुलिस थाने के निकट होना और निन्दनीय है। दुर्भाग्य से घटना को सांप्रदायिक रंग देते हुए कहा गया कि इसकी योजना 'मुस्लिम बहुत शम्साबाद' में बनाई गई, जबकि सारे आरोपी नारायनपेट जिले के थे। गैर-जिम्मेदारी की इसी भावना से अपराधियों को बढ़ावा मिलता है। उसी दिन निकट ही एक और महिला की जली लाश




बरामद हुई। तमिलनाडु के नवेली जिले में एक 32 वर्षीय विधवा से पांच लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया। रांची में एक विधि छात्रा के साथ 12 लोगों ने उच्च-सुरक्षा वाले क्षेत्र में सामूहिक बलात्कार किया। हालांकि, इस मामले में सारे आरोपियों को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन बड़ा सवाल है कि उनमें से कितनों को सजा मिलेगी। राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे चार अपराधों में केवल एक अपराधी को ही सजा मिलती है।

अपराध की कुल घटनाओं में बलात्कार मामले 11.5 प्रतिशत हैं। 2012 में निर्भया मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया था और इसने सांसदों को दंड व्यवस्था को और कठोर बनाने पर मजबूर किया था। संसद ने कानून में महत्वपूर्ण संशोधन कर 'बलात्कार' की परिभाषा बदलते हुए फास्ट-ट्रैक अदालतों तथा अपराधी को मृत्यु दंड समेत कठोर दंड की व्यवस्था की। लेकिन हैदराबाद की घटना से स्पष्ट है कि मृत्यु दंड की सजा के कारण समस्या गंभीर हो सकती है क्योंकि अपराधी अब प्रमाण नष्ट करने के लिए पीड़ितों की हत्या कर देते हैं। यह सजा अपराध रोकने में भी सफल नहीं रही है। यदि फास्ट-ट्रैक व्यवस्था को मजबूत कर जल्दी न्याय सुनिश्चित किया जाए तो व्यवस्था में अपराध रोकने का प्रतिरोधक विकसित किया जा सकता है। अपराधियों को सजा मिलने की दर में भी वृद्धि के प्रयास होने चाहिए। वर्तमान समय में फास्ट-ट्रैक अदालतें सामान्य अदालतों से अलग नहीं हैं क्योंकि वहां भी मामले लंबित रहते हैं तथा जजों के पद खाली हैं। जजों की उपयुक्त संख्या वाली त्वरित, निष्पक्ष व पूर्वाग्रह-विहीन न्यायपालिका जरूरी है। एक-दो उल्लेखनीय फैसलों के बजाय समुचित प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था अपराध रोकने में ज्यादा सहायक हो सकती है। एक्सप्रेसवे पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की गश्त बढ़ाई जानी चाहिए। महिला-सुरक्षा के लिए तकनीक का प्रयोग भी होना चाहिए।

# सर्वोच्च न्यायालय का सराहनीय कदम

सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक आदेश देते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश कार्यालय को सूचना अधिकार कानून के अंतर्गत ला दिया है। इससे यह कानून मजबूत हुआ है तथा ज्यादा पारदर्शिता की उम्मीद बनी है।



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
लेखक लोकप्रिय आरटीआई एक्टिविस्ट हैं)

भारत के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने उल्लेखनीय फैसला देते हुए प्रधान न्यायाधीश कार्यालय-सीजेआई को सूचना अधिकार कानून-आरटीआई के अंतर्गत ला दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला अपने ही केन्द्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी-सीपीआईओ की याचिका पर दिया जो पारदर्शिता के युग में मील का एक पत्थर है। इस निर्णय को हाल ही में दिए एक और निर्णय के साथ जोड़ा गया है जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने 17 सितंबर को डीएवी कालेज ट्रस्ट व प्रबंधन सोसाइटी को सूचनाधिकार कानून के अंतर्गत सार्वजनिक अधिकारी घोषित किया था क्योंकि इसमें बड़ी मात्रा में सरकारी फंडिंग है। इस निर्णय के दूरगामी सकारात्मक प्रभाव होंगे।




यह आदेश एक उदाहरण सामने रखता है जिससे ऐसी अनेक संस्थाओं को आरटीआई कानून के दायरे में लाया जा सकता है, जबकि वे लंबे समय से इसका विरोध कर रही थीं। इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर गौर किया जा सकता है। एनडीडीबी सहायक कंपनियां: केन्द्र सरकार ने संसद में दिए एक जवाब में खुलासा किया था कि उसने राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड-एनडीडीबी को सलाह दी है कि वह केन्द्रीय सूचना आयोग-सीआईसी के 15 अप्रैल, 2011 के निर्णय का पालन करे। इसे दिल्ली उच्च नयायालय की एकल सदस्यीय पीठ ने यही ठहराया था जिससे मदर डेरी आरटीआई कानून के दायरे में आ गई थी। मदर डेरी ने इस फैसले के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच में अपील की थी।

हालांकि, एनडीडीबी की सभी सहायक कंपनियां आरटीआई कानून के दायरे में आनी चाहिए, पर अधिकांश लोग और सरकारी अधिकारी भी इस तथ्य से अपरिचित है कि एनडीडीबी को नियामक संस्था के रूप में अपनी सभी सहायक कंपनियों के बारे में सूचना आरटीआई कानून की धारा 2एफ के अंतर्गत देना अनिवार्य है।

आईबीपीएस: तत्कालीन सीआईसी प्रमुख आरके माथुर ने अपने फैसले में कहा था कि इंस्टीट्यूट आफ बैंकिंग पर्सोनेल सेलेक्शन-आईबीपीएस आरटीआई कानून के अंतर्गत सार्वजनिक अधिकरण है। हर साल चार मिलियन उम्मीदवार इसके द्वारा संचालित परीक्षाओं में शामिल होते हैं।

***इफ्को:*** विशाल सहकारी संगठन इफ्को ने नई दिल्ली में अपनी सैकड़ों करोड़ की प्राइम संपत्तियां अपने पदाधिकारियों को सौंप दी हैं। यहां तक कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में इसके कामकाज में भयानक अनियिमितताओं का संकेत किया है।

***बीसीसीआई:*** बोर्ड आफ क्रिकेट कंट्रोल इन इंडिया-बीसीसीआई ने सीआईसी के उस फैसले को मद्रास उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी जिसमें उसने इसे आरटीआई कानून के दायरे में ला दिया था, जबकि केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने सीआईसी फैसले का समर्थन किया था। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश आने के बाद केन्द्र ने विधि आयोगी की राय भी मांगी थी। उसने अपनी राय में समर्थन किया है कि बीसीसीआई को सूचना अधिकार कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए।

***भूमि एवं निर्माण विभाग:*** केन्द्र व राज्यों के सभी ऐसे सरकारी विभागों को भूमि आबंटन या सस्ती दरों पर भूमि आबंटन या पट्टे पर देने के सभी मामलों को आरटीआई कानून के अंतर्गत सार्वजनिक अधिकरण घोषित करना चाहिए। इसके साथ ही उनसे इस बारे में एक अंडरटेकिंग ली जानी चाहिए।

कानून की धारा 8-1जे का दायरा मजबूत करना: सर्वोच्च न्यायालय ने 13 नवंबर के फैसले में महत्वपूर्ण सिद्धान्त प्रतिपादित करते हुए कानून की धारा 8-1जे का दायरा मजबूत किया है जिसका संबंध व्यक्तिगत सूचना से है। निसंदेह अन्य सभी कानूनों की तरह आरटीआई कानून का भी दुरुपयोग हो रहा है जिसके कारण सर्वोच्च न्यायालय ने इतना विस्तृत फैसला दिया है। लेकिन इस फैसले में प्रतिपादित सिद्धान्तों को केवल न्याय व्यवस्था के बजाय हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की अन्य शाखाओं पर भी लागू किया जाना चाहिए।

उदाहरण के लिए इस फैसले में न्यायपालिका के कामकाज में निगरानी बढ़ा कर आरटीआई दुरुपयोग रोकने का प्रयास किया गया है। हालांकि, सभी सार्वजनिक अधिकरणों में आरटीआई दुरुपयोग रोकने का प्रयास होना चाहिए, पर यह खासकर संवेदनशील संस्थानों जैसे प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति सचिवालय, रक्षा मंत्रालय व विदेश मंत्रालय के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। फीस एकरूपता से रुक सकता है दुरुपयोग: आरटीआई कानून का दुरुपयोग एक बड़ी चुनौती बन गया है जिसके लिए केन्द्र को कानून में संशोधन के बजाय घोषणायें करनी चाहिए। आरटीआई कानून की धारा 27 व 28 सक्षम अधिकारियों तथा राज्य सरकारों को अपने कानून बनाने के लिए सक्षम करती है जिसमें आरटीआई फीस निर्धारित करना तथा उसके भुगतान का तरीका सुनिश्चित करना शामिल है। लेकिन अनेक सक्षम अधिकारियों व राज्यों ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए मनमाने ढंग से फीस बढ़ाई है, जिसका लक्ष्य इसके प्रयोग को हतोत्साहित करना है। अनेक राज्यों ने प्रथम अपील के लिए भी फीस निर्धारित की है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने कामन काज़ की याचिका पर फैसला देते हुए फीस निर्धारित की है। भारत को कम से कम आरटीआई फीस व इसके भुगतान के तरीके में 'एक देश एक नियम' का सिद्धान्त लागू करना चाहिए। आईडी प्रूफ को अनिवार्य बनाएं: रेलवे बोर्ड ने आरटीआई प्रार्थनापत्रों के साथ आईडी प्रूफ लगाना अनिवार्य कर दिया है ताकि दूसरों के नाम से फर्जी प्रार्थनापत्रों पर रोक लगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग-डीओपीटी को एक सर्कुलर जारी कर हर आरटीआई प्रार्थना, प्रथम अपील व दूसरी अपील या सूचना आयोग से शिकायतों के साथ आईडी प्रूफ अनिवार्य कर देना चाहिए। ओडिशा ने इसे लागू किया है। जो लोग अपनी पहचान उजागर नहीं करना चाहते हैं वे पोस्ट बाक्स के माध्यम से प्रार्थनापत्र दे सकते हैं।

कुछ एनजीओ व आरटीआई एक्टिविस्ट यह गलत तर्क देते हुए आईडी प्रूफ लगाने का विरोध कर रहे हैं कि इससे प्रार्थी की पहचान उजागर हो जाएगी। प्रार्थनापत्रों से प्रार्थी का नाम व उसका पता उजागर होना चाहिए। आईडी प्रूफ प्रार्थी की वास्तविकता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इससे विदेशी प्रार्थनापत्र नहीं दे सकेंगे क्योंकि आरटीआई कानून, 2005 केवल भारतीय नागरिकों के लिए है। आईडी प्रूफ न होने पर अधिकारी भारतीय नागरिकों तथा दूसरे देशों की नागरिकता ले चुके भारतीय मूल के लोगों के बीच अंतर नहीं कर सकेंगे।

आरटीआई स्टाम्पों की जरूरत: सरकारी विभागों के पूर्णत: नकदी विहीन होने के कारण राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण-एनजीटी जैसे कार्यालयों ने पैसा लेना बंद कर दिया है और वे आरटीआई प्रार्थियों से 10 रुपये फीस का पोस्टल आर्डर लगाने को कह रहे हैं। अनेक पोस्ट आफिस पोस्टल आर्डर नहीं बेचते हैं, जबकि पार्लियामेंट स्ट्रीट हेड पोस्ट आफिस समेत अनेक पोस्ट आफिस पोस्टल आर्डर की बिक्री केवल 4 बजे सायं तक करते हैं। इससे लोगों को असुविधा होती है। इसके अलावा अधिकांश सार्वजनिक अधिकरण अलग-अलग नामों से पोस्टल आर्डर मांगते हैं, जबकि डाक एवं तार विभाग आरटीआई भुगतान के लिए पोस्टल आर्डर केवल एकाउंट आफिसर के नाम से जारी करता है। इससे मामला और जटिल हो जाता है।

इस समस्या से निपटने का सर्वोत्तम उपाय सीआईसी की यह संस्तुति स्वीकार करना है कि डाक विभाग 2, 10 व 50 रुपये के विशेष आरटीआई स्टांप उसी प्रकार जारी करे जैसे पहले रेडियो व टीवी की लाइसेंस फीस के लिए प्रयोग होते थे। इन स्टांपों की बिक्री न केवल पोस्ट आफिसों और सरकारी विभागों, बल्कि अन्य सुविधाजनक बिक्री केन्द्रों पर की जा सकती है। मुफ्त आरटीआई प्रार्थनापत्र: केन्द्रीय सार्वजनिक अधिकारियों को मुफ्त आरटीआई प्रार्थनापत्र देने की सुविधा का विस्तार वर्तमान समय में केवल 4,500 पोस्ट आफिसों में उपलब्ध है जिसका विस्तार सभी 1,60,000 पोस्ट आफिसों में किया जाना चाहिए। यह कठिन नहीं है क्योंकि कोई पोस्ट आफिस चाहे जितना छोटा हो रोज एक मेल बैग मुख्यालय भेजता है। इस मेल बैग में मुफ्त आरटीआई प्रार्थनापत्र भी हो सकते हैं। यदि आरटीआई की मूल फीस बढ़ा कर 50 रुपये की जाती है तो 50 रुपये के विशेष आरटीआई लिफाफे को आरटीआई स्टांप के साथ शुरू किया जा सकता है जो अधिकारियों को भुगतान का प्रमाण भी होगा।

प्रार्थनापत्रों पर उत्तर के स्वत: ई-मेल: आनलाइन प्रार्थनापत्र देने के पोर्टल में परिवर्तन कर आरटीआई प्रतिक्रिया तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों के आदेश स्वत: ई-मेल किए जा सकते हैं। इससे प्रार्थी को अपने जवाब जानने के लिए पोर्टल पर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। प्रतिक्रियाओं की ई-मेल पर एसएमएस भेजने की व्यवस्था भी हो सकती है।

दिल्ली आरटीआई, 2001 की फौरन वापसी: अनिल दत्त शर्मा बनाम एनसीटी दिल्ली सरकार मामले में अदालत ने उल्लेख कियाथा कि आरटीआई कानून, 2005 दिल्ली के आरटीआई कानून, 2001-डीआरटीआई एक्ट को समाप्त कर देगा क्योंकि यह उसके पूरे विधायन क्षेत्र को आच्छादित करता है।

2005 का कानून पास होने के बाद निरर्थक बन चुके डीआरटीआई एक्ट को फौरन वापस लेने की मांग हो रही है। यह अपनी प्रासंगिकता पूरी तरह खो चुका है और इसके अंतर्गत कुछ ही प्रार्थनायें आ रही हैं। वास्तव में दिल्ली के अधिकांश सरकारी कार्यालय इसके प्राविधानों से पूर्णत: अपरिचित हैं तथा इसके अंतर्गत आने वाले प्रार्थनापत्र निपटाने का ढांचा सार्वजनिक संसाधनों की पूरी तरह बरबादी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जिम्मेदार अधिकारी इस बात पर गौर करेंगे।

# गिग अर्थव्यवस्था में कर्मचारी हित संरक्षण

> क्योंकि और अधिक बिजनेस प्रक्रियाएं भविष्य में स्वचालित हो जाएंगी, ऐसे में बहस का विषय यह होगा कि स्वतंत्र कर्मचारियों के हितों का संरक्षण कैसे हो।



**मीनल शर्मा जगताप**
(लेखिका प्रबंधन एवं वाणिज्य प्रोफेसर हैं)

जिस तरह चौथी औद्योगिक क्रांति कार्य एवं नौकरियों के भविष्य में क्रांतिकारी बदलाव लाने की तैयारी में है, एक शब्द जिसका आमतौर पर प्रयोग किया जाता है वह है ''गिग अर्थव्यवस्था।'' 'गिग' का अर्थ है अल्पकालीन नौकरी अथवा कार्य। स्मार्टफोन, तीव्र गति इंटरनेट नेटवर्क एवं अन्य प्रौद्योगिकियों का परिणाम ऐसी बहुत सी कम्पनियों के उभार के रूप में सामने आया है जो प्लेटफार्म आधारित सेवाएं मुहैया कराने की पेशकश करती हैं और कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए लोगों को तैनात करती हैं साथ ही कार्य पूर्ण होने के अनुरूप पैसा देती हैं। उदाहरण के लिए, बहुत से ऐप आधारित सेवा मुहैया कराने वाले प्लेटफार्म जैसे उबर, ओला, ज़ोमैटो, स्विगी, अर्बनक्लैप आदि लोगों को उत्पाद/सेवाएं मुहैया कराने के लिए सेवा के अवसर प्रदान करती हैं तथा कार्य पूर्ण होने, सेवा प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या अथवा कार्य के घंटों के आधार पर आर्थिक प्रोत्साहन देती हैं।

इसके कुछ लाभ हैं और नुकसान भी। कामगारों के लिए, इसका अर्थ है 9 बजे से से 5 बजे तक की कार्य समयावधि से आजादी मिलना, जो काम के लिए दिए गए घंटों के अनुसार धन अर्जित करने का तरीका है। इसमें कम्पनियों को फायदा यह है कि वे ऐसे मानव संसाधनों को जोड़ने में सफल हो जाती हैं जिनका अन्यथा वो बोझ उठाने में समर्थ नहीं होतीं। यह भी कि प्रत्येक कार्य के लिए आवश्यक प्रतिभा को उसे साथ में बनाए रखे बगैर उपलब्ध श्रेष्ठ भंडार से प्राप्त किया जा सकता है। इसमें काफी हद तक लागत कम आती है क्योंकि फर्मों को पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फंड, बोनस आदि सुविधाएं कर्मचारियों को नहीं देनी पड़ती हैं। नियोक्ता द्वारा संविदाओं का उल्लंघन छोड़कर अन्य किसी भी तरह से कर्मचारियों का कोई अधिकार नहीं होता। यह एक बड़ी गिरावट है क्योंकि विनियमन पर किसी भी प्रकार संहिताबद्ध कानूनों की अनुपस्थिति में, कर्मचारी उत्पीड़न के शिकार आसानी से हो सकते हैं।

क्योंकि और अधिक बिजनेस प्रक्रियाएं भविष्य में स्वचालित हो जाएंगी, ऐसे में बहस का विषय यह होगा कि स्वतंत्र कर्मचारियों अथवा संविदाकर्मियों के तौर पर काम करने वाले हितों का संरक्षण कैसे हो, क्योंकि चौथी औद्योगिक क्रांति की बदौलत उद्योगों में कुछ प्रक्रियाएं तकनीकी आधारित होने के कारण, स्वचालित हो सकती हैं।

ऐसे लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, सरकारें उनकी पहचान कर्मचारियों के तौर पर निर्धारित किए जाने के तरीके अपना रही हैं, इस मामले में एक उदाहरण कैलीफोर्निया का है, जहां विधि निर्माताओं ने गिग अर्थव्यवस्था के कर्मियों को सेवारत कर्मचारियों का दर्जा दिए जाने हेतु एक विधेयक पारित किया है। भारत में भी, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा नई सामाजिक सुरक्षा संहिता का प्रारूपण किया जा रहा है जिसका उद्देश्य गिग कर्मचारियों के हितों की निगरानी करना है। गिग अर्थव्यवस्था, प्लेटफार्म अर्थव्यवस्था एवं साझीदारी अर्थव्यवस्था जैसे शब्द सरकार के दस्तावेजों में पहली बार नजर आ रहे हैं। हालांकि, भारत सदैव एक गिग अर्थव्यवस्था का उदाहरण रहा है। अथर्ववेद जैसे प्राचीन ग्रंथ हमे बताते हैं कि जब लोग कृषि गतिविधियों में शामिल नहीं होते थे तो कृषि के साथ-साथ, बढ़ईगीरी, बर्तन बनाने, आभूषण निर्माण, सिलाई आदि व्यवसायों में लिप्त रहते थे। वास्तव में, ये रोजगार या कौशल आधारित पेशे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक चलते रहे हैं, और इससे समाज में पेशा आधारित जातियों का गठन हुआ है।

ऐसे लोग भी थे जो सेवा प्रदाता बनकर समाज की आवश्यकताएं पूरी करते थे। पेशेवरों के अन्य समूह, जैसे चिकित्सक, पेशवर गायक, नर्तक, कुम्हार व अन्य उपकरणों का प्रयोग करने वाले लोग थे। इन पेशेवरों का समाज में पूरा सम्मान प्राप्त था और आसानी से उनके पेशे या कौशल को प्राचीन भारतीय समाज में सम्मान मिलता था। कौशल सीखने में उत्साह का परिचय दिया जाता था और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक यह कौशल स्थानांतरित होने के साथ ही नौजवान तबके में बिना किसी समस्या के कौशल विकास भी होता था। लेकिन, भारत के अंग्रेजों का गुलाम बन जाने के बाद ये लोग देश के प्रशासकों से सहायता लेने पर मजबूर हो गए। भारतीयों ने तथाकथित लिपिकीय नौकरशाही या श्वेतवसन कामगार बनने के प्रयास किए। धीरे-धीरे शिक्षित भारतीयों की दिलचस्पी परम्परागत कौशलों में नहीं रह गई और उन्होंने मान लिया कि केवल श्वेतवसन रोजगार ही समृद्ध जीवन का मार्ग दे सकते हैं। इसके कारण, एक समय स्वावलंबी रही अर्थव्यवस्था ऐसी अर्थव्यवस्था में बदल गई जो पश्चिमी विकास मॉडल के आधार पर विकसित होने का प्रयास कर रही थी। इनमें से कुछ प्रवृत्तियों के परिणाम हमारे सामने हैं।

वर्तमान समय में दुनिया में काम के बदलते भविष्य के अनेक आयाम हैं। दो आयाम, खासकर हमारे जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करते हैं। भविष्य में मानव कामगारों को एक साथ काम करना सीखना होगा तभी वे अपने सहकर्मियों के साथ मशीनों पर काम कर सकेंगे। वर्तमान समय की अनेक रोजगार भूमिकाएं भविष्य में निरर्थक हो जाएंगी क्योंकि मशीने इतनी सक्षम हो जाएंगी जो पहले मनुष्यों द्वारा किए जाने वाले काम को अपने हाथों में ले लेंगी। ऐसे में महत्वपूर्ण है कि सरकार नौजवानों में उभरते अच्छे काम की चुनौती के लिए तैयार रहे। उनको ऐसे कौशलों में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए जिनके औद्योगिक बाधाओं के बावजूद प्रासंगिक बने रहने की संभावना है।

यह सुनिश्चित होने के बाद रोजगार में विभिन्न प्रकार के लक्ष्य निर्धारित करना संभव हो जाएगा। अनुमान है कि कम्पनियां भविष्य में ऐसे लोगों को रोजगार देना पसंद करेंगी जो मूलत: मानवीय हस्तक्षेप के बजाए प्रक्रियाओं योगदान करते हुए मशीनों के साथ काम कर सकें तथा अल्पावधि के लिए काम करने को तैयार हों। वैश्विक स्तर पर यह कार्य संस्कृति विकसित हो रही है और गिब अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में योगदान कर रही है। लेकिन, अनुभव से हमें पता चलता है कि मनुष्यों द्वारा विकसित मशीनों से डरने की आवश्यकता नहीं है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे हमारे लिए खतरा बनने के बजाए सहायक बनी रहें।

## आप की बात

### मिलावटखोरी जोरों पर

**मिलावटखोरी** का गोरखधंधा वर्षों से देश में इसलिए भी फल-फूल रहा है, क्योंकि इन खाद्य पदार्थों का उत्पादन, वितरण एवं उपभोक्ता तक पहुंचने की जो श्रृंखला है उसमें परत दर परत कमीशनखोरी बनी हुई है। और अंतत: ठगा जाता है वह उपभोक्ता जो इन चीजों को खरीदने के लिए बाध्य है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों में मिलावट का यह गोरखधंधा लुबे समय से बदस्तूर जारी है। इन मिलावटखोरों को कानून के शिकंजे में इसलिए भी अधिकारी नहीं ला पा रहे हैं, क्योंकि उनके एक वर्ग को इन्हीं लोगों से साप्ताहिक पाक्षिक और मासिक रूप से धन की वसूली प्राप्त हो रही है। इसलिए वे जानबूझकर कुछ नहीं करना चाहते। जिस दिन भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी पर सक्ती से लगाम लगने लगेगी, उस दिन दुष्ट मिलावटखोरों पर भी नकेल लग जाएगी। इसलिए उपभोक्ता एवं ग्राहक को ना केवल जागरूक रहना है, बल्कि खाद्य सुरक्षा व आपूर्ति विभाग में भी यथासंभव शिकायत की वीडियो फोटो अप लोड करके भेजनी होगी। तभी जाकर हम अपनी और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ को रोकने में सहायक हो सकेंगे ,जिससे जीवन प्रत्याशा में वृद्धि होगी।

– **युगल किशोर शर्मा**, खांबी, फरीदाबाद

### जीडीपी दर पर कांग्रेसी हो-हल्ला

**वर्तमान** वर्ष की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि 4.5 प्रतिशत होते ही कांग्रेसी नेताओं ने आसमान सर पर उठा लिया है। मनमोहन सिंह ने इसे अस्वीकार्य बताया जिनक्शाक प्रधानमंत्रित्व के दौरान कम से कम 6 तिमाहियां ऐसी गुजरीं, जब जीडीपी 4.5 प्रतिशत से भी कम थी। 2011-12 की तीसरी तिमाही में यह दर केवल 2.8 रह गयी थी, यद्यपि पूरे वर्ष की दर 6.69 प्रतिशत थी। उन दिनों ऐसा शोर विपक्ष ने नहीं मचाया था। मनमोहन सिंह ने भी ख़ामोशी के साथ स्वीकार करते हुए चुप्पी साध ली थी। बाद में 2012-13 तथा 2013-14 की तो सालाना दर भी घटकर क्रमश: 4.47 व 4.74 पर आ पड़ी। तब अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री किधर थे? वैसे जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी के समय भारत की औसत वार्षिक दर 2.5 से 3 के बीच रहती थी। आबादी की वृद्धि का औसत भी करीब-करीब यही या इससे भी अधिक होने के कारण वास्तविक जीडीपी प्रति-व्यक्ति नकारात्मक रहती थी। कांग्रेसी आज उस पर गर्व करते हैं! नेहरू-इंदिरा के सम्बन्ध में कड़वी सच्चाइयां कोई बोल दे तो इन्हें मिर्ची लग जाती है। अब तो 4.5त्न के एकदम बाद नवम्बर में जीएसटी संग्रह का पुन: एक लाख करोड़ पार करना अर्थ-व्यवस्था के लिए आशावादी लक्षण है।

– **पूनम मित्तल**, मोहनपुरी, मेरठ

### देश में आर्थिक सुस्ती

**देश** में आर्थिक सुस्ती के कारण किसी से छिपे नहीं। इन कारणों में सबसे चिंताजनक यह तथ्य सामने आना है कि उपभोक्ता खर्च कम हो रहा है। यह कमी शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में हो रही है। इसका मतलब है कि लोग भविष्य को लेकर आशंकित हैं और बचत करना पसंद कर रहे हैं। इससे इनकार नहीं कि बीते दो-तीन महीनों में सरकार एक के बाद एक करीब दो दर्जन कदम उठा चुकी है और इनमें कुछ कदम ऐसे रहे जिन्हें क्रांतिकारी कहा गया, जैसे कॉर्पोरेट टैक्स दरों में व्यापक कटौती। इस कटौती से कॉर्पोरेट जगत को प्रोत्साहन तो मिला है, लेकिन इस तथ्य को ओझल नहीं कर सकते कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो भी कदम उठाए गए हैं, वे आपूर्ति बढ़ाने वाले हैं। ऐसे में सरकार को कुछ ऐसे भी उपाय करने चाहिए, जिससे मांग बढ़े। यह तभी होगा, जब उपभोक्ता अपना खर्च बढ़ाएंगे। उचित होगा कि कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती के बाद व्यक्तिगत आयकर दरों में कटौती करने के साथ अन्य वे उपाय किए जाएं, जिससे लोग खपत बढ़ाने को प्रेरित हों।

– **डॉ हेमंत कुमार**, भागलपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पंजाब** में जीएसटी संग्रह भारत में सबसे खराब है। सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए फर्जी अभियान चला रही है।

– **परमिंदर सिंह ढींढसा**
शिरोमणि अकाली दल नेता



**पंजाब** में वर्तमान बदहाली की जिम्मेदार दस साल चली शिअद-भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

– **सुनील जाखड़**
पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष



**छद्म**-युद्ध के लिए पाकिस्तान द्वारा आतंक के प्रयोग से स्पष्ट है कि वह भारत को परंपरागत या सीमित युद्ध में हराने में अक्षम है।

– **राजनाथ सिंह**
केन्द्रीय मंत्री

# भाजपा प्रत्याशी ने भरा पर्चा, निर्विरोध निर्वाचन तय

**राज्यसभा उपचुनाव**

## ● नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन केवल भाजपा प्रत्याशी ने ही भरा पर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरुण सिंह का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। निर्वाचन अधिकारी बृजभूषण दुबे ने सोमवार को बताया कि हाल में प्रदेश की रामपुर सीट से सपा विधायक चुनी गई तंजीन फातिमा के राज्यसभा से इस्तीफे के कारण रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन था और इस अवधि में सिर्फ भाजपा प्रत्याशी अरुण सिंह ने ही पर्चा दाखिल किया। उन्होंने बताया कि इस तरह अरुण का इस उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। वहीं सोमवार को अरुण ने तीन सेट में नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन के दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा दिनेश शर्मा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। लगभग 54 वर्षीय भाजपा महासचिव अरुण सिंह पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं और इस वक्त पार्टी की ओडिशा इकाई के प्रभारी भी हैं।

अरुण सिंह ने राज्यसभा के पर्चा दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लंबे समय तक बीजेपी के संगठन में मैंने काम किया है। पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम किया है। अब पार्टी ने मुझे राज्यसभा की जिम्मेदारी दी है उस पर भी पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा। जनता और आम लोगों के लिए भी अब काम करूंगा। इसके पूर्व पार्टी पदाधिकारियों के साथ राज्यसभा सदस्य के रूप में नामांकन दाखिल करने के लिए अरुण सिंह पार्टी के प्रदेश मुख्यालय से विधानसभा की ओर निकले। पार्टी के विधानमण्डल दल कार्यालय पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी राज्यमंत्री परिषद के सदस्य व विधायक गण उपस्थित हुए जो नामांकन के लिए साथ चले। अरुण सिंह के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर पाठक, गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्रियों में सुरेश खन्ना, डा महेन्द्र सिंह, आशुतोष टण्डन गोपाल, ब्रजेश पाठक , अनिल राजभर, उपेन्द्र तिवारी, अतुल गर्ग, रमाशंकर पटेल, राम नरेश अग्निहोत्री, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन था। नामांकन पत्र की जांच मंगलवार को होगी। नाम वापसी की आखिरी तारीख पांच दिसम्बर है।

## करोड़पति हैं राज्यसभा प्रत्याशी अरुण सिंह

पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ

**बीजेपी** के राज्यसभा प्रत्याशी अरुण सिंह करोड़पति हैं। उनके दिल्ली में विभिन्न बैंकों में खाते हैं साथ ही पत्नी मीनाक्षी सिंह के नाम से भी कई खाते हैं। इसके अतिरिक्त तहसील लालगंज जिला मिर्जापुर में खेती योग्य भूमि भी है जिसकी कीमत एक करोड़ से अधिक है। चुनाव आयोग को तीन सेटों में जमा किए गए नामांकन पत्र में दिए गए हलफ नामे में अरुण सिंह ने अपनी सम्पत्ति का जो ब्यौरा दिया है। उसके अनुसार उनके पास दिल्ली में जमीन है।

नोएडा के सेक्टर 14 में पत्नी मीनाक्षी सिंह के नाम पर चार हजार स्क्वायर फुट से अधिक का भूखंड है जिसकी कीमत चार करोड़ से अधिक है। लालपत नगर-3 में आफिस के लिए एक कार्यालय भी है जिसकी कीमत 35 लाख है। इसके अलावा उन्होंने अपना काफी धन म्युचल फंड में इन्वेस्ट किया हुआ है। अरुण सिंह के पास 92 लाख 68 हजार 533 रुपए तथा मीनाक्षी सिंह के पास 77 लाख 64 हजार 380 रुपए हैं जबकि तीन संतानों के पास करीब 27 लाख 88 हजार रुपए की चल सम्पत्ति है। भाजपा प्रत्याशी के पास दो करोड़ 90 लाख रुपए तथा मीनाक्षी सिंह के पास पांच करोड़ सात लाख 51 हजार 600 रुपए की अचल सम्पत्ति है। भाजपा प्रत्याशी ने कोई देनदारी नहीं है जबकि मीनाक्षी सिंह पर 32 लाख 50 हजार रुपए की देनदारी है।

दिल्ली में रहने वाले अरुण सिंह के पास अचल सम्पत्ति के तौर दिल्ली के मयूर विहार में एक 1350 स्क्वायर फिट का एक फ्लैट भी है जिसकी आज की कीमत एक करोड़ 85 लाख है। इसके साथ ही तीन लाख अस्सी हजार के सोने के सिक्के व आभूषण तथा 13 हजार पांच सौ रुपए के चांदी के आभूषण है। भाजपा प्रत्याशी के पास 60 हजार रुपए कीमत का 32 बोर का रिवाल्वर भी है। मीनाक्षी सिंह के पास 17 लाख 76 हजार के सोने के आभूषण तथा पांच लाख सात हजार छ सौ रुपए के चांदी के आभूषण व बर्तन हैं जबकि बच्चों के पास करीब 38 लाख रुपए के सोने के आभूषण व सिक्के हैं।

## पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये सरकार, जनाक्रोश स्वाभाविकः मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हैदराबाद** में महिला डॉक्टर के साथ रेप के बाद दरिंदगी पूर्वक की गयी निर्मम हत्या मामले पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि हैदराबाद में एक महिला डाक्टर के रेप व मर्डर की दरिंदगी के खिलाफ देश भर में फैला जन आक्रोश, यह बहुत ही स्वाभाविक है। उन्होंने घटना को अति-दु:खद और निंदनीय बताते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि दोषियों को यथाशीघ्र कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करके पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए।

## पांच नवसृजित जनपदों में जल्द स्थापित होंगे डायटः डॉ. द्विवेदी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा सतीश चन्द्र द्विवेदी ने प्रदेश के पांच नव सृजित जनपदों में शीघ्र डायट स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इन पांच जनपदों में अमेठी, कासगंज, गाजियाबाद, शामली एवं सम्भल शामिल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि डायट स्थापित करने का अनुमोदन भारत सरकार से प्राप्त हो चुका है, उसके सम्बन्ध में राज्य सरकार भारत सरकार के मध्य सम्यक समन्वय करते हुए डायट स्थापित किये जाएं। इसके साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार कर एक माह के अन्दर प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं।

सोमवार को निशातगंज स्थित एनसीईआरटी सभागार में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यों को सही ढंग से और ससमय में पूरा किया जाये। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के भवनों में पुरुष एवं महिला शौचालय की अलग-अलग बेहतर ढंग से व्यवस्था होनी चाहिए और उनकी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये, सभी जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों में एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर महिला छात्रावास की व्यवस्था की जाये। जिन चार डायट्स में सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण गतिमान नहीं है, उनकी मान्यता प्राप्त करने हेतु सम्यक कार्यवाही की जाए तथा इन संस्थानों में शैक्षिक क्रियाकलापों तथा सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित रूप से संचालित होने के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार करा ली जाए। डा. द्विवेदी ने आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान से अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु एक कार्ययोजना भी तैयार करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार राज्य हिन्दी संस्थान से हिन्दी एवं संस्कृत भाषा के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं सेमिनार आदि आयोजित करने के निर्देश दिये। राज्य शिक्षा संस्थान उप्र प्रयागराज को आंकाक्षी जनपदों की शैक्षिक स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिये। राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज को निर्देश दिये कि परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भी विज्ञान एवं गणित की जनपद स्तरीय/मण्डल स्तरीयध्राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता/प्रदर्शनी में सहभागिता सुनिश्चित की जाए। राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ को निर्देश दिये कि वह छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए दृश्य-श्रव्य सामग्री का विकास करें तथा सभी सम्बन्धित स्टेक होल्डर्स के लिए उपलब्ध करायें। डा द्विवेदी ने सुरक्षा एवं संरक्षा के विभिन्न आयामों बाढ़, अग्नि, भूकम्प, सर्पदंश आदि को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं सामग्री विकसित करने के निर्देश दिये एवं इनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एवं इससे जुड़ी संस्थायें पूरे एक वर्ष के कार्यों एवं शैक्षिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करते हुए 15 दिसम्बर 2019 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

## निष्कासित कमांडेट को एक दिन के लिए पुलिस कस्टडी में सौंपने का आदेश

विधि संवाददाता। लखनऊ

**होमगार्डों** का फर्जी तरीके से मस्टर रोल प्रमाणित कर दैनिक वेतन का भुगतान करने के मामले में आत्मसमर्पण करने वाले निष्कासित कमांडेट सुशील कुमार सिंह को अदालत ने एक दिन के लिए पुलिस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। कस्टडी रिमांड की यह अवधि तीन दिसंबर की सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रभारी सीजेएम सुदेश कुमार ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व गोमतीनगर के थाना प्रभारी अमित कुमार दूबे की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। विवेचक का कहना था कि 25 नवंबर को मुल्जिम सुशील कुमार सिंह इस मामले में आत्मसमर्पण कर न्यायिक हिरासत में जेल गया था। मैंने नियमानुसार जेल जाकर उसका बयान दर्ज किया। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल किया है। साथ ही होमगार्डों के मस्टर रोल पर अनाधिकृत रुप से प्रयोग की गई मोहरों को बरामद कराने की बात भी कही है। विवेचक का कहना था कि साक्ष्य के लिए इन मोहरों का बरामद होना अति आवश्यक है। लिहाजा इसका एक दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की जाए।

# सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाने में सक्रियता से करें काम

## ● उपमुख्यमंत्री ने सुनीं जनता की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विभागीय अधिकारी केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनओं को जनता तक पहुंचाने में सक्रियता से काम करें। उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं को प्रमुखता से लेते हुए उसका निस्तारण करें। उपमुख्यमंत्री ने यह निर्देश सोमवार को अपने सरकारी अवास पर जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को दिए। उपमुख्यमंत्री ने 7 कालीदास मार्ग अपने कैम्प कार्यालय पर प्रदेश के दूरदराज जिलों से आए विभिन्न लोगो की समस्याओं को उनसे सीधे संवाद करते हुये गम्भीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने जोर देते हुये कहा कि निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए ताकि किसी फरियादी को दुबारा उस समस्या के निदान हेतु परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। कहा कि अधिकारी शासन की मन्शा को समझें और सरकार की प्राथमिकताओं व जन आकांक्षाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। जनता दर्शन में आवास आवंटन, चिकित्सा सुविधा, भूमि विवाद आदि से सम्बन्धित विभिन्न मामले आये। जनता दर्शन मे अमरोहा, चित्रकूट, मऊ, फर्रूखाबाद, उन्नाव, बाराबंकी, लखनऊ, हाथरस, हरदोई, महोबा आदि विभिन्न जनपदो के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। अमरोहा के धर्मेन्द्र ने शिकायत की कि उनकी ग्राम पंचायत में साप्ताहिक बाजार में बिना आदेश के वसूली की जाती है, इस मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गये। चित्रकूट की ग्राम पंचायत उड़की माफी की प्रधान ने ग्राम पंचायत का सीज खाता खुलवाने का अनुरोध किया। प्रधान ने यह भी शिकायत की कि उनकी ग्राम सभा के पूर्व में किये गये भूमि के पट्टे नायब तहसीलदार द्वारा निरस्त कर दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी चित्रकूट को जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मऊ से आये बीर बहादुर ने कुछ सड़कों का लेपन कार्य कराये जाने के अनुरोध पर प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। फर्रुखाबाद की तारादेवी ने राशन की दुकान की बहाली कराने का अनुरोध किया। उन्नाव की रामादेवी ने खतौनी मे नाम दर्ज कराने के अनुरोध पर सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बाराबंकी के दिव्यांग व्यक्ति अंजनी कुमार ने आवास दिलाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। त्रिवेणी नगर, लखनऊ के रघुबीर प्रसाद ने कैंसर से पीड़ित अपने पुत्र के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## भाजपा राज में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



### ● किसी भी सभ्य समाज के लिए यह स्थिति अत्यंत सोचनीय और निदंनीय

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में महिलाएं और बेटिंया सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आलम ये है कि असुरक्षा का आंतक उनके साथ भय व आतंक बनकर चलता है। अखिलेश ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए यह स्थिति अत्यंत सोचनीय और निंदनीय है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में तो हालत दिन पर दिन खराब होते जा रहे हैं। हर दिन दुष्कर्म के काण्ड हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जंगलराज का शिकार हर बेटी हत्या प्रदेश में खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। समाजवादी सरकार में महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं रोकने के लिए 1090 योजना शुरू की गई थी। इस व्यवस्था को भाजपा सरकार ने शिथिल कर दिया है। अपराध नियंत्रण के लिए यूपी डायल 100 की व्यवस्था की गयी थी उसको भी भाजपा सरकार द्वारा 112 संख्या में बदलकर निष्प्रभावी बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मैनपुरी नवोदय विद्यालय में छात्रा की संदिग्ध मौत दो महीने पहले हुई लेकिन जांच कार्यवाही में लेट लतीफी हुई, सीतापुर में मछेरहटा के एक गांव में किशोरी से बंधक बनाकर दुराचार किया गया, आजमगढ़ में भी एक किशोरी से दुष्कर्म, सम्भल में कई दिन जीवन से संघर्ष के बाद रेप पीड़िता की मौत, हरदोई के सुरसा थाना क्षेत्र में 7 वर्ष की कक्षा 3 की छात्रा गांव में बारात देखने निकली थी, जो दुष्कर्म की शिकार हुई। अम्बेडकरनगर में मालीपुर थाना क्षेत्र में ननिहाल से लौट रही एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। प्रदेश के तमाम जनपदों से ऐसी ही घटनाएं सामने आई हैं। ये ताजा घटनाएं हैं जो दिल दहलाती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के निर्भया काण्ड से लेकर हैदराबाद बलात्कार व हत्या काण्ड में सरकारों का संवेदनहीन रवैया ही सामने आता है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने पर करोड़ों का बजट खर्च करने वाली सरकार क्या दिन या रात में बेटियों-बहुओं का घर से बाहर निकलना सुरक्षित नहीं बना सकती है, सरकार सुरक्षित व्यवस्था नहीं बना सकती हैं तो उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

## पराली जलाने की घटनाएं स्वीकार्य नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए डीएम व कप्तानों को दिए निर्देश

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए डीएम व कप्तानों को निर्देश दिया है कि पराली जलाने की घटनाओं को पूर्णत: न रोके जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन कड़ाई के साथ कराना सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। किसी भी हालत में पराली जलाने की घटना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि पराली का उपयोग गोवंश आश्रय स्थलों में चारे के रूप में कराने के प्रयास कराए जाएं। पराली जलाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी न होने पर सम्बन्धित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों सहित राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करायी जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि पराली जलाने से सम्बन्धित दर्ज एफ आईआर पर चार्जशीट शीघ्र लगाकर अग्रिम कार्रवाई करायी जाए। पराली को गड्ढो में डालकर डी-कम्पोस्ट की कार्यवाही भी किसानों के माध्यम से करायी जाए।

उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं से सम्बन्धित चिन्हित जनपदों को मंगलवार 12 बजे तक वास्तविक स्थिति से अवगत कराने तथा बुधवार तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं को कड़ाई से रोके जाने के लिए आवश्यक कार्यवाहियां प्राथमिकता से करायी जाएं अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियों के वेतन से आर्थिक दण्ड की वसूली कराये जाने के साथ-साथ उन्हें दण्डित किया जाएगा। किसी भी जनपद में पराली जलाने की रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों की जिम्मेदारी नियत कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नियमानुसार करायी जाएगी। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने यह भी निर्देश दिये कि आगामी शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए गोवंश आश्रय स्थलों में ठहरने वाले पशुओं के ठण्ड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थायें समय से करा ली जाएं ताकि ठण्ड के कारण किसी भी गोवंश की आकस्मिक मृत्यु कतई न होने पाये। उन्होंने नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए नालों से गन्दा पानी कतई न गिरने के लिये व्यापक कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने नवोदय, कस्तूरबा सहित आश्रम पद्धति विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक व्यवस्थायें समय से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि किसी भी छात्रा के साथ कोई भी अप्रिय घटना कतई न घटित होने पाये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के रहने वाले स्थानों, गर्ल्स हॉस्टलों में आने-जाने वाले व्यक्तियों, कर्मचारियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

# संसाधनों और विभागीय संरचनाओं में बढ़ोत्तरी से और बेहतर परिणाम आएंगे

## साइबर क्राइम बढ़ने के कारणों को समझने से समाधान ढूंढ़ना हो जाएगा आसान:डीजीपी

### ● पुलिस महानिदेशक ने साइबर क्राइम पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** ओपी सिंह ने पुलिस अधिकारियों को अपने कार्य में और अधिक गुणवत्ता लाने का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि हमारे अंदर व्यवसायिक दक्षता, सहायता की मंशा और इच्छाशक्ति का होनो अत्यंत जरूरी है। यदि हम अपने काम में व्यवसायिक दक्षता, सहायता करने की मंशा और सफल परिणाम देने की इच्छाशक्ति से काम करें तो पुलिस पर आम जनता के विश्वास में और अधिक वृद्धि होगी।

डीजीपी सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित साइबर क्राइम से संबंधित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने साइबर क्राइम मैन्युअल पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यशाला में प्रत्येक जोन, जिले तथा 149 थानों में बनायी गयी साइबर क्राइम टीम और साइबर स्पोर्ट टीम और विभिन्न्न इकाइयों से कुल 386 पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। डीजीपी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में साइबर क्राइम एक बड़ी चुनौती है। यही कारण है कि साइबर क्राइम की चुनौतियां बहुत विकराल हैं। चाहे कितनी भी बड़ी चुनौतियां रहीं हों लेकिन अभी तक के बहुत ही सीमित संसाधनों से पुलिस विभाग द्वारा बेहतर कार्य किया गया किन्तु जब संसाधनों और विभागीय संरचनाओं में संवर्धन होगा तब और बेहतर परिणाम आएंगे। प्रदेश में साइबर अपराध पंजीकरण की कार्रवाई काफी संतोषजनक है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने समय के साथ आने वाली चुनौतियों का हमेशा डटकर मुकाबला किया है और ऐसी संस्थाएं खड़ी की, जिनका लोहा पूरे देश ने माना है। संगठित अपराध के विरुद एसटीएफ, आतंकवाद के खिलाफ एटीएस, महिला सम्बन्धी अपराधों में 1090, थाना प्रबन्धन में सीसीटीएनएस, इमरजेंसी रिस्पांस में 112 तथा सोशल मीडिया में ट्विटर सेवा अपनी दक्षता और निरंतर परिणाम देने की क्षमता के लिए माने जाते हैं। इस श्रृंखला में अगला मील का पत्थर साइबर अपराध शाखा साबित होगी। डीजीपी ने कहा कि साइबर अपराध के बढ़ने के कारणों को यदि हम समझ लेंगे तो उसका समाधान ढूंढना आसान हो जाएगा। एक बहुचर्चित अपराध का सिद्धांत है जिसे 'सामान्य गतिविधि सिद्धांत' या रूटीन एक्टिविटी थ्योरी भी कहते हैं, इसके अनुसार अपराध को एक त्रिभुज के रूप में चित्रित किया जा सकता है, जिसके तीन साइड है-टारगेट(व्यक्ति जिसके साथ घटना होगी), क्रिमिनल (एक अपराध के लिए प्रेरक व्यक्ति) तथा अपार्च्युनिटी (अपराध का स्थान अथवा अवसर)। रूटीन एक्टिविटी थ्योरी के अनुसार यदि किसी अपराध पर नियंत्रण पाना है तो त्रिभुज की कम से कम दो भुजाओं टारगेट तथा अपार्च्युनिटी पर काम करना अधिक लाभदायक सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश पुलिस इस ओर गंभीरता से अग्रसर है। हमने पांच स्तंभों को मजबूत करने की रणनीति बनाई है-सुदृढ़ संस्था, आधारभूत संरचना, तकनीक, सहभागिता और कौशल विकास। अंत में डीजीपी ने कहा कि कि आपको यदि सफल होना है तो विशेषज्ञ बनना पड़ेगा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बेसिक साइबर ज्ञान की आधारशिला पर विधिक प्रावधानों, महिला एवं बाल संबंधी अपराधों, बैंकिंग फ्रॉड तथा डिजिटल स्पेस की अन्य चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी को जानकारी दी गयी। यूपी 112 स्थित लैब में सीसीपीडब्लूसी योजना के अन्तर्गत लगातार तीन दिवसीय व पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें 45 न्यायायिक अधिकारी, 72 निरीक्षक, 230 उपनिरीक्षक, 8 मुख्य आरक्षी व 295 आरक्षी तथा 5 कम्प्यूटर आपरेटर सहित कुल 753 अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। भविष्य में चिन्हित पुलिस कर्मियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों में भेजा जाना प्रस्तावित है।

## प्रदेश के 425 ब्लॉकों में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● साढ़े छह लाख से ज्यादा का होगा टीकाकरण

**मातृ**-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सोमवार से सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का शुभारंभ प्रदेश के 425 ब्लॉकों में किया गया। यह अभियान चार चरणों में चलाया जायेगा। अभियान के अंतर्गत 66283 सत्रों का आयोजन कर 558350 बच्चों एवं 130757 गर्भवती महिलाओं को प्रतिरक्षित करने हेतु लक्ष्य विभाग स्तर पर निर्धारित किया गया है। सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का प्रत्येक चरण माह के प्रथम सोमवार से 7 दिवसों हेतु बुधवार, शनिवार एवं अवकाशों को छोड़कर संचालित किया जायेगा। प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देवेश चतुर्वेदी के मुताबिक सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 अभियान का उद्देश्य टीकाकरण से छूटे हुये 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण कराते हुये रोगों से प्रतिरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत करने से पूर्व नवम्बर माह में आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से घर-घर जाकर टीकाकरण से छूटे हुये बच्चों का विवरण तैयार कराया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिये कर्मचारियों की कार्य के लिये प्रतिबद्धता, सक्षमता तथा निरंतर समीक्षा बहुत आवश्यक है। चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चों के टीकाकरण के प्रति अभिभावकों को भी जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में तो अभिभावक अस्पताल जाकर बच्चों का टीकाकरण करा लेते हैं, परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा नहीं है।

# बच्चों को दी गई आंशिक आर्थिक सहायता

● खण्ड विकास अधिकारी की सराहनीय पहल
● नगर सुधार समिति ने आयोजित किया कार्यक्रम


शिविर के दौरान उपस्थित बच्चे व नगर सुधार समिति पदाधिकारी

**ललितपुर।** विकास खण्ड बिरधा की सामाजिक संस्था नगर सुधार समिति द्वारा किसान इण्टर कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को समिति के माध्यम से आंशिक आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। खण्ड विकास अधिकारी बिरधा सुनील कुमार ने अपनी वेतन से बच्चों को आंशिक आर्थिक सहायता प्रदान की सर्दियो की शुरुवात हो चुकी है और ऐसे बच्चे जो आर्थिक रूप से कमजोर है। उनके लिये 500 रुपये प्रति छात्र आंशिक सहायता इस उद्देश्य के साथ दी गयी कि बच्चे इससे अपनी मनपसंद स्वेटर खरीद सके। नगर सुधार समिति के अध्यक्ष गौरव पाराशर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिये समिति द्वारा जन सहयोग से ड्रेस, कॉपी, किताब, स्वेटर और उनकी वार्षिक शिक्षण शुल्क की व्यवस्था की जाती है जिससे क्षेत्र के कमजोर तबके के लोग भी सम्मान सहित अपने बच्चों को पढ़ा सके तो दूसरी तरफ मेधावी छात्रो के लिये अनेक प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा जैसे स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बैंकिंग, सामान्य ज्ञान जैसी अनेक परीक्षाओ के माध्यम से सम्मानित करने का कार्य किया जाता है। स्थानीय जन प्रतिनिधि और अधिकारिओ का भरपूर सहयोग मिलता है। सभी के सहयोग से ही यह सब संभव हो पाता है। पूर्व में सभी के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर 120 छात्र छात्राओ को आंशिक आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

इस वर्ष भी चार चरणों में विद्यार्थियो को आर्थिक सहायता दी जायेगी, जिसका प्रथम चरण कुशलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। बच्चों में सकारात्मक सोच का प्रवाह बढे। इसके लिये लगातार रामचरित मानस से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी और चौपाई कक्षाओ में पूँछी जाती है जिससे वह धर्म से जुड़े रहे क्योंकि आधुनिक युग की भाग दौड़ में बच्चों में संस्कार की कमी होती जा रही है। अगर अच्छे संस्कार उन्हें प्राप्त होंगे तो निश्चित ही वह एक अच्छे इंसान बन सकेंगे। खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओ की कोई कमी नही है। बस प्रतिभाओ को निखारने की आवश्यकता है आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद करने का नगर सुधार समिति का कार्य बहुत ही अच्छा है। हम सभी भी इस सार्थक पहल में अपना यथा संभव योगदान दे रहे है। यह बहुत ही पुण्य का कार्य है। आंशिक आर्थिक सहायता पाने वाले छात्रो में शिवानी कुशवाहा, सोवरन रजक, चन्दन सहरिया, उमा, संजय सहरिया, रानी, रोशनी, सरोज, शिवानी सेन, उमा, प्रतिभा, सन्तोषी, अंजू, सुरभि, अभिलाषा, आकाश, आरती, सपना, साक्षी, मुस्कान, शिक्षा, सोनम, रामेश्वरी, छाया, डोली, अरविन्द शामिल रहे।

## अंशु जैन पीएचडी उपाधि से सम्मानित

**ललितपुर।** जिले के मशहूर वरिष्ठ अधिवक्ता स्व.बाबू कपूरचंद्र जैन की भतीजी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाशचंद्र जैन की की पुत्री अंशु जैन ने जनपद का नाम फिर सुनहरे अक्षरों में लिखा है। परिवार, समाज और जिले का नाम रौशन करते हुये अंशु जैन ने उसके शोध विषय पीने के पानी की शुद्धता एवं अशुद्धता की गुणवत्ता तथा मानव शरीर पर उसका प्रभाव पर देवी अहिल्याबाई विवि इन्दौर मध्य प्रदेश में पी.एच.डी. से सम्मानित किया गया है। इस शोध को पूरा करने में अंशु जैन को माता जीजाबाई गर्ल्स डिग्री कॉलेज की डा.अमृता खत्री एवं डा.अनीस सिद्दीकी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अंशु जैन की इस बड़ी उपलब्धि को लेकर परिवार के अलावा समाज व जनपदवासियों ने अंशु जैन को बधाईयां प्रेषित की हैं। तो वहीं अधिवक्ता संवाद और मानव आर्गेनाईजेशन संस्था ने भी अंशु जैन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं प्रदेश के किसान

**ललितपुर।** प्राकृतिक आपदा कभी भी, कहीं भी आ सकती है। प्राकृतिक आपदा से जन-धन की हानि तो होती ही है साथ ही बड़ी कष्टदायी यादें भी छोड़ जाती हैं। भारतवर्ष में किसानों की काफी बड़ी संख्या है और वे गर्मी, धूप, सर्दी, बरसात में मेहनत कर फसल उत्पादन में लगे रहते हैं। किसान जब फसल बोकर सिंचाई, गुड़ाई आदि करते हुए फसल तैयार करता है तो उसे अपार प्रसन्नता होती है। क्योंकि उसकी कड़ी मेहनत का फल उसे मिलने वाला होता है। किन्तु यदि फसल तैयार होते समय या फसल तैयार होने पर बाढ़, आंधी, ओले, तेज बारिश आदि दैवीय आपदा आ गई तो किसान की सारी मेहनत व लागत बर्बाद हो जाती थी। किसान सिर पर हाथ रखकर गहरी चिन्ता और ग्लानि से दु:खी हो जाता था। और उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती थी।

किसानों की प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली इन्ही स्थितियों तथा उन्हें ऐसे संकट से राहत देने को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार ने 13 जनवरी 2016 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का शुभारम्भ किया है जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में लागू करते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है।

प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सभी इच्छुक एवं जरूरतमंद किसानों तक पहुंचाते हुए क्षतिपूर्ति की धनराशि किसानों को समय से उपलब्ध कराई जा रही है। यह योजना किसानों पर प्रीमियम का बोझ कम करने में मदद कर रही है। जो किसान ऋण लेकर अपनी खेती करते हैं, उन्हें सुरक्षा भी मिल रही है। इस योजना में किसानों को खरीफ फसलों के लिए केवल 2 प्रतिशत एवं सभी रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत का एक समान प्रीमियम का भुगतान करना पड़ता है। वार्षिक वाणिज्यिक और बागवानी फसलों के मामले में बीमा का प्रीमियम केवल 5 प्रतिशत देना पड़ता है। सरकार ने किसानों द्वारा भुगतान किये जाने वाले प्रीमियम की दरें बहुत कम रखी है। शेष प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। किसानों को सरकार पूरी बीमित राशि का भुगतान करती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन विशेष बेव पोर्टल पर आवेदन करना होता है। ऑनलाइन आवेदन के समय किसान की फोटो व आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस में से एक आई.डी.कार्ड, खसरा/खाता नम्बर, बोई गयी फसल का सबूत के दस्तावेज लगाने पड़ते हैं। अगर खेत बटाई/किराये पर ली गई है तो खेत के मालिक के साथ करार की कापी, खसरा/खाता नम्बर साफ तौर पर लिखा हुआ दस्तावेज भी लगाना होता है।

# सदर विधायक ने परिषदीय विद्यालयों में किया स्वेटर का वितरण

**ललितपुर।** शासन की मंशानुसार सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या शिवालय नगर क्षेत्र चौबयाना, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुगपुरा, प्राथमिक विद्यालय बिजरौठा एवं प्राथमिक विद्यालय बौलाई में अध्ययनरत बच्चों को स्वेटरों का वितरण किया।



इस दौरान विधायक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर स्वेटर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा विगत दो वर्षों से परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को जूता-मोजा, पुस्तके, मिड डे मील, युनीफार्म तो उपलब्ध कराया ही है, इसके साथ ही सर्दियों को ध्यान में रखते हुए भी सरकार द्वारा बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने विद्यालय के बच्चों से कहा कि सरकार द्वारा नि:शुल्क वितरित कराये जा रहे स्वेटरों को बच्चे प्रतिदिन विद्यालय में पहनकर आयें एवं अपनी पढ़ाई की ओर पूर्ण रुप से ध्यान दें। विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाएं भी प्रतिदिन समय से विद्यालय आयें और बच्चों के शिक्षण कार्य पर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। साथ ही बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर भी जानकारी प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार, जिला सूचना अधिकारी पीयूष चन्द्र राय, डा.दीपक चौबे सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

फोटो-पी10

कैप्सन- बच्चों को स्वैटर वितरण करते सदर विधायक व उपस्थित अतिथि

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सप्ताह शुरू

● योजना में ललितपुर जनपद राज्य में दूसरे स्थान पर ● लक्ष्य के सापेक्ष अधिक महिलाओं को पहुंचा चुके हैं लाभ



प्रधानमंत्री मातृ वन्दना शिविर में उपस्थित काउंसलर

**ललितपुर।** गर्भवती महिलाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सप्ताह' का आगाज आज दो दिसंबर को पूरे देश में किया गया। इस संबंध जनपद में भी आज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर इस सप्ताह की शुरुआत की गयी। वही सेल्फी पॉइंट बनाकर महिलाओं को योजना के बारे में जागरूक किया गया।सभी आशाओं और संगनियों को उनके क्षेत्र के सभी लाभार्थियों का पंजीयन कराने के लिए आदेशित किया गया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डी सी दोहरे ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार मां बनने वाली गर्भवती महिलाओं को 5000 रूपये की आर्थिक मदद दी जाती है। यह राशि तीन किश्तों में दी जाती है। केंद्रीय सचिव रबींद्र पंवार ने पत्र भेजकर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सप्ताह मनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को इस योजना के प्रति जागरूक किया जाएगा। केंद्रीय सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 5000 रूपये की धनराशि पहली बार गर्भवती होने वाली महिला को दी जाती है। पंजीकरण कराने के साथ ही गर्भवती को प्रथम किश्त में 1000 रूपये दिए जाते हैं। प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर, गर्भवास्था के छह माह बाद दूसरी किश्त के रूप् में 2000 रूपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर तीसरी किश्त के रूप में 2000 रूपये दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के बारे में और जागरूकता तथा प्रचार की आवश्यकता हैं विशेष सप्ताह में विभिन्न आयोजनों व गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ सभी सही पात्र लोगों तक पहुंचे इसके लिए आनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा अमीर, गरीब व किसी भी जाति बंधन से मुक्त है। उन्होंने बताया कि केवल सरकारी कर्मचारी महिला को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इसमे आवेदन के लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि धन व जागरूकता के अभाव में अधिकतर गर्भवती महिलाएं बेहतर पोषण से वंचित रह जाती हैं। ऐसे लोगों के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरूआत 1 जनवरी 2017 में की थी। इस योजना से महिलाओं को समय से उचित पोषण तो मिलेगा ही साथ ही कुपोषण के कारण शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी। जिला कार्यक्रम समन्वयक गौरव जैन ने बताया कि अगले माह दिसंबर तक 17240 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अभी तक 19700 महिलाओं को लाभ मिल चुका है, अर्थात निर्धारित लक्ष्य से 2460 ज्यादा लाभार्थियों को लाभ मिल चुका है। योजना में ज्यादा लाभार्थियों तक पहुंच बनाने में ललितपुर जिला मण्डल में प्रथम स्थान पर और पूरे राज्य में दूसरे स्थान पर है। योजना का लाभ लेने के लिए टीकाकरण कार्ड, आधार कार्ड, बैंक/पोस्ट आफिस की पासबुक, शिशु का जन्म प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

## वृद्धा की मौत के बाद जिला अस्पताल में हंगामा

**बरेली।** जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई एक वृद्धा की कुछ देर बाद मौत हो गई उसके घर वालों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। किला थाना क्षेत्र के स्वालेनगर निवासी प्यारे लाल की पत्नी 79 वर्षीय ओमवती की आज सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराने के कुछ देर बाद ही मौत हो गई। मृतिका के घर वालों ने बताया कि आज सुबह सांस लेने में परेशानी होने पर ओमवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घरवालों ने कई बार डॉक्टर से संपर्क करने की कोशिश की इसी दौरान ओमवती की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई घरवालों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामले को रफा-दफा कराया और मृतका के शव को घर ले गए।

## शराबी पति ने महिला से की मारपीट

**बरेली।** शराब पीने से मना करने पर एक महिला को उसके पति ने मारपीट कर घायल कर दिया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इज्जतनगर थाने के गांव मठ लक्ष्मीपुर निवासी तेजपाल गंगवार की पत्नी सलोनी को आज सुबह उसके घर वाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उन्होंने बताया कि सलोनी का तेजपाल से विवाह लगभग तीन वर्ष पूर्व हुआ था। वह एक बेटी की मां है। विवाह के कुछ दिनों बाद से ही तेजपाल शराब पीने और जुआ खेलने का आदी हो गया जिसके चलते सलोनी को घर चलाने में भी परेशानी होती है वह अक्सर अपने पति को शराब पीने और जुआ खेलने से रोकने की कोशिश करती है लेकिन पति अपनी आदत से बाज नहीं आता आज भी वह शराब के नशे में घर लौटा था पत्नी सलोनी में उसे नशे की हालत में देखकर शराब पीने से रोकने की कोशिश की जिससे वह गुस्से में आ गया और उसने घर में रखे डंडे से सलोनी की जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने उसे बचा लिया और घटना की सूचना उसके मायके वालों को दी।

## जिला अस्पताल आए बुजुर्गों को बेटे के ससुरालियों ने पीटा

**बरेली।** घर पर कब्जा करने के इरादे से बेटे ने अपने पिता के साथ जमकर मारपीट की जिसकी शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां पहुंचे घायल केसमधी और उसके भाई ने फिर से मारपीट कर दी अस्पताल लेकर पहुंचे होमगार्ड के जवान ने उसे बचाया मौका देखकर हमलावर फरार हो गए।किला थाना क्षेत्र की रजा कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय शाहिद पुत्र साबिर हुसैन की आज शाम प्रेम नगर थाने के गुलाब नगर निवासी उसके समधी अब्दुल सलाम और उसके छोटे भाई भूरा ने जिला अस्पताल में जमकर पीटा घायल अवस्था में आए शाहिद ने बताया कि उसके बेटे कासिफहुसैन की तीन वर्ष पूर्व मत्स्य विभाग में चालक के पद पर नौकरी लग गई थी। उसका विवाह गुलाब नगर निवासी अब्दुल सलाम की बेटी साजिया से हुआ था। विवाह के बाद से ही बेटा काशिफउसे और उसके परिवार को घर से निकाल कर मकान पर कब्जा करना चाहता है। दोपहर काशिफऔर उसके ससुराल में घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गया घटना की शिकायत करने के बाद पुलिस उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी बेटे का ससुर अब्दुल सलाम यहां भी अपने भाई भूरे के साथ पहुंच गया और इमरजेंसी वार्ड में मारपीट की।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**बरेली।** सड़क किनारे खड़े एक युवक को तेजी से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बदायूं से कादर चौक थाने के गांव जिंसी नगला निवासी होरी लाल पुत्र चेतराम की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर उसके घर वालों ने बताया कि होरीलाल 28 नवंबर को अपने दो रिश्तेदारों को किसी वाहन पर बैठाने के लिए मोटरसाइकिल से ककोड़ा और जिंसी नगला गांव के बीच खड़ा था जहां पर वह किसी गाड़ी का इंतजार कर रहा था। मोटरसाइकिल भी सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान तेजी से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की तो उसका ड्राइवर बहन छोड़कर फरार हो गया। घायल को अस्पताल ले गए जहां से कल शाम इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल ले आए यहीं पर उसकी मौत हो गई।

## चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**बरेली।** चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कैंट थाने के गांव पालपुर में गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर आज सुबह जंगल में जा रहे लोगों ने एक युवक की लाश को रेलवे लाइन पर पड़े देखा पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतक के शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी शव की शिनाख्त नहीं कर सका। मृतक की जेब से उसका कोई भी पता मोबाइल फोन आदि नहीं मिला लेकिन उसकी जेब से ट्रेन का एक टिकट मिला। समझा जाता है कि रात के समय बोगी के दरवाजे पर खड़ा युवक अचानक चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।

# आर्थिक नीतियों में बदलाव से देश की अर्थव्यवस्था चरमरायी : कांग्रेस


बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिला प्रभारी

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बाजीराव खण्डे बुन्देलखण्ड प्रभारी पूर्व मंत्री घूराम चौधरी नन्ना, जिला प्रभारी प्रदेश सचिव राहुल रिछारिया ने 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली भारत बचाओ रैली के सम्बन्ध में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जायजा लिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह राजपूत ने की।

बैठक में राष्ट्रीय सचिव बाजीराव खेड़े ने कहा कि देश आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक रूप से कमजोर हो रहा है। देश के निजी संस्थान बेचे जा रहे हैं व देश की विकास भी उम्मीद थी, लेकिन विकास दर 4 प्रतिशत तक पहुंच गयी है, जो कि स्वीकार्य नहीं है। यह चिन्ता की बात है। आर्थिक नीतियों के बदलाव से अर्थ व्यवस्था पटरी पर नहीं आयेगी। इसके घातक परिणाम होंगे। इसका सीधा असर किसानों, युवाओं पर और गरीबों पर पड़ेगा। बुन्देलखण्ड प्रभारी धूराम चौधरी ने कहा कि देश में शिक्षा की कमी से बेरोजगारी की समस्या बढ़ी है। आंकड़े बताते हैंकि भारत दुनिया का सबसे अधिक बेरोजगारी वाला देश है। यही कारण है कि निजी क्षेत्रों के अलावा सरकारी नौकरी किसी को पसंद नहीं। यही कारण है कि केन्द्र या राज्य सरकार की बहाली में लाखों उच्च शिक्षित युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। जिला प्रभारी राहुल रिछारिया ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में भारत बचाओ रैली का 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इस रैली का नाम भारत बचाओ रखा गया है। क्योंकि भारत बचाओ कांग्रेस का आजादी से निर्माण तक कांग्रेस की भूमिका रही है। मोदी सरकार ने 90 लाख नौकरियां भाजपा सरकार से छीन ली हैं और लोगों को जागरूक करें और अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचें। बैठक का संचालन नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने किया।

# डीएम ने प्रा.वि. नईबस्ती मसौराकलां में किया स्वेटर का वितरण

**ललितपुर।** शासन द्वारा सर्दी के मौसम के दृष्टिगत परिषदीय/प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शैक्षणित सत्र 2019-20 में नि:शुल्क उच्च गुणवत्ता के स्वेटर वितरण हेतु शासनादेश जारी किया गया है। साथ ही वितरित किये जाने वाले स्वेटरों की गुणवत्ता की जांच हेतु जनपद स्तर पर कमेटी गठित कर उक्त कमेटी के समक्ष आपूर्तित स्वेटरों की गुणवत्ता की जांच कर वितरण कराये जाने हेतु आदेशित भी किया गया था। जिलाधिकारी योगेश कुमार शुक्ल द्वारा प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती देहरे बाबा मसौराकलां, ब्लॉक जखौरा, तहसील ललितपुर में अध्ययनरत बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किये गए। जिलाधिकारी के करकमलों द्वारा स्वेटर पाकर विद्यालय के बच्चों के चेहरे खुसी से खिल उठे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के लिए नि:शुल्क जूता-मोजा, ड्रेस, बस्ता, पुस्तकें वितरित कराने एवं मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नि:शुल्क स्वेटर वितरण की व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा विगत दो वर्षों से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किये जा रहे हैं, जिससे बच्चों के शैक्षिक विकास में कोई भी बाधा उत्पन्न न हो सके। विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं प्रतिदिन विद्यालय में समय से उपस्थित होकर बच्चों को गंभीरतापूर्वक शिक्षा प्रदान करें, साथ ही उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जानकारी दें। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, इनका मानसिक एवं शारीरिक विकास हमारे देश की उन्नति में विशेष महत्व रखता है। बच्चे कोमल पुष्प के समान होते हैं, जिन्हें प्यार एवं संस्कारों के वातावरण से सिंचित किया जाना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह प्रतिदिन विद्यालय में सरकार द्वारा वितरित किये गए नि:शुल्क स्वेटरों को पहन कर आयें एवं विद्यालय में मन लगाकर पढ़ाई करें।

## महिला को जबरन डिस्चार्ज करने पर हंगामा

**बरेली।** जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला को जबरन डिस्चार्ज करने का आरोप लगाते हुए घरवालों ने हंगामा किया हंगामे के बाद महिला को दोबारा भर्ती कर लिया गया।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हजियापुर निवासी एक महिला को 2 दिन पूर्व घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था उसके घर वालों ने भाई के साले पर दुराचार में सफल ना होने पर चाकू मारने और तमंचा की बट से सिर पर चोट मारने का आरोप लगाया था। 2 दिनों के इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे कल शाम को अस्पताल से छुट्टी दे दी लेकिन घर वाले उसे वापस नहीं ले गए और अस्पताल में ही मौजूद रहे आज सुबह जब डॉक्टर ने उसे अस्पताल में देखा तो उसको जबरन डिस्चार्ज कर दिया। तब गुस्साए घरवालों ने हंगामा शुरू कर दिया उनका आरोप था कि महिला की हालत अभी भी ठीक नहीं है हंगामा होते देख वरिष्ठ डॉक्टर एके गौतम मौके पर पहुंचे और उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को समझाया उन्होंने कहा कि महिला को मामूली चोट आई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लाभकारी: विधायक

**ललितपुर।** समदृष्टि विकास एवं अनुसंधान मण्डल सक्षम अन्तर्गत विशाल नेत्र एवं स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन दैलवारा स्थित एक विद्यालय में किया गया। शिविर में 235 लोगों का स्वास्थ परीक्षण तथा 27 मरीज मोतियाविन्द के चिन्हित किए गए। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी चिकित्सक डा.राजकुमार जैन एवं डा.आर.के.अग्रवाल ने जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया। शुभारम्भ विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने स्व.बाबूलाल जैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीयता से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सदर विधायक ने कहा समाजसेवा के क्षेत्र में बाबूलाल जैन का अकथनीय योगदान रहा। उन्होने अपने पैतृक ग्राम में शिक्षा की अलख जगाकर सराहनीय योगदान दिया जिसके माध्यम से अनेक लोग शासकीय सेवाओं कार्यरत हैं। उन्होने शिक्षा के वेहतर स्तर के लिए सुझाव दिए और कहा सक्षम संस्था पूरे देश में दिव्यांग और नेत्रहीनों के कल्याण के लिए जो योगदान दे रही है वह सराहनीय है।

इस मौके पर बुन्देलखण्ड विकास न्यास के सदस्य प्रदीप चौबे ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को उच्चीकृत करने के लिए हर संभव शासन की मंशा को बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया और कहा शिक्षा और विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीण लाभान्वित हों। सक्षम के प्रान्तीय सह मंत्री शिव कुमार चतुर्वेदी ने समाज के बीच सक्षम द्वारा किए जाने वाले कार्यो से अवगत कराया। विद्यालय के प्रबंधक एवं सक्षम के महामंत्री अजय जैन ने विद्यालय की प्रगति से अवगत कराते हुए कहा सक्षम ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों को हर संभव मदद पहुचाएगी।

## पेज एक का शेष

### उद्योग जगत...

अनिच्छुक हैं। उद्यमियों में एक हिचकिचाहट है। लोकसभा में बहस के दौरान सोमवार को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मनमोहन सिंह के बयानों को उद्धृत किया और सरकार तथा वित्त मंत्री से पूर्व पीएम के विचारों को सुनने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भय के मुद्दे को उठाने के लिए बजाज पर हमला करना मंत्रियों को शोभा नहीं देता। सुप्रिया सुले सहित कई विपक्षी नेताओं ने सरकार के रवैये की आलोचना की।

### 2024 तक...

सभी अवैध प्रवासियों को बाहर निकाल दिया जाएगा। शाह ने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद को उखाड़ना तथा अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण भी झारखंड चुनावों में उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि विकास जैसे स्थानीय मुद्दे। एक बार फिर राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का मुद्दा उठाते हुए भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में इस मामले में सुनवाई को बाधित करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेताओं ने न्यायालय से कहा कि राम जन्मभूमि मामले में सुनवाई की कोई जरूरत नहीं है। आपके (लोगों के) समर्थन से हमने कहा कि इसे आगे ले जाया जाना चाहिए और नतीजा यह हुआ कि सर्वोच्च अदालत ने कहा कि अयोध्या में सिर्फ राम मंदिर बनेगा। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन पर भी निशाना साधा जो झारखंड चुनावों में भाजपा से सीधे मुकाबले में है। भाजपा नेता ने प्रदेश की भाजपा सरकार को नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने और विकास करने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अलग झारखंड राज्य की मांग कर रहे छात्रों पर गोली चलवाई और लाठियों से पिटवाया। अब हेमंत सोरेन (झामुमो नेता) उसी कांग्रेस की गोद में बैठ गए हैं जिससे वह मुख्यमंत्री बन सकें। झारखंड में केंद्र और राज्य सरकार के डबल इंजन वाली सरकार की वजह से बह रही विकास की गंगा के संदर्भ में शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने देवघर में एम्स बनवाया और अब वह बोकारो, दुमका और जमशेदपुर में हवाईअड्डा बनवाएगी। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना से करीब 20 लाख किसानों को फायदा पहुंचा। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी और रघुबर दास की सरकार ने पांच सालों के अंदर नक्सलवाद को उखाड़ दिया और राज्य के विकास का रास्ता साफ किया।

### मोदी, शाह...

माफी मांगनी चाहिए। भाजपा सदस्यों निशिकांत दुबे और राजेंद्र अग्रवाल ने भी इस विषय को लेकर चौधरी और कांग्रेस पर निशाना साधा तथा माफी की मांग की। अग्रवाल ने कहा कि चौधरी की पार्टी की नेता खुद विदेशी मूल की हैं और उन्होंने 18 वर्ष तक देश की नागरिकता नहीं ली और वह भारतीय प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बारे में इस तरह के बयान दे रहे हैं। पीठासीन अध्यक्ष रमा देवी ने कहा कि चौधरी को माफी मांगनी चाहिए। कुछ देर हंगामा रहने के बाद रमा देवी ने कार्यवाही को आगे बढ़ाया। शून्यकाल के दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को घुसपैठिया कहा। मोदी जी केवल भाजपा के ही नेता नहीं हैं बल्कि देश के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी स्वयं पश्चिम बंगाल से आते हैं, जहां से हमारी सरकार घुसपैठियों को बाहर करने का काम कर रही है। जोशी ने कहा कि देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को अभूतपूर्व जनादेश दिया है लेकिन कांग्रेस पार्टी चुनाव में हार को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्हें (कांग्रेस को) जनादेश का आभास नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी विश्व प्रसिद्ध नेता हैं और उनके मार्गदर्शन में अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे से संबंधित अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अधीर रंजन चौधरी को माफी मांगनी चाहिए।

### अयोध्या फैसले...

विवादित स्थल पर मस्जिद गिराने सहित हिन्दू पक्षकारों द्वारा अनेक अवैधताओं का संज्ञान लेने के बावजूद शीर्ष अदालत ने उन्हें माफ कर दिया और भूमि भी उनको दे दी। पुनर्विचार याचिका के अनुसार, इस फैसले के माध्यम से न्यायालय ने बाबरी मस्जिद नष्ट करने और उसके स्थान पर वहां भगवान राम के मंदिर के निर्माण का परमादेश दे दिया है। याचिका में कहा गया है कि यद्यपि फैसले में न्यायालय ने हिन्दू पक्षकारों की अनेक अवैधताओं, विशेषकर 1934 में (बाबरी मस्जिद के गुंबदों को नुकसान पहुंचाना) 1949 (बाबरी मस्जिद को अपवित्र करना) और 1992 (बाबरी मस्जिद को गिराना) का संज्ञान लिया, फिर भी उसने इन गैरकानूनी कृत्यों को माफ करने और विवादित स्थल को उसी पक्ष को सौंप दिया जिसने अनेक गैरकानूनी कृत्यों के आधार पर अपना दावा किया था। हालांकि, रशीदी ने याचिका में कहा है कि वह पूरे फैसले और अनेक नतीजों पर पुनर्विचार का अनुरोध नहीं कर रहे हैं और उनकी याचिका हिन्दुओं के नाम भूमि करने जैसी त्रुटियों तक सीमित है क्योंकि यह एक तरह से बाबरी मस्जिद को नष्ट करने के परमादेश जैसा है और हिन्दू पक्षकारों को इसका अधिकार देते समय कोई भी व्यक्ति इस तरह की अवैधता से लाभ हासिल नहीं कर सकता है।

### तमिलनाडु में...

में कहा गया है कि 29 नवंबर से एक दिसंबर के बीच बारिश से जुड़ी घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, सोमवार को कोयंबटूर में एक दीवार ढहने से 17 लोग मारे गए, जिससे मरने वाले की कुल संख्या 25 हो गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार ने मेट्टुपालयम में मारे गए 17 लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की, वहीं पलानीस्वामी ने अन्य मृतकों के परिजनों को भी उचित मुआवजा देने का आदेश दिया।

### हेगड़े के...

जिले के एल्लापुर में उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान के दौरान शनिवार को एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था, मुख्यमंत्री के नियंत्रण में 40,000 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि थी। अगर राकांपा, कांग्रेस और शिवसेना सत्ता में आती तो निश्चित तौर पर 40,000 करोड़ रुपए का इस्तेमाल विकास कार्य के लिए नहीं किया जाता और यह दूसरी चीजों में जाता (दुरुपयोग होता)।

# चक्रवात के लिए अब तक केंद्र से नहीं मिली आर्थिक मदद : ममता

भाषा। कोलकाता




**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासन के बावजूद चक्रवात बुलबुल से प्रभावित इलाकों के लिए राज्य को केंद्र की तरफ से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है। ममता ने राज्य विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान बोल रहीं थी। वह पश्चिम बंगाल के तीन तटीय जिलों में चक्रवात बुलबुल के कारण हुई तबाही के पैमाने को लेकर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रही थीं।

ममता ने कहा, चक्रवात बुलबुल के राज्य से टकराने के एक दिन बाद राज्य की मदद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से ट्वीट किए जाने के बावजूद हमें केंद्र सरकार से आज तक एक पैसा नहीं मिला है। हालांकि, मदद के लिए गृह मंत्री ने भी ट्वीट किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि नुकसान के परिमाण का आकलन करने तीन जिलों के दौरे पर आई केंद्रीय टीम को 23,000 करोड़ रुपए का एक अनुमान दिया गया था लेकिन केंद्र की तरफ से कोई निधि प्राप्त नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चक्रवात के कारण 14 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि बर्बाद हुई और प्राकृतिक आपदा में करीब 15 लोगों ने अपनी जान गंवाई। किसानों की मदद के लिए राज्य के वित्त विभाग से 1,200 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई।

ममता ने कहा कि राज्य सरकार पान के पत्तों की खेती करने वाले प्रत्येक किसान को 5,000 रुपए देगी, जिन्होंने इस चक्रवात में बड़ा नुकसान झेला है।

### थैंक्सगिविंग रैलियां निकालेंगी ममता

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह हाल ही में हुए उपचुनावों में तीनों सीटों पर अपनी पार्टी की जीत का जश्न मनाने के लिए खड़गपुर सदर, करीमपुर और कालियागंज विधानसभा क्षेत्रों में थैंक्सगिविंग कार्यक्रम आयोजित करेंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह खड़गपुर सदर से शुरुआत करेंगी जो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष के मेदिनीपुर से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद खाली हुई थी। टीएमसी के प्रदीप सरकार ने पिछले सप्ताह हुए उपचुनावों में भाजपा को हराकर खड़गपुर सदर सीट से जीत दर्ज की। बनर्जी ने विधानसभा के बाहर पत्रकारों से कहा, मैं तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में थैंक्सगिविंग कार्यक्रम आयोजित करूंगी। पहला कार्यक्रम नौ दिसंबर को खड़गपुर में होगा। टीएमसी प्रमुख के करीबी सूत्रों ने बताया कि पार्टी 14 दिसंबर को करीमपुर में रैली निकालेगी।



पटना में फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) के लाभार्थियों को बांटा गया गैस चूल्हा व सिलेंडर

# बंगाल में कार्यकर्ताओं को कैब के नियमों को लेकर जागरूक करेगी भाजपा

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल उपचुनाव में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का दांव सफल ना होने के बाद अब भगवा पार्टी ने कार्यशालाओं का आयोजन कर अपने कार्यकर्ताओं को नागरिक (संशोधन) विधेयक (कैब) के नियमों के बारे जागरूक करने का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि हाल ही में खड़गपुर सदर, करीमपुर और कालियागंज विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में पार्टी कहीं भी जीत दर्ज नहीं कर पाई थी। इन तीनों सीटों पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में हुए यह पहले चुनाव थे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, उपचुनाव के नतीजों का आकलन करते हुए हमने पाया कि कार्यकर्ताओं को कैब के नियमों की जानकारी नहीं थी इसलिए वे संदेश पहुंचाने में असफल रहे। उन्होंने कहा, इसलिए, कार्यकर्ताओं को विधएक को लेकर जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर पार्टी कक्षाएं, कार्यशालाएं और सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। तृणमूल के एनआरसी के गलत प्रचार का जवाब हम कैब के सकारात्मक प्रचार से देंगे।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि यह विधेयक अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रयास करता है, जो वहां धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए यहां भाग आए। संसद के चालू शीतकालीन सत्र के दौरान इसे पेश किए जाने की संभावना है। भाजपा नेता ने कहा, विधेयक के पारित होते ही, हम कैब पर राज्य स्तरीय अभियान चलाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता इन पार्टी कक्षाओं, सेमिनार और कार्यशालाओं को संबोधित करेंगे। सीमावर्ती इलाकों में कानून पर पर्ची और पुस्तिकाएं भी बांटी जाएंगी।

### महाराष्ट्र में काला जादू करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**चंद्रपुर (भाषा)।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से एक महिला सहित तीन लोगों को काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## राजस्थान में बच्ची से बलात्कार के बाद हत्या, एक हिरासत में

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के टोंक जिले में छह साल की एक बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। अलीगढ़ (टोंक) के थाना प्रभारी राम किशन ने बताया कि इस मामले में एक संदिग्ध महेंद्र उर्फ ढोलू को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर उसे पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि बच्ची शनिवार को स्कूल में खेल समारोह में हिस्सा लेने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। यह कार्यक्रम दोपहर तीन बजे समाप्त हो गया था। परिजनों ने तलाश शुरू की तो उसका शव रविवार को खेडली गांव के पास सुनसान जगह पर मिला।

# ब्रू समुदाय की वापसी के अब और प्रयास नहीं होंगे

## गृह मंत्री ने मिजोरम से आये प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन

भाषा। आइजोल

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मिजोरम से आए एक प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि अब ब्रू समुदाय के लोगों को त्रिपुरा से मिजोरम नहीं भेजा जाएगा। जेडपीएम के एक नेता ने सोमवार को यह कहा। उनके मुताबिक शाह ने कहा कि वापस भेजने की प्रक्रिया 30 नवंबर को समाप्त हो गई और यह उस प्रक्रिया का नौंवा तथा अंतिम चरण था। जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के महासचिव के. सपदांगा ने बताया कि शाह से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में राजनीतिक दलों के नेता, नागरिक समाज एवं छात्र संघों के नेता शामिल थे। गृह मंत्री ने उन्हें बताया कि त्रिपुरा के राहत शिविरों से ब्रू लोगों को मिजोरम लाने के और कोई प्रयास नहीं किए जाएंगे और वे ब्रू लोग त्रिपुरा के ही निवासी बन जाएंगे। सपदांगा गृह मंत्री से 29 नवंबर को मुलाकात करने वाले प्रतिनिधमंडल का हिस्सा थे।

राज्य के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार प्रायोजित वापसी अभियान के नौंवे चरण में त्रिपुरा के छह राहत शिविरों से 289 परिवारों के 1,165 ब्रू सदस्यों की मिजोरम वापसी कराई गई। उन्होंने बताया कि दो दशक पहले जातीय संघर्ष से बचने के लिए 4,447 ब्रू परिवार भागकर पड़ोसी राज्य त्रिपुरा चले गए थे। मिजोरम उन्हें अपना मूल निवासी मानता है। उनकी वापसी का यह अंतिम प्रयास था। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देब ने केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि वह ब्रू समुदाय के लोगों को त्रिपुरा में ही रहने दें। यह समुदाय मिजोरम नहीं लौटना चाहता है। त्रिपुरा के शाही परिवार के सदस्य प्रद्योत किशोर माणिक्य देब बर्मन ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में जानकारी दी थी कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने मुझे भरोसा दिलाया है कि वह उत्तर त्रिपुरा जिले के कंचनपुर में ब्रूझरियांग समुदाय को पट्टे पर भूमि देंगे। नागरिकता संशोधन विधेयक के मुद्दे पर शाह की अध्यक्षता वाली बैठक में शामिल होने के बाद उन्होंने यह कहा।

इस बैठक में असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और कई सांसद शामिल हुए थे। मिजोरम के गृह मंत्री लालचामलियाना ने ब्रू समुदाय के लोगों को त्रिपुरा के राहत शिविरों में रहने देने के प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि जो ब्रू लोग त्रिपुरा में रहना हैं उन्हें ऐसा करने देना चाहिए।

## गोवा सरकार आलोचना के प्रति असहिष्णु: सरदेसाई

**पणजी (भाषा)।** गोवा फॉरवर्ड पार्टी के प्रमुख विजय सरदेसाई ने ओसीआई कार्ड धारकों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर राज्य के बंदरगाह मंत्री माइकल लोबो की आलोचना की और आरोप लगाया कि प्रमोद सावंत के नेतृत्व वाली सरकार आलोचना के प्रति असहिष्णु है। लोबो ने शनिवार को दावा किया था कि कुछ विदेशी नागरिक राज्य में विकास परियोजनाओं को लेकर स्थानीय लोगों को भड़का रहे हैं। मंत्री ने कहा था, जिन लोगों के पास ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड है, उन्हें इस बात की चिंता अधिक होनी चाहिए कि पुर्तगाल या लंदन में क्या हो रहा है। गोवा को हम पर छोड़िए, इसकी देखभाल करने के लिए हम यहां हैं। हम जानते हैं कि आप गोवा से प्यार करते हैं लेकिन राज्य के बारे में सकारात्मक रहे। रास्ते में रोड़े न अटकाए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सरदेसाई ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार अपने खिलाफ आलोचना को लेकर असहिष्णु है।




गुवाहाटी में नागरिकता बिल के विरोध में साइकिल रैली निकालते असाम स्टूडेन्ट यूनियन के सदस्य

## हेगड़े का दावा सही है तो प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए: राकांपा

भाषा। मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा सांसद अनंत हेगड़े का यह दावा सही है कि देवेन्द्र फडणवीस को बहुमत नहीं होने के बावजूद पिछले महीने इसलिए मुख्यमंत्री बनाया गया ताकि केन्द्र की ओर से दिए जा रहे 40 हजार करोड़ रुपए के कोष का दुरुपयोग न हो, तो प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। विवादित बयानों के लिए मशहूर पूर्व केन्द्रीय मंत्री हेगड़े ने शनिवार को महाराष्ट्र में पिछले महीने हुए राजनीतिक घटनाक्रम को नया मोड़ देते हुए दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि विकास कार्यों के लिए खर्च किए जाने वाले कोष को बचाया जा सके।

राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने हेगड़े के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "राज्य सरकार के लिए केन्द्र को 40 हजार करोड़ रुपए का फंड लौटाना असंभव है। अगर यह सबकुछ सच है तो प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। मलिक ने पत्रकारों से कहा, यह न सिर्फ महाराष्ट्र बल्कि अन्य राज्यों के साथ भी अन्याय है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और केरल की जनता इस तरह की नाइंसाफी को बर्दाश्त नहीं करेगी। फडणवीस ने हेगड़े के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैंने मुख्यमंत्री के रूप में इस तरह का कोई नीतिगत निर्णय नहीं लिया। ऐसे सभी आरोप झूठे हैं।

### गया में पेट्रोल पंप कर्मियों से करीब सात लाख रुपए की लूट

**गया (भाषा)।** बिहार के गया जिले के डोभी थाना अंतर्गत करमौनी गांव के समीप मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप के कर्मियों से हथियार के दम पर करीब सात लाख रुपए लूट लिए।

# तमिलनाडु में स्थानीय निकायों के चुनाव के खिलाफ याचिका, न्यायालय करेगा विचार

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय तमिलनाडु में पंचायत एवं स्थानीय निकाय चुनाव से पहले निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और आरक्षण जैसी औपचारिकताएं पूरी कराने के लिए द्रमुक की याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। द्रमुक ने अपनी इस नई याचिका में राज्य में पंचायत एवं स्थानीय निकाय चुनाव से पहले निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन एवं कुछ क्षेत्रों को सुरक्षित रखने जैसी औपचारिकताएं पूरी करने का चुनाव आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की तीन सदस्ईय पीठ ने द्रमुक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस याचिका पर शीघ्र सुनवाई का आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने तमिलनाडु में 27 और 30 दिसंबर को दो चरणों में ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनाव कराने की घोषणा की है। चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया छह दिसंबर से शुरू हो जाएगी। सिंघवी ने आरोप लगाया कि आयोग ने परिसीमन और सीटों को सुरक्षित रखे जाने संबंधी पहलुओं जैसी कानूनी औपचारिकताएं पूरी किए बिना चुनाव प्रक्रिया तय कर दी है। पीठ ने इस पर कहा, मामले को सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को सूचीबद्ध करें। याचिका में कहा गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने हालांकि शीर्ष अदालत को चुनावों के लिए अधिसूचना जारी करने के बारे में जानकारी दी थी लेकिन उसने कानूनी अनिवार्यताओं का पालन नहीं किया है। कानूनी अनिवार्यताओं के तहत सभी स्थानीय निकायों के प्रत्एक वार्ड का परिसीमन करने के साथ ही नगर पंचायत, नगरपालिका या नगर निगम के अध्यक्ष या महापौर के पद के लिए आरक्षण और बारबंरता नीति तैयार करने की प्रक्रिया परिसीमन आयोग और राज्य सरकार को पूरी करनी है और निर्वाचन आयोग को इसे लागू करना है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव की अधिसूचना जारी करने से पहले इन कानूनी प्रक्रिया पर अमल जरूरी है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्य सरकार चुनाव कराने के मामले में अभी तक ढुलमुल रवैया अपना रही है लेकिन उसने नौ जिलों में नए वार्डों के लिए परिसीमन का काम नहीं किया है।

## देश में मिजोरम में हैं एड्स के सबसे ज्यादा मरीज

**आइजोल (भाषा)।** देश में एचआईवीएड्स से सबसे अधिक प्रभावित राज्य मिजोरम है, जहां 17,897 लोग इस रोग से प्रभावित हैं। राज्य में हर दिन एड्स के औसतन नौ नए मामले सामने आते हैं। विश्व एड्स दिवस के मौके पर आंकड़े जारी करते हुए मिजोरम राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (एमएसएसीएस) के अधिकारियों ने बताया कि देश के सबसे कम जनसंख्या वाले राज्यों में शामिल मिजोरम में एचआईवी के लिए 25-34 उम्र वर्ग में 42 प्रतिशत से अधिक के जांच नतीजे सकारात्मक रहे। एड्स दिवस के मौके पर पूरे राज्य में कई जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए। अधिकारियों ने बताया कि 2018-19 में एचआईवी के 2,557 नए मामले सामने आए। राज्य की महज दस लाख आबादी को देखते हुए यह बहुत अधिक संख्या है। एचआईवी के कुल मरीजों में 6,069 महिलाएं हैं।

# महाराष्ट्र में कारोबारी ने गैंगस्टर के खिलाफ वसूली की शिकायत दर्ज कराई

## फोन कर मांगी दो करोड़ की रंगदारी

भाषा। ठाणे

**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले के एक कारोबारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसे दो करोड़ रुपए की वूसली के लिए भगोड़े गैंगस्टर एजाज लकड़ावाला की तरफ से फोन और संदेश आते हैं। पुलिस प्रवक्ता सुखदा नारकर ने सोमवार को बताया कि शिकायतकर्ता, जो ठाणे के कल्याण में भैंसों की खरीद-बिक्री का कारोबार करता है, उसने पुलिस को बताया कि 22 नवंबर को अपने दोस्तों के साथ नासिक जाने के दौरान उसे वसूली को लेकर पहला फोन आया।

प्रवक्ता ने शिकायत के हवाले से कहा कि फोन करने वाले ने कथित तौर पर खुद की पहचान एजाज लकड़ावाला के रूप में बताई और दो करोड़ रुपए मांगे। कॉलर ने कारोबारी को धमकी दी कि अगर वह धनराशि नहीं देगा तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। बाद में कारोबारी को उसी नंबर से कई फोन आए लेकिन उसने फोन उठाया नहीं। अधिकारी ने बताया कि बाद में उसे टेक्स्ट संदेश आने लगे, जिसमें कहा गया कि वह फोन नहीं उठा रहा है। साथ ही संदेशों में पैसों की मांग दोहराई गई। कारोबारी ने शनिवार देर रात बाजारपीठ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

नारकर ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 385 और 387 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और इस संबंध में जांच जारी है। लकड़ावाला अपना गिरोह बनाने से पहले अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के लिए काम करता था और फिलहाल फरार चल रहा है। वह कथित वसूली, हत्या के प्रयास और दंगे करने जैसे कई मामलों में वांछित है।

### महाराष्ट्र में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या की

**नागपुर (भाषा)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक गांव में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यह घटना यहां से 170 किलोमीटर दूर गढ़चिरौली के पुरासलगौंधी गांव में रविवार की रात हुई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक मृतक-मासो पुनगति (55) और ऋषि मेश्राम (52) गढ़चिरौली के सूरजगढ़ खान में काम करते थे जिसका नक्सली विरोध करते थे और इसलिए उन्होंने इन दोनों की हत्या कर दी।



बोधगया में महाबोधि मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे इंडोनेशिया के बौद्ध भिक्षु

# सेंसेक्स, निफ्टी लगभग पिछले स्तर पर बंद

## दूरसंचार कंपनियों के शेयर चमके

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजारों** में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को प्रमुख सूचकांक करीब-करीब पिछले स्तर पर बंद हुए। दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लाभ के प्रभाव को वाहन तथा निजी बैंकों के शेयरों में गिरावट ने समाप्त कर दिया।

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के कमजोर आंकड़े तथा वाहनों की बिक्री में लगातार गिरावट से निवेशक सतर्क नजर आएं। इससे बैंक तथा वाहन कंपनियों के शेयर दबाव में रहे। इसके अलावा निवेशकों ने रिजर्व बैंक की बृहस्पतिवार को जारी होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रक्षात्मक रुख अपनाया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों वाला बीएसई मामूली 8.36 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,802.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 41,093.99 से 40,707.63 अंक के दायरे में रहा।

वहीं दूसरी तरफ एनएसई निफ्टी 7.85 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 12,048.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय एयरटे को सर्वाधिक 3.67 प्रतिशत का लाभ हुआ। वहीं आर जियो की मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.28 प्रतिशत चढ़ा। दूरसंचार कंपनियों की नई शुल्क योजनाए तीन दिसंबर से अमल में आने की घोषणा से इनके शेयरों में तेजी आई। वोडाफोन आइडिया का शेयर भी बीएसई में 14 प्रतिशत चढ़कर 7.79 रुपए यूनिट तथा एनएसई में 22.63 प्रतिशत मजबूत होकर 8.40 रुपए शेयर रहा।







इसके अलावा एशिया पेंट्स, कोटक बैंक तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ एस बैंक को सर्वाधिक 6.22 प्रतिशत नुकसान हुआ। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, ओएनजीसी, सन फार्मा, टाटा स्टील और मारुति में भी गिरावट रही। वाहन कंपनियों के कमजोर बिक्री आंकड़ों का असर उनके शेयरों पर पड़ा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, चीन में उम्मीद से बेहतर विनिर्माण के आंकड़े के कारण सकारात्मक धारणा के बावजूद घरेलू बाजार सीमित दायरे में रहा। इसका कारण जीडीपी वृद्धि के कमजोर आंकड़े, वाहन बिक्री में नरमी है। इसके अलावा इस सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशक थोड़े सतर्क दिखे। लेकिन बाजार को प्रोत्साहन और ब्याज दरों में कमी की उम्मीद है। गिरावट चौतरफा रही जबकि आक्रमक शुल्क समीक्षा के कारण दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में तेजी रही।

एशिया के अन्य बाजारों में तेजी रही। चीन में बेहतर विनिर्माण आंकड़े का असर इन बाजारों पर पड़ा। इसके अलावा निवेशकों को शुल्क वृद्धि के लिए 15 दिसंबर की समयसीमा से पहले अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद है।

# देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां नवंबर में बढ़ीं, पर धीमापन बना रहा

भाषा। नई दिल्ली


**देश में** विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नवंबर में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन नए आर्डर और उत्पादन में गहमा-गहमी की कमी से कुल मिला कर इस क्षेत्र की वृद्धि दर अभी धीमी बनी हुई है। औद्योगिक क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। आईएचएस मार्किट इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग का परचेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआई) नवंबर में बढ़ कर 51.2 रहा। अक्टूबर में पीएमआई 50.6 अंक पर दो वर्ष के न्यूनतम स्तर पर था। सूचकांक का 50 से ऊपर होना उत्पादन में विस्तार का सूचक है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई लगातार 28वें महीने 50 अंक से ऊपर है।

नवबंर के सूचकांक से लगता है कि विनिर्माण क्षेत्र की हालत में हलका सुधार जरूर हुआ है।सोमवार को जारी पीएमआई सर्वे रपट में कहा गया है कि नवंबर में यद्यपि विनिर्माण क्षेत्र की हालत सुधरी है लेकिन इस क्षेत्र की गतिविधियां इस वर्ष के शुरू के महीनों की तुलना में अभी धीमी बनी हुई हैं। आईएचएस मार्किट की प्रधान अर्थशास्त्री पोलियाना डी लीमा ने कहा, विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अक्टूबर में हल्की पड़ने के बाद नवंबर में उत्साहजनक रूप से तेज हुई है। लेकिन अब भी कारखानों के आर्डर, उत्पादन और निर्यात में बढोतरी 2019 के शुरू की तुलना में बहुत पीछे है।

उन्होंने कहा कि इसके पीछे मुख्य कारण मांग में कुल मिला कर नरमी का होना है। रपट के अनुसार नवंबर में कंपनियों द्वारा बाजार में नए उत्पादों की प्रस्तुति, मांग में अपेक्षाकृत सुधार और प्रतिस्पर्धा का दबाव कम हरने से इस क्षेत्र की गतिविधियां सुधरीं। लेकिन कंपनियां का आगे के बाजार को लेकर आत्पविश्वास का स्तर कम है जो दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ अनिश्चिताएं बनी हुई हैं। लीमा के अनुसार कंपनियों ने डेढ़ साल में पहली बार छंटनी की और कच्चे माल की खरीद में कटौती का एक और दौर शुरू किया।

नवंबर में कच्चे मालों और विनिर्मित उत्पादों पर आधारित मुद्रास्फीति में केवल हल्की वृद्धि रही। लीमा ने कहा पीएमआई डेटा लगातार दर्शाता आ रहा है कि विनिर्माण क्षेत्र पर अभी मुद्रास्फीति (महंगाई) का दबाव नहीं है। इसके साथ साथ आर्थिक वृद्धि दर में धीमेपन को देखते हुए लगता है कि भारतीय रिजर्व बैंक अभी ब्याज दर नीति को नरम बनाए रखेगा।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की द्वैमासिक समीक्षा 5 दिसंबर को आनी है। इसमें यदि वह अपनी ब्याज दर में कटौती करता है तो वह नीतिगत दर में लगातार छठी कटौती होगी। आरबीआई वर्ष 2019 में अब तक रेपो दर कुल मिला कर 1.35 प्रतिशत कम कर चुका है। इस समय यह दर 5.15 प्रतिशत है।




# क्रिसल ने आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 5.1 प्रतिशत किया

भाषा। मुंबई

**वित्तीय** साख निर्धारित करने वाली एजेंसी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अपने अनुमान को काफी कम कर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। इससे पूर्व में उसने वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

अन्य एजेंसी डन एंड ब्राड स्ट्रीट ने कहा है कि निकट भविष्य में भारत की आर्थिक वद्धि दर नरम बनी रह सकती है। क्रिसिल ने यह बात ऐसे समय कही है जब आरबीआई पांच दिसंबर को नीतिगत दर की घोषणा करने वाला है। रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए 3-5 दिसंबर को बैठक होगी। क्रिसिल का यह अनुमान जापान की ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा के 4.7 प्रतिशत अनुमान के बाद सबसे कम है। रेटिंग एजेंसी ने जीडीपी वृद्धि का आंकड़ा आने के कुछ दिन बाद ही यह अनुमान जताया है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को जारी आधिकारिक

**● डन एंड ब्राडस्ट्रीट ने कहा नरमी बरकार है**

आंकड़े के अनुसार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही। इससे पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में वृद्धि दर 4.75 प्रतिशत रही जो कई साल का न्यूनतम स्तर है। एजेंसी ने शोध रिपोर्ट में कहा, औद्योगिक उत्पादन, वस्तु निर्यात, बैंक कर्ज उठाव, कर संग्रह, माल का आना-जाना और बिजली उत्पादन जैसे प्रमुख अल्पकाली संकेतक वृद्धि में नरमी का इशारा कर रहे हैं। हालांकि दूसरी छमाही में वृद्धि दर में हल्की तेजी की उम्मीद है। क्रिसिल के अनुसार 2019-20 की दूसरी छमाही में वृद्धि दर 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पहली छमाही में 4.75 प्रतिशत थी।उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने अक्टूबर महीने में मौद्रिक नीति समीक्षा में जीडीपी के अनुमान को संशोधित कर 6.9 से कम कर 6.1 प्रतिशत कर दिया।

## 2020 में भारत में औसत वेतन वृद्धि 9.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद, महंगाई से असल में मात्र 5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में वेतनभोगियों की 2020 में सालाना औसत वेतन वृद्धि 9.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है। यह एशिया में सबसे अधिक होगी। लेकिन महंगाई की वजह से वास्तविक वेतन वृद्धि मात्र पांच प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। कॉर्न फेरी ग्लोबल सैलरी फोरकास्ट की सोमवार को जारी रपट में यह बात सामने आई है। रपट में कहा गया है कि 2020 में भारत में औसतन वेतन वृद्धि 9.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जो पिछले साल की 10 प्रतिशत से कम है। वहीं मुद्रास्फीति का संयोजन करने के बाद 2020 में वास्तविक वेतन वृद्धि मात्र पांच प्रतिशत होने का अनुमान है। रपट में कहा गया है कि देश का वेतन वृद्धि अनुमान एशिया में सबसे अधिक है। कॉर्न फैरी इंडिया के चेयरमैन एवं क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक नवनीत सिंह ने कहा, दुनिया भर में लोगों की वेतन वृद्धि प्रभावित हो रही है, इसके बावजूद भारत में इसकी वृद्धि दर काफी मजबूत है। मौजूदा आर्थिक हालात और सरकार के प्रगतिशील सुधारों के साथ देशभर में सभी क्षेत्रों में सावधान लेकिन आशा की भावना है और इस वजह से वेतन में ऊंची वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। रपट में कहा गया है कि 2020 में वैश्विक औसत वेतन वृद्धि 4.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। वैश्विक मुद्रास्फीति दर 2.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है जिसके चलते वास्तविक वैश्विक औसत वेतन वृद्धि 2.1 प्रतिशत रह सकती है।

# लंदन, हांगकांग में नियुक्त होंगे सीमा शुल्क खुफियाा अधिकारी

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** लंदन, हांगकांग, दुबई और ब्रसेल्स में सीमाशुल्क खुफिया अधिकारियों की नियुक्ति के लिए योग्य अधिकारियों की तलाश में है। विदेशों में इन अधिकारियों की नियुक्ति का मकसद व्यापार आधारित मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन स्थानों के लिए विदेश में सीमाशुल्क खुफिया नेटवर्क (कॉइन) अधिकारी चुनने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीआरआई सीमाशुल्क धोखाधड़ियों और तस्करी पर नजर रखने वाली शीर्ष एजेंसी है। उन्होंने बताया कि दुबई और हांगकांग में इन अधिकारियों की नियुक्ति भारतीय वाणिज्यदूतावास में वाणिज्य दूत के तौर पर की जाएगी। वहीं लंदन और ब्रसेल्स के भारतीय उच्चायोग में इनकी नियुक्ति प्रथम सचिव के तौर पर की जाएगी। यह पहली दफा नहीं है जब लंदन या अन्य स्थानों पर कॉइन अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। इस साल की शुरुआत में सरकार ने बीजिंग दूतावास और गुआंगझोऊ के भारतीय वाणिज्य दूतावास में कॉइन अधिकारियों की नियुक्ति की थी। इससे पहले नेपाल, सिंगापुर और अमेरिका समेत कई अन्य देशों में कॉइन अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि कॉइन अधिकारी विदेशों में घटित होने वाले व्यापार आधारित मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय धोखाधड़ी मामलों की जांच में अहम भूमिका अदा करते हैं। इन अधिकारियों का चयन एक समिति करेगी जिसमें विदेश मंत्रालय से भी सहमति ली जाएगी। इन्हें अंतिम मंजूरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली नियुक्ति मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति देगी। इस नियुक्ति में रुचि रखने वाले अधिकारी बृहस्पतिवार तक आवेदन कर सकते हैं। उनकी वार्षिक प्रदर्शन रपट को इसके लिए प्रमुख तरजीह दी जाएगी। जिन अधिकारियों के पास डीआरआई, प्रवर्तन निदेशालय, मादक द्रव्य नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और सीमा शुल्क (रोकथाम) में काम करने का अनुभव है, वह इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

## एनसीएलटी ने डीएचएफएल के खिलाफ दिवाला कार्रवाई की याचिका स्वीकार की

**मुंबई।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने आवास ऋण कंपनी डीएचएफएल के खिलाफ दिवाला कार्वाई का मामला स्वीकार कर लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले शुक्रवार को कंपनी के ऋण और तरलता संकट के हल के वास्ते दिवाला कार्वाई के लिए आवेदन किया है। डीएचएफएल वित्तीय क्षेत्र की पहली कंपनी है जिसे दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। इस याचिका को स्वीकार करते हुए एनसीएलटी की पीठ ने कहा कि यह अपील स्वीकार किए जाने योग्य है। देश की तीसरी सबसे बड़ी आवास ऋण कंपनी काफी समय से नकदी संकट से जूझ रही है। केंद्रीय बैंक ने 20 नवंबर को कंपनी के निदेशक मंडल को भंग करते हुए इसे प्रशासक के तहत भेज दिया था। इसके बाद रिजर्व बैंक ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि वह डीएचएफएल को दिवाला कार्वाई के लिए भेजेगा।


# आम्रपाली मामला: शीर्ष न्यायालय ने घर खरीदारों को 31 जनवरी तक बकाए का भुगतान करने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को आम्रपाली के घर खरीदारों को 31 जनवरी तक बकाया राशि का भुगतान किस्तों में या एक बार में करने के निर्देश दिए हैं ताकि आम्रपाली की फंसी परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाई जा सके। न्यायालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी को आम्रपाली की आठ परियोजनाओं का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। इनमें आम्रपाली जोडियाक , सफायर फेज। और फेज 2, सिलिकॉन सिटी। और 2, प्रिंसली एस्टेट , सेंचुरियन पार्क लो राइज और ह्र2 वैली शामिल हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की इन परियोजनओं में करीब 11,258 फ्लैट हैं। शीर्ष न्यायालय ने 28 बैंकों से भी एक महीने के भीतर घर खरीदारों को लंबित रकम का वितरण करने के लिए कहा है। इन बैंकों ने आवास ऋण देने के लिए सीधे घर खरीदारों या फिर आम्रपाली समूह के जरिए खरीदारों के साथ करार किया था। न्यायालय ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से पूछा है कि क्या केंद्र द्वारा घोषित 25,000 करोड़ रुपए के कोष से कुछ राशि का उपयोग कर्ज के रूप में अटकी पड़ी आम्रपाली परियोजनाओं के लिए किया जा सकता है और इसके क्या तौर - तरीके हैं। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और यू . यू . ललित की पीठ ने कहा ," करीब 3000 करोड़ रुपए के बकाए में घर खरीदारों ने अब तक सिर्फ 105 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। हम घर खरीदारों को 31 जनवरी 2020 तक लंबित राशि का भुगतान किस्तों या फिर एक बार में करने का निर्देश देते हैं। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के संयुक्त निदेशक राजेश्वर सिंह ने न्यायालय को सूचित किया कि एजेंसी को पहली नजर में ही मामले में बहुराष्ट्रीय कंपनी जेपी मार्गन द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून 1999 (फेमा) के उल्लंघन के सबूत मिले हैं। इस दौरान कंपनी के भारत में प्रमुख की आम्रपाली समूह के साथ किए गए लेनदेन के बारे में बयान को रिकार्ड भी किया गया।

## एस बैंक की एनसीएलटी से जेपी हेल्थकेयर के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू करने की अपील

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एस बैंक ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, इलाहाबाद से जेपी हेल्थकेयर के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। यह दिवाला हो चुकी जेपी इन्फ्राटेक की अनुषंगी इकाई है। संकट में फंसे जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. जेपी इन्फ्राटेक की प्रवर्तक है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा सात के तहत एस बैंक ने एनसीएलटी, इलाहाबाद के समक्ष जेपी हेल्थकेयर लि. के खिलाफ दिवाला कार्वाई शुरू करने के लिए याचिका दायर की है। जेपी इन्फ्राटेक पहले ही दिवाला प्रक्रिया में है। कंपनी के मामलों, कारोबार और संपत्तियों की देखरेख अंतरिम समाधान पेशेवर अनुज जैन द्वारा की जा रही है।





# टोयोटा किर्लोस्कर की बिक्री नवंबर में 19 प्रतिशत रही

भाषा। नई दिल्ली

**टोयोटा** किर्लोस्कर मोटर के वाहनों की बिक्री नवंबर में 18.86 प्रतिशत घट कर 9,241 इकाई रही। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले साल इसी माह 11,390 वाहन बेचे थे। बयान के मुताबिक आलोच्य माह में कंपनी ने घरेलू बाजार में 8,312 वहन बेचे जबकि एक साल पहले बक्री का आंकड़ा 10,721 था। यह बिक्री में 22 प्रतिशत गिरावट दर्शाता है। कंपनी अपने विनिर्माण की श्रृंखला में सुधार कर रही है। वह प्रदूषण मानक बीएस [8360]6 को अपनाने जा रही। इसके लिए पुराना स्टॉक दिसंबर तक निकालने का प्रयास है। इस दौरान इसका निर्यात 38.86प्रतिशत बढ़ कर 929 इकाई तक पहुंच गया। एक साल पहले इसी माह निर्यात 669 इकाई का रहा।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप प्रबंध-निदेशक एन राज ने कहा, हम जानबूझ कर डीलरों को वाहनों की बिक्र कम कर रखे हैं। ताकि उनके पास जमा स्टॉक कम रहे और बाजार में ऊंची पेशकश न करनी पड़े। हम अपने उत्पादन को समायोजित कर रहे हैं ताकि अप्रैल 2020 में बीएस6 मानक के वाहनों के आने से पहले हमारे डीलरों पर दबाव न बढ़े। उन्होंने कहा कि बाजार में सकारात्मक भाव नवंबर 2019 में भी बना रहा और यह बात सभी मॉडल के उसके वाहनों के लिए ग्राहकों के आर्डर में उछाल से झलकती है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि निकट भविष्य में खुदरा ब्रकी में यह गति बनी रहेगी।




## एस्कार्ट्स टैक्ट्रर की बिक्री नवंर में 4.5 प्रतिशत गिरी

**नई दिल्ली।** एस्कॉर्ट्स लि के ट्रैक्टरों की बिक्री इस वर्ष नवंबर महीने में 4.5 प्रतिशत गिरकर 7,642 इकाई रही। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। नवंबर 2018 में इसने 8005 ट्रैक्टर बेचे थे। कंपनी ने बताया कि इस दौरान घरेलू बाजार में उसके 7,379 ट्रैक्टर बिके। एक साल पहले यह आंकड़ा 7,641 का था। नवंबर 2019 में कंपनी का निर्यात घट कर 263 इकाई रह गया। पिछले साल इसी महीने में इसने 364 ट्रैक्टर विदेशों में बेचे थे।

## सुजूकी मोटरसाइकिल की बिक्री नवंबर में 23.29 प्रतिशत बढ़कर 69,755 इकाई पर पहुंची

**नई दिल्ली।** सुजूकी मोटरसाइकिल इंडिया प्रा. लि. (एसएमआईपीएल) ने सोमवार को कहा कि नवंबर माह में उसकी बिक्री 23.39 प्रतिशत बढ़कर 69,755 मोटरसाइकिल तक पहुंच गई। एसएमआईपीएल ने यहां जारी वक्तव्य में कहा कि एक साल पहले नवंबर में उसने 56,531 मोटरसाइकिल की बिक्री की थी।सुजूकी मोटरसाइकिल इंडिया की घरेलू बाजार में बिक्री नवंबर माह के दौरान 60,855 इकाई रही। इससे पहले नवंबर 2018 में यह 53,058 इकाई रही थी। यह वृद्धि 14.69 प्रतिशत की रही। एसएमआईपीएल के प्रबंध निदेशक कोईचिरो हीराव ने कहा, सुजूकी ने त्योहारी मौसम के बाद भी बिक्री में वृद्धि का क्रम जारी रखा है। उन्होंने कहा कि पुराने सुजूकी वाहनों की मांग को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने इस्तेमाल की गई दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में भी कदम रखा है। इस व्यवसाय के लिए कंपनी ने बेंगलूरू, एजल और सूरत में शोरूम खोला है।

## बजाज ऑटो की बिक्री नवंबर में हल्की घटी

**नई दिल्ली।** बजाज आटो की बिक्री इस वर्ष नवंबर महीने में 0.9ञ गिर कर 4,03,223 इकाई रही। कंपनी ने गत वर्ष इसी माह 4,06,930 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बीएसई एक्चेंज को सोमवार को सूचित किया कि नवंबर 2019 में उसकी घरेलू बाजार में बिक्री 2,07,775 रही। यह पिछले वर्ष इसी माह हुई 2,34,818 इकाई की बिक्री की तुलना में 11.5 कम है। इस दौरान इसकी मोटरसाइकिलों की कुल बिक्री 3,43,446 इकाई रही जो पिछले वर्ष नवंबर के 3,46,544 इकाई की तुलना में 0.8 प्रतिशत कम है। इसी तरह वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री घट कर 59,777 इकाई रही। यह आंकड़ा एक साल पहले 60,386 वाहन का था। कंपनी ने बताया कि इस बार नवंबर में उसने।,95,448 वाहनों का निर्यात किया। गत वर्ष नवंबर में निर्यात का आंकड़ा।,72,112 इकाई था।

# हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री नवंबर में 15.31 प्रतिशत घटी

भाषा। नई दिल्ली

**देश की** सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की कुल बिक्री 15.31 प्रतिशत घटकर 5,16,775 वाहन रही। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इससे पिछले साल इसी माह में कंपनी की कुल बिक्री 6,10,252 वाहन थी। समीक्षावधि में कंपनी की कुल मोटरसाइकिल बिक्री 4,79,200 वाहन रही जो पिछले साल की इसी अवधि में बिके 5,43,982 वाहन की तुलना में कम है। वहीं स्कूटर की बिक्री 37,575 इकाई रही जो इससे पिछले साल इसी अवधि में 66,270 वाहन थी। कंपनी की घरेलू बिक्री इस दौरान 15.82 प्रतिशत घटकर 5,05,994 वाहन रही जो इससे पिछले साल इसी अवधि में 6,01,045 वाहन थी। इस दौरान कंपनी का निर्यात 17 प्रतिशत बढ़कर 10,781 वाहन रहा जो पिछले साल इसी अवधि में 9,207 वाहन था।

कंपनी ने कहा कि अक्टूबर 2019 में रिकॉर्ड त्यौहारी खुदरा बिक्री की है। कंपनी बीएस-6 वाहनों की आसानी से बाजार में पहुंच सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने बीएस-6 मानक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर आईस्मार्ट की खुदरा बिक्री शुरू कर दी है। साथ ही कंपनी ने बीएस-6 वाहनों का उत्पादन बढ़ा दिया है।

## टीवीएस मोटर की बिक्री नवंबर में 16 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** दोपहिया-तिपहिया वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी की कुल बिक्री नवंबर में 16.64 प्रतिशत घटकर 2,66,582 वाहन रही। इससे पिछले साल इसी अवधि में कंपनी की बिक्री 3,19,965 वाहन थी।

कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि समीक्षावधि में उसकी दोपहिया वाहन बिक्री 2,49,350 वाहन रही जो इससे पिछले साल की इसी अवधि की 3,07,142 वाहन बिक्री के मुकाबले 18.81 प्रतिशत कम है। कंपनी की घरेलू दोपहिया वाहन बिक्री समीक्षावधि में।,91,222 वाहन रही जो पिछले साल नवंबर की 2,60,253 वाहन वाहन बिक्री से 26.52 प्रतिशत कम है। इस दौरान कंपनी का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़कर 74,060 वाहन रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 58,476 वाहन रहा था।

# अमेरिका पर चीन ने किया पलटवार

## अमेरिकी युद्धपोत को हांगकांग भेजने संबंधी आवेदन को रद्द किया, कई संगठनों पर प्रतिबंध भी लगाया

एएफपी। बीजिंग

**हांगकांग** में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों के समर्थन में अमेरिका द्वारा कानून बनाए जाने के जवाबी कार्रवाई में चीन ने सोमवार को अमेरिकी युद्धपोत को हांगकांग भेजने संबंधी अमेरिका के आवेदन को रद्द कर दिया और इसके साथ ही कई अमेरिकी गैर सरकारी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया। अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र हांगकांग में पूरी स्वायत्तता की मांग को लेकर पिछले करीब छह महीने से भारी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी संसद में पारित हो चुके हांगकांग मानवाधिकार एवं लोकतंत्र अधिनियम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले हफ्ते हस्ताक्षर कर दिए, जिसके तहत राष्ट्रपति को हांगकांग के तरजीही व्यापार दर्जे की सालाना समीक्षा करने का अधिकार है और अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र की स्वायत्तता खत्म होने की स्थिति में इसे वापस लिए जाने का प्रावधान किया गया है। यह कदम तब उठाया गया है जब दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अपने बीच चल रहे व्यापार युद्ध को खत्म करने की दिशा में प्रथम चरण के व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रही हैं।



● यह कदम तब उठाया गया है जब दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अपने बीच चल रहे व्यापार युद्ध को खत्म करने की दिशा मे प्रथम चरण के व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में लगी हैं

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिका के अनुचित व्यवहार के जवाब में, चीन सरकार ने हांगकांग में अमेरिकी युद्धपोत भेजने के आवेदनों की समीक्षा निलंबित करने का फैसला किया है। चीन ने इससे पहले भी अगस्त में दो अमेरिकी नौसैन्य जहाजों को हांगकांग में डॉक करने के अनुरोध को बिना कारण बताए ठुकरा दिया था। हुआ ने कहा कि हांगकांग में हालिया अशांति को लेकर खराब बर्ताव करने के लिए वे कई अमेरिकी गैर सरकारी संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाएंगे, हालांकि उन्होंने प्रतिबंधों के स्वरूप के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ए प्रतिबंध नेशनल एंडोमेंट फॉर डेमोक्रेसी, ह्यूमन राइट्स वॉच एंड फ्रीडम हाउस जैसे एनजीओ पर लागू होंगे।

### मॉरीशस में पूर्व संस्कृति मंत्री राष्ट्रपति बने

**पोर्ट लुई, मॉरीशस (एएफपी)।** मॉरीशस में सांसदों ने सोमवार को पूर्व कला एवं संस्कृति मंत्री पृथ्वीराज सिंह रूपन को इस द्वीपीय राष्ट्र का राष्ट्रपति चुना। यह काफी हद तक एक औपचारिक पद है। उनकी पूर्ववर्ती अमीना गुरिब फकीम ने एक विवाद के बाद मार्च 2018 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन पर विलासिता की निजी वस्तुएं खरीदने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने का आरोप है। उन्होंने कुछ भी गलत करने से इनकार किया था। मॉरीशस में प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है और उसे ही सबसे ज्यादा राजनीतिक शक्ति होती हैं जबकि राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष होता है लेकिन उसकी कोई कार्यकारी भूमिका नहीं होती है और उसे संविधान का संरक्षक माना जाता है। रूपन (61) एक वकील हैं और पहली बार 2000 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए थे। वह क्षेत्रीय प्रशासन, सामाजिक एकीकरण और कला एवं संस्कृति मंत्री रह चुके हैं। मॉरीशस में नवंबर में चुनाव हुए थे जिसमें प्रविंद जगन्नाथ को एक बार फिर पांच साल के लिए प्रधानमंत्री चुन लिए चुना गया था।



ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन (बाएं) और लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कॉर्बिन ने लंदन हमले के पीड़ितों और माननीय सदस्यों को याद करने के लिए सोमवार को लंदन के गिल्डहॉल यार्ड में एक कार्यक्रम में

# ट्रंप महाभियोग मामले की सुनवाई में नहीं लेंगे हिस्सा

भाषा। वाशिंगटन

**डोनाल्ड** ट्रंप या उनके वकील बुनियादी प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने और पारदर्शिता नहीं बरते जाने के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ सोमवार को महाभियोग की सुनवाई में हिस्सा नहीं लेंगे। ट्रंप पर आरोप हैं कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में संभावित प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन समेत अपने प्रतिद्वंद्वियों की छवि खराब करने के लिए यूक्रेन से गैरकानूनी रूप से मदद मांगी। ट्रंप की वकील पैट सिपोलोन ने प्रतिनिधि सभा में न्यायिक समिति के डेमोक्रेटिक अध्यक्ष जेरोल्ड नैडलर को रविवार को एक पत्र में आरोप लगाया कि जानबूझकर सुनवाई का समय ऐसे वक्त रखा गया है जब ट्रंप देश के बाहर होंगे।

उन्होंने पत्र में कहा, आपने जानबूझकर ऐसे वक्त सुनवाई शुरू करने का कार्यक्रम रखा है, जबकि आप भली भांति जानते हैं कि राष्ट्रपति लंदन में नाटो नेताओं की बैठक में शिरकत करने के लिए देश के बाहर होंगे। इसमें कहा गया आपको पता है कि यह आधारहीन और भेदभावपूर्ण जांच बुनियादी प्रक्रिया, निष्पक्षता के सभी मापदंडों का उल्लंघन करती है।

● ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में संभावित प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन समेत अपने प्रतिद्वंद्वियों की छवि खराब करने के लिए यूक्रेन से गैरकानूनी रूप से मदद मांगी

इसमें कहा गया, हमसे सुनवाई में भाग लेने की उम्मीद नहीं की जा सकती जबकि अभी तक गवाहों के नाम भी नहीं बताए गए हैं और यह भी अस्पष्ट है कि क्या न्यायिक समिति अतिरिक्त सुनवाई के जरिए निष्पक्ष प्रक्रिया का पालन करेगी।पत्र में कहा गया, मौजूदा परिस्थितियों के मुताबिक बुधवार को होने वाली सुनवाई में भाग लेने का हमारा इरादा नहीं है। सदन की न्यायिक समिति बुधवार को इस पर सुनवाई शुरू करेगी कि क्या जांच में शामिल किए गए सबूत राजद्रोह, घूस या अन्य उच्च अपराधों और खराब आचरण के आधार पर संवैधानिक रूप से महाभियोग चलाने के मानकों को पूरा करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने महाभियोग प्रक्रिया के बारे में कहा था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

# पुतिन, शी ने ऐतिहासिक रूस-चीन गैस पाइपलाइन की शुरुआत की

एएफपी। मास्को

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी नेता शी चिनफिंग ने दोनों देशों को जोड़ने वाली पहली गैस पाइपलाइन की शुरूआत की।

पुतिन ने एक समारोह के दौरान कहा, यह ऐतिहासिक घटना न केवल वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए, बल्कि रूस तथा चीन के लिए, हमारे और आपके लिए महत्वपूर्ण है। टेलीविजन पर इस समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। शी ने रूसी टेलीविजन पर अनुवादित बयानों में कहा कि यह परियोजना हमारे देशों के बीच एक पारस्परिक लाभप्रद सहयोग का एक मॉडल के रूप में काम कर रही है।




चीनी राष्ट्रपति ने कहा, चीन-रूस संबंधों का विकास हमारे दोनों देशों के लिए विदेश नीति की एक प्राथमिकता है और रहेगी। रूसी गैस कंपनी गजप्रोम के प्रमुख अलेक्सी मिलर ने कहा कि लगभग 10,000 लोगों ने इस विशाल पाइपलाइन के निर्माण के लिए काम किया था। उन्होंने कहा, गैस चीनी जनवादी गणराज्य की पाइपलाइन प्रणाली में जा रही है। उल्लेखनीय है कि 3000 किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन पूर्वी साइबेरिया के दूरदराज के इलाकों से सीमा पर ब्लागोवेशचेंस्क तक जाती और फिर चीन में जाती है।

## ब्राजील में संदिग्धों का पीछा करते हुए पार्टी में घुसी पुलिस से झड़प में नौ लोगों की मौत

एपी। रियो डी जिनेरियो

**ब्राजील** में संदिग्धों का पीछा कर रहे पुलिस अधिकारी साउ पाउलो की मलिन बस्ती में चल रही एक पार्टी में घुस गए जिसके कारण वहां भगदड़ मच गई और नौ लोगों की मौत हो गई। ब्राजील के अधिकारियों ने रविवार को यह बताया। सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि पुलिस एक अभियान चला रही थी, उसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने उन पर हमला किया। दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई और पुलिस अधिकारियों ने संदिग्धों का पीछा किया। संदिग्ध एक पार्टी में घुस गए। पारेसपोलिस जिले में हो रही उस पार्टी में हजारों लोग थे।

पुलिस प्रवक्ता एमर्सन मासेरा ने ग्लोबो न्यूज को बताया कि वहां मौजूद लोगों ने अधिकारियों पर पथराव किया गया और उन पर बोतलें फेंकी। इस दौरान संदिग्ध लगातार गोलियां चलाते रहे। इसके जवाब में पुलिस ने भी रबड़ बुलेट तथा आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस के अनुसार, इसके बाद संदिग्ध एक संकरी गली की ओर भागने लगे। इस दौरान भगदड़ मच गई और इसमें नौ लोगों की जान चली गई। मासेरा ने बताया कि संदिग्धों ने पुलिस से बचने के लिए लोगों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया। संदिग्ध आखिरकार भाग गए।



श्रीलंका के विदेश मंत्री दिनेश गनवार्डन ने सोमवार को कोलंबो में अपने पाकिस्तानी समकक्ष शाह महमूद कुरैशी से भेंट की

# पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया से मुलाकात की

भाषा। कोलंबो

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को यहां श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से मुलाकात की और व्यापार, निवेश तथा जनता के स्तर पर संपर्क समेत कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

पाकिस्तान विदेश कार्यालय के अनुसार कुरैशी ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का एक पत्र श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटबाया को सौंपा और उन्हें अपनी सहूलियत के अनुसार जल्द से जल्द इस्लामाबाद की यात्रा पर आमंत्रित किया। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने एक ट्वीट किया, विदेश मंत्री ने श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात की। व्यापार, निवेश और जनता के स्तर पर संपर्क समेत द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति का एक पत्र श्रीलंकाई राष्ट्रपति को सौंपा और उन्हें पाकिस्तान की यात्रा के लिए आमंत्रित किया। इससे पूर्व कुरैशी ने श्रीलंका के अपने समकक्ष दिनेश गुणावर्धने से बात की और उन्हें कश्मीर की गंभीर स्थिति के बारे में अवगत कराया।

दोनों नेताओं ने यहां मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और पर्यटन समेत कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कुरैशी रविवार की रात श्रीलंका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे थे। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने सोमवार को कहा कि कुरैशी और गुणावर्धने ने कई मुद्दों पर चर्चा की और दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के इच्छुक थे।

फैसल ने एक ट्वीट में कहा, विदेश मंत्री की श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने अगवानी की। व्यापार, निवेश और पर्यटन समेत कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, विदेश मंत्री ने अपने श्रीलंकाई समकक्ष को जम्मू कश्मीर में गंभीर स्थिति और मानवाधिकार संकट के बारे में जानकारी दी। चर्चा के बाद कुरैशी ने मीडिया को बताया कि श्रीलंका के विदेश मंत्री के साथ उनकी बैठक उत्कृष्ट रही और गुणावर्धने को इस्लामाबाद आने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री खान ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को भी पाकिस्तान की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है।

## पाकिस्तान में छात्रों के प्रदर्शन के सिलसिले में आयोजकों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के विश्वविद्यालयों में छात्र संघों की बहाली की मांग को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन के सिलसिले में एक युवा नेता को गिरफ्तार किया गया है तथा प्रदर्शन के आयोजकों और प्रतिभागियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं।

मीडिया में सोमवार को आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान में सैन्य तानाशाह जनरल जिया-उल-हक ने 1984 में छात्र संघों पर प्रतिबंध लगा दिया था और छात्रों की मांग के बावजूद उन्हें पूरी तरह बहाल नहीं किया गया है। हजारों छात्रों ने छात्र संघों को बहाल करने और शिक्षण संस्थानों में सुविधाओं में सुधार को लेकर शुक्रवार को 50 बड़े शहरों में रैलियां की थीं। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार लाहौर में सिविल लाइंस पुलिस ने सरकार के कहने पर मार्च के आयोजकों और 250 से 300 प्रतिभागियों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया है।

शहर के एक पुलिस अधिकारी जुल्फिकार हमीद ने बताया कि छात्रों के खिलाफ कथित रूप से भड़काउ भाषण देने और सरकार तथा उसकी संस्थाओं के खिलाफ नारेबाजी के लिए मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने आयोजकों में शामिल एक छात्र नेता को भी गिरफ्तार किया है। समाचार पत्र ने अधिकारी के हवाले से कहा, आयोजकों में से एक आलमगीर वजीर को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया। पुलिस इसके अलावा इस मामले में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करेगी।

### काबुल में दो खुफिया अधिकारियों की हत्या

**काबुल (एपी)।** अफगानिस्तान के एक अधिकारी ने कहा कि एक बंदूकधारी ने राजधानी काबुल में एक वाहन पर गोलियां बरसाईं जिसमें दो खुफिया अधिकारियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अफगान गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने कहा कि पुलिस सोमवार तड़के इस हमले को अंजाम देने वाले बंदूकधारी की तलाश कर रही है। रहीमी ने कहा कि पुलिस ने काबुल के पूर्वी जिला 9 इलाके को सील कर दिया है और हमलवार की तलाश जारी है। किसी भी समूह ने इस हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है।

## पाक सरकार ने सेना प्रमुख की पुनर्नियुक्ति पर कानून का मसौदा तैयार करने के लिए बनाई कमेटी

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने सेना प्रमुख की पुनर्नियुक्ति या उनके कार्यकाल के विस्तार पर नए कानून के मसौदे के लिए सोमवार को मंत्रियों की तीन सदस्ईय कमेटी गठित की। यह कवायद ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिन पहले शीर्ष अदालत ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को छह महीने के सशर्त कार्यकाल विस्तार की अनुमति दी थी।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, रक्षा मंत्री परवेज खट्टाक और योजना मंत्री असद उमर कमेटी में शामिल किए गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार को सेना प्रमुख की पुनर्नियुक्ति या कार्यकाल के विस्तार पर कानून बनाने या अन्य विकल्प के लिए छह महीने का समय देते हुए जनरल बाजवा को सेवा के नए नियम शर्तें तय होने तक चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) पर बने रहने की अनुमति दी थी। खबर के मुताबिक, कमेटी के सदस्य संसद में विपक्षी दलों के साथ भी नए कानून पर चर्चा करेंगे।

पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान मुद्दे पर अदालत में असहज स्थिति का सामना कर चुकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेतृत्व वाली सरकार को उम्मीद है कि छह महीने के भीतर जरूरी कानून को तैयार कर लिया जाएगा। अटॉर्नी जनरल अनवर मंसूर खान ने अदालत को बताया था कि संसद में छह महीने के भीतर नया कानून बन जाएगा। इसके बाद शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश आसिफ सईद खोसा के नेतृत्व वाली तीन सदस्ईय पीठ ने आदेश जारी किया था।

## क्विक न्यूज

### समोआ में खसरे का प्रकोप बढ़ा, 50 बच्चों की मौत

**वेलिंगटन (एपी)।** समोआ मे खसरे से 50 बच्चो की मौत हो गई है और इसके बढ़ते कहर को देखते हुए अधिकारियो ने पूरी आबादी का टीकाकरण करना शुरू कर दिया है। दक्षिण प्रशांत देश की सरकार ने सोमवार को बताया कि खसरे के बढ़ते प्रकोप के कारण पिछले कुछ दिनो मे पांच बच्चो की जान गई है। अक्टूबर से अभी तक 53 लोगो की मौत हो चुकी है। इनमे एक व्यस्क और दो किशोर शामिल है। खसरे की चपेट मे यहां अधिक्तर बच्चे आए है। इन बच्चो मे से 23 की उम्र 12 महीने से कम थी और बाकी 25 बच्चो की उम्र एक से चार वर्ष के बीच थी। समोआ ने पिछले महीने आपात स्थिति की घोषणा कर दी थी और यहां रहने वाले 2,00,000 लोगो को अनिवार्य रूप से टीका लगवाने को कहा था। पिछले महीने से पहले 33,000 लोगो का टीकाकरण हो गया था और उसके बाद से अब तक 58,000 लोगो को टीका लगाया गया है।

### सू ची के समर्थन में म्यामां में सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली

**यंगून (एपी)।** म्यामां की नेता आंग सान सू ची के समर्थन मे रविवार को करीब 700 लोगो ने रैली निकाली।संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च न्यायालय मे सू ची जातीय सफाए के आरोपो से देश का बचाव करने वाली है। सू ची की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी के लोग म्यामां के सबसे बड़े शहर यंगून के सिटी हॉल के सामने बड़ी संख्या मे एकत्रित हुए। उन्होने राष्ट्रीय ध्वज फहराए और संगीत तथा कविता पाठ का आनंद उठाया। उनके पास जो बैनर थे उन पर लिखा था मां सू ची, हम आपके साथ है। हेग की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत मे जो मामला चल रहा है वह अगस्त 2017 मे मुस्लिम रोहिंग्या समुदाय के खिलाफ म्यामां की सेना केसख्त अभियान से जुड़ा है। इस अभियान से खौफ से 7,00,000 रोहिंग्या बांग्लादेश भाग गए थे। इसे जातीय सफाए का अभियान माना गया था जिसमे बड़े पैमाने पर हत्या, बलात्कार और घरो को जलाने की घटनाएं हुई थी। गाम्बिया ने ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कॉपरेशन की ओर से इस मामले मे आईसीजे मे मामला दायर किया था। सुनवाई 10 दिसंबर से शुरू होगी।

### अमेरिका में सड़क हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका मे टेनेसी राज्य के दक्षिण नैशविले मे एक सड़क दुर्घटना मे दो भारतीय छात्रो की मौत हो गई। अधिकारियो ने बताया कि जूडी स्टेनली (23) और वैभव गोपीसेट्टी (26) टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी के स्नातक के छात्र थे और वे कॉलेज ऑफ एग्रीक्लचर से खाद्य विज्ञान की पढ़ाई कर रहे थे। विश्वविद्यालय के छात्रो ने भारत मे इनके अंतिम संस्कार का बंदोबस्त करने के लिए 42,000 डॉलर से अधिक का फंड जुटाया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, ऐसा लग रहा है कि स्टेनली और गोपीसेट्टी की 28 नवंबर की रात को हिट एंड रन मामले मे मौत हो गई।

## फिलीपीन्स में शक्तिशाली तूफान कम्मूरी के पहुंचने से पहले हजारों लोगों ने छोड़ा घर

एएफपी। मनीला

**शक्तिशाली** तूफान कम्मूरी के फिलीपीन्स की ओर बढ़ने के कारण कई हजार लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। साथ ही राजधानी मनीला के पास होने वाले दक्षिणपूर्वी एशियाई खेलों (एसईए) पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

कम्मूरी के सोमवार देर रात या मंगलवार तड़के देश के पूर्वी हिस्से में पहुंचने की आशंका है। इसके यहां पहुंचने के साथ ही भारी बारिश होने और 185 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की आशंका है। इसके बाद यह तूफान मनीला पहुंच सकता है जहां 1.3 करोड़ लोग रहते हैं और यहां दक्षिण एशियाई खेलों की कई स्पर्धाओं का आयोजन भी होना है। बिकोल क्षेत्र से अभी तक करीब 70,000 लोग अपने घर छोड़ने चुके हैं। इसी क्षेत्र में तूफान के सबसे पहले पहुंचने की आशंका है।

राष्ट्रीय आपदा एजेंसी के प्रवक्ता मार्क टिम्बल ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि वहां कोई नुकसान नहीं पहुंचे लेकिन उसकी (कम्मूरी की) तीव्रता को देखते हुए इसे टाला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, हमने एहतियाती तौर उन इलाकों से लोगों को हटा दिया है, जो सीधे तूफान की चपेट में आएंगे।

# सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे वाले शहर पर हवाई हमला, 10 की मौत

एपी। बेरूत

**सीरिया** के उत्तर पश्चिमी हिस्से में बागियों के कब्जे वाले एक शहर के बाजार पर हुए हवाई हमले में कम से कम 10 आम लोगों की मौत हो गई है। ब्रिटेन आधारित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि मारत अल-नोमान के बाजार पर हुए हवाई हमले में 10 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य जख्मी हैं।अलेप्पो मीडिया सेंटर ने भी 10 लोगों के मरने और दर्जनों के घायल होने की बात कही है।

मारत अल-नोमान इदलिब प्रांत में है जो बागियों का आखिरी गढ़ है। सीरियाई फौज ने इस साल के शुरू में इदलिब के खिलाफ चार महीने का अभियान चलाया था। इदलिब में अल-कायदा से संबंधित आतंकवादियों का प्रभुत्व है।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन फ्रांसीसी बाढ़ बचावकर्मियों की मौत हो गयी

**नाइस (एएफपी)।** बाढ़ प्रभावित दक्षिणी फ्रांस में बचाव मिशन पर रहने के दौरान मर्सिली के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे में तीन आपात कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

दक्षिणी फ्रांस में बाढ़ के कारण अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है।कर्मियों के ईसी 145 हेलीकॉप्टर से रविवार रात को रेडियो और रडार संपर्क टूट गया था। ए कर्मी तलाश एवं बचाव अभियान के लिए वार क्षेत्र में थे जब उनके विमान से संपर्क होना बंद हो गया। गृह मंत्री क्रिस्टोफ कास्टनर और उनके विदेश मंत्री लॉरेंट नूनेज ने एक बयान में बताया कि देर रात डेढ़ बजे तीनों का शव रोव नगर के पास मिला। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

कास्टनर और नूनेज ने कहा, जहां फ्रांस अपने 13 सैनिकों को आज श्रद्धांजलि देने की तैयारी कर रहा था जो उसकी सेवा करते हुए (माली में) शहीद हुए, वहीं दूसरी तरफ देश ने अपने तीन नायक खो दिए जिन्होंने फ्रांस को बचाने में अपने जीवन का बलिदान दिया। फ्रेंच रिवेरा में रविवार को बाढ़ के कारण दो लोगों की मौत हो गई थी।

## कैलिफोर्निया में भारतीय छात्र की हत्या के आरोपी अमेरिकी नागरिक ने आत्मसमर्पण किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के सैन बर्नार्डिनो में भारतीय छात्र अभिषेक सुदेश भट की हत्या के आरोपी अमेरिकी नागरिक ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

सैन बर्नार्डिनो पुलिस विभाग ने रविवार को बताया कि 42 वर्षीय एरिक टर्नर ने शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। उसे एक मोटल के बाहर 25 वर्षीय सुदेश की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जहां सुदेश पार्ट-टाइम काम करता था। कर्नाटक के मैसूरु के रहने वाला अभिषेक सैन बर्नार्डिनो में कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा था। टर्नर ने बृहस्पतिवार दोपहर मोटल के बाहर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया था।

सैन बर्नार्डिनो पुलिस विभाग ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। अभी यह नहीं पता चला है कि टर्नर ने सुदेश की हत्या क्यों कीौन बर्नार्डिनो के सार्जेंट अल्बर्ट टेलो ने एक बयान में कहा, संदिग्ध की पहचान की जा चुकी थी और शनिवार को उसने अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। गोलीबारी का मकसद पता लगाया जा रहा है।

# पेस एक साल से ज्यादा नहीं खेलेंगे

## ● संन्यास लेने के संकेत : मेरी जगह अब नई पीढ़ी को लेनी चाहिए : पेस

**भाषा।** नई दिल्ली



डेविस कप जीतने के बाद नई दिल्ली के एयरपोर्ट पर पहुंचने पर भारतीय टीम का स्वागत हुआ

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने सोमवार को संन्यास लेने के संकेत देते हुए कहा कि वह अब अपना करियर पूरा कर लिया है और अब एक साल से ज्यादा नहीं खेलना चाहते हैं। कई शीर्ष खिलाड़ियों के इस्लामाबाद जाने से इन्कार करने के बाद पेस को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए भारत की डेविस कप टीम में चुना गया। इस 46 वर्षीय खिलाड़ी ने डेविस कप में 44वां युगल मैच जीतकर खुद के रिकार्ड में सुधार किया। भारत ने इस मुकाबले में पाकिस्तान को 4-0 से हराया। पेस ने पत्रकारों से कहा, अब मैं अपने अनुभव के दम पर जीत दर्ज करता हूं लेकिन टीम के हितों को देखते हुए मुझे एक साल से अधिक नहीं खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय तक नहीं खेलूंगा। मैंने डेविस कप में 30 साल का शानदार समय बिताया। मैंने अपना करियर देश के लिए खेलते हुए बिताया है। पेस ने हालांकि अगर जरूरत पड़ी तो वह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, अगर मुझे किसी मुकाबले के लिए बुलाया जाता है तो कैसी भी परिस्थितियां हों मैं देश का प्रतिनिधित्व करूंगा। अटलांटा ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ने इसके साथ ही कहा कि भारतीय टेनिस का अभी मुख्य उद्देश्य अभी नई और युवा टीम तैयार करना होना चाहिए। पेस ने कहा, मैं 46 साल का हो चुका हूं और मेरी जगह अब नई पीढ़ी को लेनी चाहिए। इसलिए वास्तव में इसे उद्देश्यपरक रूप में देखना चाहिए। युवा टीम तैयार करना महत्वपूर्ण है। कुल 18 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले पेस ने कहा कि उनकी भविष्य की योजनाओं में



युवाओं को कोचिंग देना भी शामिल है। उन्होंने कहा, मेरा ध्यान वास्तव में इस मुकाबले पर था। मुझे युवाओं को प्रेरित करना था। अब मैं अपने 2020 के सत्र के बारे में सोच रहा हूं। मैं इन 30 वर्षों के बारे में सोच रहा हूं जिन्हें मैंने अभी पूरा किया है। और मैं अपनी टीम के साथ मूल्यांकन करूंगा कि इस नए सत्र में क्या हो सकता है।
पेस ने कहा, कई अन्य चीजें हैं जो मुझे प्रेरित करती रही है। मेरा सपना युवा खिलाड़ियों को ओलंपिक पदक, विंबलडन चैंपियनशिप जीतने के लिए तैयार करना है।

# 600 से अधिक खिलाड़ियों को मिल रही पेंशन : रिजिजू

**भाषा।** नई दिल्ली

युवा एवं खेल मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों सहित अन्य प्रतियोगिताओं के 600 से अधिक पदक विजेताओं को आजीवन पेंशन सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। रिजिजू ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक सवाल के जवाब में बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इन खिलाड़ियों को केन्द्र सरकार की पेंशन योजना के तहत मासिक पेंशन दी जाती है। उन्होंने कहा कि बदहाली में जी रहे कुछ खिलाड़ियों के मामले संज्ञान में आने पर पेंशन के प्रस्ताव पर सक्रियता दिखाते हुए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों के सन्यास लेने के बाद आजीवन मासिक पेंशन देने की यह योजना शुरु की गई। इसके तहत वर्तमान में 627 खिलाड़ियों को 12 हजार से 20 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है।

राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के कल्याण से जुड़े पूरक प्रश्न के उत्तर में रिजिजू ने कहा कि खेल राज्य का विषय है, राज्यों को अपने क्षेत्राधिकार में श्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान कर उनके कल्याण की योजनाएं शुरु करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं को भी बेहतर बनाना राज्यों की जिम्मेदारी है। इस दिशा में केन्द्रीय एजेंसी के रूप में भारतीय खेल प्राधिकरण देश के तमाम हिस्सों में स्टेडियम सहित सभी खेल सुविधाएं मुहैया कराता है। इनका खिलाड़ी निशुल्क उपयोग कर सकते हैं। राज्यों को भी इस क्रांतिकारी पहल का अनुसरण करना चाहिए।

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने जमशेदपुर को ड्रा पर रोका

**जमशेदपुर।** पी. त्रियादिस के इंजुरी टाइम में किए गए गोल से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने सोमवार को यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्टेडियम में खेले गए हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मैच में मेजबान जमशेदपुर एफसी को ।-। से ड्रा पर रोका।
सर्जियो कास्टेल के 28वें मिनट में गोल करके जमशेदपुर को ।-0 से आगे कर दिया था। लेकिन त्रियादिस ने इंजुरी टाइम में गोल दागकर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को हार से बचा लिया और जमशेदपुर को अंक बांटने पर मजबूर किया। इस ड्रा के बाद जमशेदपुर की टीम छह मैचों में 11 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।वहीं, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के छह मैचों से अब 10 अंक हो गए हैं और टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

## सूर्यकुमार रणजी ट्राफी के लिए मुंबई के कप्तान नियुक्त

**मुंबई।** बेहतरीन फार्म में चल रहे बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को सोमवार को मुंबई रणजी टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। यह 29 वर्षीय बल्लेबाज हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में शानदार फार्म में था जिसमें मुंबई सुपर लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, नए संविधान के अनुरूप उन्होंने (तदर्थ चयनसमिति) सूर्य को आमंत्रित किया और उन्हें कप्तान नियुक्त किया। मुंबई रणजी ट्राफी में अपना पहला मैच नौ दिसंबर से बड़ौदा के खिलाफ वड़ोदरा में खेलेगा।

## राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी के पहले दिन मीनाक्षी, ऋतुज और अंचू जीते

**कन्नूर (केरल)।** पंजाब की मीनाक्षी, चंडीगढ़ की ऋतुज और केरल की अंचू साबु ने चौथी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन सोमवार को यहां अपने अपने मुकाबले जीते। इस प्रतियोगिता में 33 टीमों के कुल 235 मुक्केबाज भाग ले रही हैं। पहले दिन कुल 23 मुकाबले हुए। पंजाब की मीनाक्षी (48 किग्रा) ने मेघालय की इवा मारबानियांग को 5-0 से हराया। ऋतुज ने लाइटवेट वर्ग में लद्दाख की डेचेन को आसानी से शिकस्त दी। अंचू साबू (48 किग्रा) ने बंगाल की मनिका कुमारी को हराया। सबसे दिलचस्प मुकाबला हालांकि असम की प्रिया गोर्थ और मध्यप्रदेश की अंजलि शर्मा के बीच देखने को मिला। दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में प्रिया को 3-2 से विजई घोषित किया गया। प्रतियोगिता में प्रारंभिक चरण के मुकाबले पहले चार दिन खेले जाएंगे। फाइनल आठ दिसंबर को होगा।

# आयु में हेराफेरी के लिए बीसीसीआई ने दिल्ली के खिलाड़ी को प्रतिबंधित किया

## ● प्रिंस राम निवास यादव को अंडर-19 टूर्नामेंट में किया था घालमेल

**भाषा।** नई दिल्ली

दिल्ली के क्रिकेटर प्रिंस राम निवास यादव को अंडर-19 टूर्नामेंट में आयु में हेराफेरी के मामले में दोषी पाए जाने के बाद बीसीसीआई ने अगले दो सत्र के लिए घरेलू क्रिकेट से प्रतिबंधित किया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के साथ पंजीकृत यादव को बीसीसीआई ने तुरंत प्रभाव से अयोग्य कर दिया है और साथ ही 2020-21 और 2021-22 घरेलू सत्र में उसके भाग लेने पर भी पाबंदी लगा दी है। डीडीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इसकी पुष्टि हो गई है। हमें बीसीसीआई से सूचना मिली है कि प्रिंस यादव को आयु में हेराफेरी का दोषी पाया गया है। बीसीसीआई ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर कार्वाई की जिसमें प्रिंस यादव की जन्मतिथि 10 जून 1996 थी लेकिन इस क्रिकेटर ने क्रिकेट बोर्ड को जो जन्म प्रमाण पत्र सौंपा था उसमें उसकी जन्मतिथि 12 दिसंबर 2001 दर्ज थी। डीडीसीए को भेजे ईमेल में बीसीसीआई ने कहा, प्रिंस राम निवास यादव (खिलाड़ी पहचान संख्या 12968), जिसे डीडीसीए ने 2018-19 सत्र में अंडर-19 आयु वर्ग में पंजीकृत किया और फिर 2019-2020 में पुन: पंजीकरण किया गया। इस क्रिकेटर ने हाल में जो जन्म प्रमाण पत्र सौंपा है उसके अनुसार उसकी जन्मतिथि 12 दिसंबर 2001 है। बीसीसीआई ने 30 नवंबर को डीडीसीए को भेजे पत्र में कहा, क्रिकेटर के अधिक उम्र का होने से संबंधित शिकायत पर कार्वाई करते हुए बीसीसीआई ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उससे संबंधित जानकारी मांगी और पता चला कि प्रिंस यादव ने 2012 में 10वीं की परीक्षा पास की और उनकी असल जन्म तिथि 10 जून 1996 है। बीसीसीआई ने कहा कि आयु वर्ग के टूर्नामेंटों में फायदे उठाने के लिए यादव ने एक से अधिक जन्म प्रमाण पत्र बनवाए। बोर्ड ने कहा, इसे देखते हुए प्रिंस यादव को तुरंत प्रभाव से अयोग्य किया जाता है और उनके बीसीसीआई के दो घरेलू सत्र 2020-21 और 2021-22 में बीसीसीआई के किसी भी टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध होगा। दो साल का प्रतिबंध पूरा होने के बाद उसे सिर्फ सीनियर पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने की स्वीकृति होगी। दिल्ली क्रिकेट में आयु धोखाधड़ी कोई नया मामला नहीं है। कुछ मामले तो पुलिस के पास भी लंबित पड़े हैं क्योंकि खिलाड़ी अब सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। मनजोत कालरा और हिम्मत सिंह ऐसे दो खिलाड़ी हैं जिनके खिलाफ आयु धोखाधड़ी के मामले लंबित हैं और वे अब दिल्ली की सीनियर टीम में हैं।

## घरेलू मैचों की मेजबानी शुल्क को बढ़ा सकता है बीसीसीआई

**कोलकाता।** सौरव गांगुली की अगुवाई वाला बीसीसीआई घरेलू मैचों के मेजबानी शुल्क को बढ़ा सकता है क्योंकि राज्य संघों ने बोर्ड की 88वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इसमें संशोधन करने का आग्रह किया था। इसके अलावा बीसीसीआई 60 साल की उम्र पूरी कर चुके 17 स्कोरर को सेवानिवृत करने के फैसले पर पुनर्विचार कर सकता है। रविवार को मुंबई में एजीएम के एक सदस्य ने यह मसला उठाया था। एजीएम में मौजूद एक सदस्य ने पीटीआई से कहा,



बोर्ड ने गैर अंतरराष्ट्रीय मैचों में मैच के दिनों के लिए मेजबानी शुल्क के रूप में टोकन राशि एक लाख रूपए प्रतिदिन निर्धारित की है। हमने इसमें संशोधन करने के लिए कहा और जिन दिनों मैच न हो उनके लिए भी शुल्क का प्रस्ताव रखा ताकि टीम के अभ्यास सत्र से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं और यात्रा से जुड़ी लागत की भरपाई हो सके। वर्तमान घरेलू सत्र के शुरू होने पर 17 स्कोररों को जबर्दस्ती सेवानिवृत कर दिया गया जबकि उन्हें पूर्व में इसकी जानकारी भी नहीं दी गई थी। सदस्य ने कहा, इस बारे में बीसीसीआई ने कोई औपचारिक घोषणा नहीं की थी जिससे वे अधर में लटक गए क्योंकि उन्होंने कभी ऐसा नहीं सोचा था। हम चाहते हैं कि बोर्ड कम से कम इस सत्र के लिए इस फैसले पर पुनर्विचार करे ताकि वे अपने भविष्य के लिए योजना बना सकें।

# वार्नर को बधाई देने की तैयारी कर रहा था : लारा

**भाषा।** एडीलेड

## ● सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकार्ड तोड़ देते तो उनको सराहता

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने खुलासा किया है कि अगर डेविड वार्नर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकार्ड तोड़ देते तो उन्होंने इस आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को बधाई देने की तैयारी कर ली थी। लारा ने बताया कि जब उन्होंने अपने हमवतन गैरी सोबर्स का रिकार्ड तोड़ा था तो उन्होंने भी उन्हें बधाई दी थी। लारा ने दो बार सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर का रिकार्ड तोड़ा। पहले उन्होंने 1994 में इंग्लैंड के खिलाफ 375 रन बनाकर सोबर्स के 365 रन के 36 साल पुराने रिकार्ड को तोड़ा। इसके बाद 2004 में उन्होंने अपने ही रिकार्ड में सुधार करते हुए नाबाद 400 रन बनाए। शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ वार्नर ने नाबाद 335 रन की पारी खेली। वह लारा के रिकार्ड की ओर बढ़ रहे थे लेकिन कप्तान टिम पेन ने पारी घोषित कर दी। व्यावसायिक हितों के कारण एडीलेड में मौजूद लारा ने कहा कि वह वार्नर से मिलने की तैयारी कर रहे थे। न्यूज कार्प ने लारा के हवाले से कहा, मैं उम्मीद कर रहा था कि वह मुझे पकड़ लेगा और पीछे छोड़ देगा और यही कारण है कि मुझे उम्मीद थी कि वह उसे आगे खेलने का मौका दे सकते हैं। लारा ने कहा, वहां जाना शानदार होता (जैसा सोबर्स ने किया था)। रिकार्ड तोड़ने के लिए ही बनते हैं। यह देखकर शानदार लगता है जब आक्रामक खिलाड़ी इन्हें तोड़ते हैं। मनोरंजन करने वाले। एडीलेड में होने के कारण मेरे पास मौका था कि मैं स्टेडियम में ना जा पाऊं तो कम से कम इस मौके पर उससे मिल तो पाऊंगा। वेस्टइंडीज के 50 साल के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि वार्नर अब भी यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। मुझे अब भी लगता है कि वार्नर के पास अपने करियर के दौरान ऐसा करने का समय है। मुझे पता है कि यह आसान नहीं होगा लेकिन एक बार 300 रन बनाने के बाद आपको पता होता है कि 400 रन तक कैसे पहुंचना है। उसे शायद एक और मौका मिल सकता है। लारा ने कहा, वह काफी आक्रामक खिलाड़ी है और ऐसे खिलाड़ी हमेशा आपको जीत की राह पर लेकर जाते हैं। मुझे पता है कि आपको पारी संवारने वाले खिलाड़ियों की जरूरत होती है लेकिन आपको एक या दो डेविड वार्नर और विवियन रिचर्ड्स जैसे खिलाड़ी भी चाहिए जो अपने बल्ले से मैच का रुख बदल सकें।



**सर्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स रियल फोर्स प्रॉपर्टीज एलएलपी, खसरा नंबर 16 मिन, जिसमें विभिन्न प्लॉट शामिल हैं, डिफेन्स इनक्लेव गाँव सादरपुर, परगना एंव तहसील दादरी, जिला. गौतम बुध नगर का मालिक है। और कहा गया है कि कंपनी उक्त भूखंड का एक हिस्सा/ फ्लैट बेच रही है जिसे डी एम आइ हाउसिंग फाइनान्स प्राइवेट लिमिटेड के पास बंधक रखा जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई अधिकार है या उसे उक्त बिक्री और बंधक से कोई आपत्ति है तो वह १५ दिनों के भीतर अपने दावे की जानकारी हमें दे दे।
एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही-75. मो0:-९९९९०१३६१८

**PUBLIC NOTICE**
Be it known to all that my client Mohd Noor Alam S/o Mohd Sar Faraz Alam R/o RZ -224, Braham Puri, Pankha Road, Nangal Raya,New Delhi -110046 is the sole/ actual/real owner of the following three self-acquired properties (1) the entire built-up property bearing no. RZ -224, Braham Puri, Pankha Road, Nangal Raya, New Delhi- 110046 (2)Property bearing nos. 601, C-2 Sector-27, Resettlement Colony, Rohini, Delhi and (3) Plot 50 sq. yds Khasra Number 148 Gram Elaichipur Pargana Loni Tehsil and District Ghaziabad, Uttar Pradesh. Anyone dealing with my client's wife Mohd Bano W/o Mohd Noor Alam who is not the owner of the entire property of the first property and is ostensible owner of the last two properties who is living on the first floor of the first property shall do so at his/her/their own risk and consequences as the first property is sub- judice and the last two properties is/are subject matter of litigation. My client shall not be bound for her acts or deeds, if any, done in the past or in future.
ABDUL NASIR KHAN
(ADVOCATE)

# भारतीय पुरुष, महिला बैडमिंटन टीमों को स्वर्ण

## ● दक्षिण एशियाई खेल : ● श्रीकांत की अगुवाई में श्रीलंका को 3-1 से हराया ● महिला टीम ने अपने इस प्रतिद्वंद्वी को 3-0 से करारी शिकस्त दी

**भाषा।** पोखरा


श्रीकांत

भारत की पुरुष और महिला बैडमिंटन टीमों ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों (सैग) में सोमवार को अपने अपने फाइनल में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीते।
पुरुष टीम ने किदाम्बी श्रीकांत की अगुवाई में श्रीलंका को 3-। से हराया जबकि महिला टीम ने अपने इस प्रतिद्वंद्वी को 3-0 से करारी शिकस्त दी। श्रीकांत ने दिनुका करूणारत्ने को 17-21 21-15 21-11 से हराया। सिरील वर्मा ने इसके बाद सचिन डायस को 21-17 11-5 से पराजित किया। अरुण जार्ज और श्याम शुक्ला की जोड़ी को युगल मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन कृष्णा प्रसाद और ध्रुव कपिला ने दूसरा युगल मैच जीतकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। महिला वर्ग में भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 3-0 से दी और फिर खिताबी मुकाबले में श्रीलंका को भी इसी अंतर से पराजित किया। बैडमिंटन के व्यक्तिगत मुकाबले मंगलवार से शुरू होंगे।

## भारतीय पुरुष खो खो टीम के सेमीफाइनल में

**काठमांडू।** भारतीय पुरुष खो खो टीम ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए सोमवार को यहां 13वें दक्षिण एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने मेजबान नेपाल को पारी और 12 अंकों से हराया और उसका स्कोर 17-5 रहा। उसने शाम को बांग्लादेश को पारी और दो अंकों से पराजित किया और इस मैच का स्कोर 12-10 रहा। भारत की यह वर्तमान टूर्नामेंट में तीन मैचों में यह तीसरी जीत है। अंकतालिका में शीर्ष पर रहने के कारण भारत मंगलवार को सेमीफाइनल में सबसे निचली पायदान पर रहने वाले श्रीलंका से भिड़ेगा। दूसरा सेमीफाइनल नेपाल और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा।

# आईपीएल नीलामी 19 दिसंबर को , 971 खिलाड़ियों की लगेगी बोली

**भाषा।** नई दिल्ली

आईपीएल के लिए 19 दिसंबर को कोलकाता में होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में 971 क्रिकेटरों पर बोली लगेगी जिनमें 713 भारतीय और 258 विदेशी खिलाड़ी होंगे। नमें 215 खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 754 घरेलू क्रिकेटर जबकि एसोसिएट देशों के दो क्रिकेटर हैं। आईपीएल खिलाड़ियों के पंजीयन की प्रक्रिया 30 नवंबर को खत्म हो गई। अब फ्रेंचाइजी के पास अपने चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची देने के लिए नौ दिसंबर तक का समय है जो खिलाड़ियों की अंतिम नीलामी में जाएंगे। पंजीकृत खिलाड़ियों में 19 भारत के अंतरराष्ट्रीय, 634 घरेलू और 60 ऐसे घरेलू क्रिकेटर हैं जो कम से कम एक आईपीएल मैच खेल चुके हैं। वहीं 196 अंतरराष्ट्रीय विदेशी खिलाड़ी और 60 ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। इनमें भी दो एसोसिएट देशों के खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान (19), आस्ट्रेलिया (55), बांग्लादेश (छह), इंग्लैंड (22), नीदरलैंड (एक), न्यूजीलैंड (24), दक्षिण अफ्रीका (54), श्रीलंका (39), अमेरिका (एक), वेस्टइंडीज(34) और जिम्बाब्वे (तीन) के खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा होंगे।

## एलडीएसीसी ने अखिलेश दास टी-20 क्रिकेट जीता

**लखनऊ।** एलडीए कोचिंग सेंटर ने अखिल इंफ्रा क्लब को आठ रन से हराकर अखिलेश दास टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया है। अखिलेश दास स्टेडियम में खेले गए फाइनल में एलडीए कोचिंग सेंटर ने पहले बैटिंग करके 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। गौरव यादव ने 31, राहुल रावत ने 25, मनोज सिंह ने 25 और तेजस राज ने 18 रन का योगदान दिया। अखिल इंफ्रा के दीपक शर्मा और नवनीत यादव ने दो-दो विकेट लिए।

जवाब में अखिल इंफ्रा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 145 रन बना सकी। अंशुल कपूर ने 47, अमित चोपड़ा ने 43 और रविकांत शुक्ला ने 20 रन का योगदान दिया। एलडीए कोचिंग सेंटर के तेजस राज ने दो विकेट लिए।

**कार्यालय नगर पंचायत डासना गाजियाबाद**

पत्रांकः 106/नपडा–ई–निविदा/2019–20 दिनांकः– 30.11.2019

–: अति अल्पकालीन–ई–निविदा सूचना :–

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि 14 /2 प्रतिशत/नगर निधि/राज्य वित्त आयोग के अर्न्तगत नगर पंचायत डासना के निर्माण कार्यो/आपूर्ति के लिए https://etender.up.nic.in पर दिनॉक 02 दिसम्बर 2019 से प्रदर्शित है कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें निदेशक के आदेश सं0–तक0 सेल/07/निदे0/2019 दिनॉक 28 जून 2019 एवं शासनादेश सं0 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनॉक 20 सितम्बर 2019 के अनुक्रम के अर्न्तगत ई–निविदा दिनॉक 09 दिसम्बर 2019 को अपराहन् 02 बजे तक आमन्त्रित करती है निविदाओं को https://etender.up.nic.in से अपलोड किया जा सकता है। दिनॉक 09 दिसम्बर 2019 को अपराहन् 02 बजे तक निविदादाता निविदा अपलोड की जा सकती है। निविदाओं के लिए अन्य शर्तो का उल्लेख https://etender.up.nic.in पर अपलोडिड है।

(मनोज कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डासना गाजियाबाद

(हज्जन हंसार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत डासना गाजियाबाद

# यूपी के प्रियम को अंडर-19 भारतीय टीम की कमान

**● विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा**

**● अगले साल होंगे मुकाबले**

**भाषा। मुंबई**

उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज प्रियम गर्ग दक्षिण अफ्रीका में अगले साल होने वाले आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में गत चैंपियन भारत की 15 सदस्ईय टीम की अगुआई करेंगे। अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने रविवार को यहां बैठक करके 17 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन किया। दाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गर्ग के नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दोहरा शतक और लिस्ट ए में शतक दर्ज है। गर्ग भारत सी टीम का भी हिस्सा थे जो पिछले महीने देवधर ट्राफी में उप विजेता रही। उन्होंने फाइनल में भारत बी के खिलाफ 74 रन की पारी खेली। रणजी ट्राफी सत्र 2018-19 में गर्ग उत्तर प्रदेश के दूसरे शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 67.83 के औसत से 814 रन बनाए जिसमें करियर की सर्वश्रेष्ठ 206 रन की पारी सहित दो शतक शामिल रहे। एक अन्य खिलाड़ी जिस पर सभी की नजरें होंगी वह 17 साल के यशस्वी जायसवाल हैं। जायसवाल इस साल विजय हजारे ट्राफी के दौरान मुंबई की ओर से खेलते हुए लिस्ट ए क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने थे। उन्होंने सत्र में तीन शतक और एक अर्धशतक से 112.80 की औसत से रन बनाए। अंडर-19 विश्व कप का 13वां टूर्नामेंट 16 टीमों के बीच खेले जाएगा जिन्हें चार समूहों में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में पहली बार क्वालीफाई करने वाले



जापान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ रखा गया है। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है जिसने 2018 में पिछले खिताब सहित कुल चार बार प्रतियोगिता जीती है। टीम ने 2018 में फाइनल में आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया था और टूर्नामेंट में भारतीय टीम अजेय रही थी। विश्व कप से पहले भारत की अंडर-19 टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी और वहां मेजबान देश की अंडर-19 टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों के अलावा चतुष्कोणीय श्रृंखला खेलेगी। चतुष्कोणीय श्रृंखला में भारत और मेजबान देश के अलावा न्यूजीलैंड और जिंबाब्वे की अंडर-19 टीमें भी खेलेंगी। हैदराबाद के सीटीएल रक्षण दक्षिण अफ्रीका दौरे और चतुष्कोणीय श्रृंखला के लिए टीम में अतिरिक्त खिलाड़ी होंगे।

**विश्व कप के लिए भारतीय अंडर-19 टीम**

प्रियम गर्ग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, दिव्यांश सक्सेना, ध्रुव चंद जुरेल (उप-कप्तान और विकेटकीपर), शाश्वत रावत, दिव्यांश जोशी, शुभांग हेगड़े, रवि बिश्नोई, आकाश सिंह, कार्तिक त्यागी, अथर्व अंकोलेकर, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), सुशांत मिश्रा और विद्याधर पाटिल।

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम: प्रियम गर्ग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, दिव्यांश सक्सेना, ध्रुव चंद जुरेल (उप-कप्तान और विकेटकीपर), शाश्वत रावत, दिव्यांश जोशी, शुभांग हेगड़े, रवि बिश्नोई, आकाश सिंह, कार्तिक त्यागी, अथर्व अंकोलेकर, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), सुशांत मिश्रा, सीटीएल रक्षण और विद्याधर पाटिल।

# अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता मुक्केबाज नीरज डोप टेस्ट में नाकाम रहने पर निलंबित

**भाषा। नई दिल्ली**

तोक्यो ओलंपिक 2020 के संभावितों में से एक अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता भारतीय महिला मुक्केबाज नीरज (57 किलो) को डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है।

नीरज को प्रदर्शन बेहतर करने वाली दवा लिगांड्रोल और अन्य एनाबालिक स्टेरायड के सेवन का दोषी पाया गया। नीरज ने बुल्गारिया में इस साल स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में कांस्य और रूस में एक टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था। उसने गुवाहाटी में इंडिया ओपन में भी स्वर्ण पदक जीता था। नीरज के नमूने 24 सितंबर को लिए गए जिनकी जांच कतर में लैब में की गई।



राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने कहा , तीन नवंबर को कतर स्थित डोपिंग निरोधक लैब से मिली रिपोर्ट में नीरज को प्रतिबंधित दवाओं के सेवन का दोषी पाया गया। एजेंसी ने कहा , नाडा ने डोपिंग निरोधक नियम 2015 के उल्लंघन संबंधी नोटिस उन्हें दे दिया और 13 नवंबर 2019 से अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया। नीरज ने नतीजा स्वीकार कर लिया और बी नमूने की जांच से इनकार कर दिया। नाडा ने कहा , उनके अनुरोध को मानते हुए उनका मामला डोपिंग निरोधक अनुशासन समिति को सौंप दिया गया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के एक अधिकारी ने बताया कि बीएफआई को पिछले सप्ताह इसकी जानकारी दे दी गई। उन्होंने कहा कि हमें पिछले सप्ताह सूचना मिली। अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई। उसने राष्ट्रीय शिविर से अवकाश लिया था और हमें नहीं पता कि वह इस समय कहां है। नीरज खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम (टाप) योजना का हिस्सा हैं।

## नेपाल की अंजलि ने महिला टी20 में नया रिकार्ड बनाया, बिना कोई रन दिए लिए छह विकेट

**पोखरा।** नेपाल की अंजलि चंदा ने सोमवार को 13वें दक्षिण एशियाई खेलो मे मालदीव के खिलाफ महिला टी20 मैच मे बिना कोई रन दिए छह विकेट लेकर नया इतिहास रच दिया। पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय मैच मे किसी गेंदबाज ने बिना कोई रन दिए छह विकेट लिए है। नेपाल ने दस विकेट से मैच जीता। जीत के लिए 17 रन का लक्ष्य पांच गेंद मे ही हासिल कर लिया। इससे पहले रिकार्ड मलेशिया की मास एलिसा के नाम था जिसने चीन के खिलाफ जनवरी मे चार ओवर मे तीन रन देकर छह विकेट लिए थे। अंजलि ने 2 .। ओवर मे बिना कोई रन दिए छह विकेट लिए। मालदीव की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 .। ओवर मे 16 रन पर आउट हो गई। करूणा भंडारी ने दो विकेट लिए जबकि दो बल्लेबाज रन आउट हुए।

## राजस्थान रायल्स का सत्र पूर्व शिविर शुरू

**नागपुर।** राजस्थान रायल्स के नए खिलाड़ी अंकित राजपूत और राहुल तेवतिया सहित इस फ्रेंचाइजी टीम के आठ क्रिकेटर अगले तीन दिन तक यहां तलेगांव मे अभ्यास करेंगे। यह अगले साल होने वाले आईपीएल से पहले भारतीय क्रिकेटरो के लिए टीम का सत्र पूर्व अभ्यास शिविर है। आईपीएल के आगामी सत्र के लिए राजस्थान रायल्स की टीम से जुड़े भारतीय खिलाड़ी टीम के क्रिकेट प्रमुख जुबिन भरूचा की देखरेख मे तीन दिन तक अभ्यास करेंगे। बल्लेबाजी कोच अमोल मजूमदार और गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले भी खिलाड़ियो की मदद करेंगे। शिविर मे भाग लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों में श्रेयस गोपाल, महिपाल लोमरोर, वरूण आरोन, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, मनन वोहरा, रियान पराग और अंकित राजपूत शामिल है।

## जल्द वापसी होगी क्यू स्लैम लीग की : मेहता

**कोलकाता।** विश्व स्नूकर टीम चैंपियन आदित्य मेहता ने सोमवार को यहां कहा कि फ्रेंचाइजी आधारित स्नूकर एवं बिलियर्ड्स टूर्नामेंट क्यू स्लैम लीग फिर से जल्द शुरू होगा। इससे पहले क्यू स्लैम लीग का आयोजन 2017 मे अहमदाबाद मे किया गया था। सितंबर मे मंडाले मे पंकज आडवाणी के साथ मिलकर विश्व स्नूकर टीम खिताब जीतने वाले मेहता ने कहा, अपनी आंखे खुली रखो, क्यू स्लैम लीग की जल्द वापसी होगी। पहली बार जब टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था तो उसे काफी सफलता मिली थी। खाका तैयार है और यह अधिक लोकप्रियता के साथ वापसी करेगा। रातो रात ऐसा नही होता है।

## खेल मंत्री ने गुवाहाटी में खेलो इंडिया युवा खेलों का तीसरा चरण लांच किया

**गुवाहाटी।** खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने शनिवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलो का तीसरा चरण लांच किया जिनका आयोजन अगले साल 10 से 22 जनवरी तक किया जाएगा। तीसरे चरण मे दो अतिरिक्त खेल साइक्लिंग और लॉन बॉल्स जुड़ जाएंगे। पूरे देश से 10 हजार से ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे जिसमे 13 दिन मे कुल 451 पदक दाव पर लगे होंगे। रीजीजू के अलावा असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल भी इस मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम मे तीसरे चरण का शुभंकर, खिलाड़ियो की जर्सी, लोगो और थीम गान भी पेश किया गया। इस मौके पर शीर्ष एथलीट हिमा दास, स्वप्ना बर्मन और लवलीना बोरगोहेन भी मौजूद थी।

# आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान का सफाया किया

**● दूसरे दिन-रात्रि टेस्ट में पारी और 48 रन से हराया, 2-0 से क्लीनस्वीप किया**

**भाषा। एडीलेड**



नाथन लियोन के पांच विकेट की बदौलत आस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान को पारी और 48 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 2-0 से क्लीनस्वीप किया। पहली पारी में 287 रन से पिछड़ने के बाद फालोआन खेल रही पाकिस्तान की टीम लियोन (69 रन पर पांच विकेट) और जोश हेजलवुड (63 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में भी 239 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के नाबाद 335 रन की बदौलत पहली पारी में तीन विकेट पर 589 रन बनाने के बाद पारी घोषित की थी। लियोन ने इससे पहले कभी पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट हासिल नहीं किए थे और ना ही चौथे दिन के खेल से पहले दिन-रात्रि टेस्ट में कोई विकेट हासिल किया था। इस आफ स्पिनर ने 16वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए और अब एडीलेड ओवल में उनके नाम पर 50 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने से पहले वह इस मैदान पर क्यूरेटर की भूमिका निभाते थे। पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 39 रन से की। सलामी बल्लेबाज शान मसूद (68) और असद शाफिक (57) ने स्कोर 123 रन तक पहुंचाया जिसके बाद लियोन ने मसूद को मिशेल स्टार्क के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। मसूद और शाफिक ने तीसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की। शाफिक भी अर्धशतक पूरा करने के बाद लियोन की गेंद पर डेविड वार्नर को कैच दे बैठे जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 154 रन हो गया। इफ्तिकार अहमद (27) और मोहम्मद रिजवान (45) ने इसके बाद टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। लियोन ने इफ्तिकार को पवेलियन भेजकर इस साझेदारी का अंत किया। इस आफ स्पिनर ने इसके बाद पहली पारी में शतक जड़ने वाले यासिर शाह (13) को पगबाधा किया और फिर डिनर ब्रेक से पहले की अंतिम गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी (01) को हेजलवुड के हाथों कैच कराके पारी में पांच विकेट पूरे किए। डिनर ब्रेक के बाद हेजलवुड ने रिजवान को बोल्ड किया और फिर मोहम्मद अब्बास (01) को रन आउट करके आस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। पाकिस्तान अब श्रीलंका के खिलाफ एक दशक से अधिक समय में घरेलू सरजमीं पर पहली टेस्ट श्रृंखला का आयोजन करेगा जबकि आस्ट्रेलिया तीन टेस्ट की श्रृंखला में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में स्मिथ के क्षेत्ररक्षकों को निर्देश देने से चैपल नाराज



**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल को लगता है कि स्टीव स्मिथ ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मे क्षेत्ररक्षण सजाने का प्रयास करके मौजूदा कप्तान टिम पेन की भूमिका को कमतर किया। पिछले साल गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण मे नाम आने से पहले स्मिथ टीम के कप्तान थे लेकिन इसके बाद उन्हे प्रतिबंधित किया गया और उन्होने कप्तानी गंवा दी। चैपल ने कहा कि स्मिथ को क्षेत्ररक्षण सजाने उतना शामिल नही होना चाहिए था जितना वे सोमवार को हो गए। आस्ट्रेलिया ने सोमवार को पाकिस्तान को पारी और 48 रन से हराकर दो मैचो की श्रृंखला मे 2-0 से क्लीनस्वीप किया। चैपल ने मैक्वायरी स्पोर्ट्स रेडियो से कहा, मै आपको बता दूं कि मुझे स्मिथ को कुछ क्षेत्ररक्षको को निर्देश देना पसंद नही आया। उसने टिम पेन के साथ बात की, आफ साइड मे क्षेत्ररक्षक की जगह बदलने के लिए उसने टिम पेन से बात करने का प्रयास किया लेकिन मै तय नही हूं कि टिम पेन ने उसकी जगह उतनी बदली जितनी स्टीव स्मिथ चाहते थे। स्टीव स्मिथ ने इसके बाद उसे और जगह बदलने को कहा, मुझे यह देखना पसंद नही है। पिछले साल अप्रैल मे गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण मे भूमिका के बाद स्मिथ को आस्ट्रेलिया की कप्तानी से दो साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

## आस्ट्रेलिया के हालात के अनुरूप खुद को ढालना अहम : अली



**एडीलेड।** पाकिस्तानी कप्तान अजहर अली ने सोमवार को कहा कि आस्ट्रेलिया मे अपना बदतर टेस्ट रिकार्ड सुधारने के लिए पाकिस्तान को हालात के अनुरूप जल्दी ढलना और साझेदारियां बनाना सीखना होगा। पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मे एक पारी और 48 रन से पराजय झेलनी पड़ी जबकि पहला टेस्ट उसने एक पारी और पांच रन से गंवाया था। पाकिस्तान आस्ट्रेलिया मे लगातार 14 टेस्ट हार चुका है। अजहर ने कहा कि ए टीमो को अधिक से अधिक यहां दौरा करना चाहिए ताकि हालात को समझ सकें। इससे उन्हे फायदा मिलेगा। बल्लेबाजी के लिए यह दुनिया मे सर्वश्रेष्ठ जगह है। यदि आप उछाल और रफ्तार का सामना कर सकें तो रन बना लेंगे। इसके लिए साझेदारियां काफी अहम है। हमे टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट भी लेने होंगे। इसके लिए हमे हालात को समझकर गेंदबाजी करनी होगी।

## भारत को ट्रायथलन में एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य

**● दक्षिण एशियाई खेल**

**भाषा। पोखरा**



भारत ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों में पहले दिन ट्रायथलन में एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। आदर्श एम एन सिनिमोल ने पुरूषों के व्यक्तिगत ट्रायथलन में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं विश्वरजीत श्रीखोम ने इसी में रजत पदक जीता। सरोजिनी देवी और मोहन प्रज्ञा ने महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत ट्रायथलन वर्ग में 750 मीटर तैराकी , 20 किमी बाइक रेस और पांच किमी दौड़ शामिल है। सिनिमोल ने एक मिनट 02 . 51 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता जबकि विश्वजीत उनसे आठ सेकंड पीछे रहे। नेपाल के बसंत थारू को कांस्य पदक मिला। महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग में सरोजिनी दूसरे और नेपाल की सोनी गुरूंग पहले स्थान पर रही। भारत की प्रज्ञा को कांस्य पदक मिला।

## 50 बरस से अधिक उम्र वालों के विश्व कप में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल 10 से 24 मार्च तक दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 50 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के पहले विश्व कप में भाग लेगा। भारत को पांच मार्च को इंग्लैंड से पहला मैच खेलना है। वेस्टइंडीज, नामीबिया और जिम्बाब्वे भी इसमें भाग लेंगे। भारत को पूल बी में पाकिस्तान, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका , नामीबिया और वेल्स के साथ रखा गया है। पूल ए में आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड ओर श्रीलंका है। भारतीय टमी की अगुवाई खेल और ब्रांड विशेषज्ञ शैलेंद्र सिंह करेंगे। भारत के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने टीम को शुभकामना देते हुए कहा , यह शानदार पल है। मैं उन्हें और पूरी टीम को शुभकामना देता हूं। आस्ट्रेलिया ने पिछले साल सिडनी में पहला फिफ्टीज विश्व कप जीता था।

## ब्लैक की नजरें तोक्यो में स्वर्ण पदक पर

**एजेंसी। मुंबई**



जमैका के स्टार फर्राटा धावक योहान ब्लैक ने सोमवार को कहा कि उनकी नजरें तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक पर लगी है जो उनका आखिरी ओलंपिक होगा। यह मेरा आखिरी ओलंपिक है और निश्चित तौर पर मैं स्वर्ण जीतना चाहता हूं। ओलंपिक में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीत चुके ब्लैक ने कहा , मुझे अतीत में कई पदक मिले हैं लेकिन यह मेरे लिए सोने पे सुहागा होगा। मैं हमेशा पदक का प्रबल दावेदार रहता हूं। हर किसी की नजरें मुझ पर होती है। कुछ अच्छे खिलाड़ी भी हैं और मुझे चुनौती का इंतजार है। ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है और सभी को 100 मीटर दौड़ का इंतजार रहता है। ब्लैक यहां यहां रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरिज टी20 श्रृंखला के प्रचार के लिए आए थे जो अगले साल फरवरी में होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह भारत में प्रतिभा तलाश कार्यक्रम शुरू करना चाहते हैं। , मैं वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों से कहता हूं कि भारत को देखो। विराट कोहली और उसके जैसे क्रिकेटर। फर्राटा में वे हमारा अनुसरण करते हैं तो इसमें कोई बुराई नहीं। मैं ओलंपिक के बाद यहां प्रतिभा तलाश कार्यक्रम से जुड़ने की सोच रहा हूं।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एस्टन विला से ड्रा खेला

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाईटेड ने दूसरे हाफ में बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां एस्टन विला से 2-2 से ड्रा खेला जिससे टीम प्रीमियर लीग के शीर्ष चार में जगह बनाने से आठ अंक पीछे है। जैक ग्रेलिश ने विला को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर से ठीक पहले मैनचेस्टर ने बराबरी हासिल कर ली जब मार्कस रशफोर्ड का शाट पोस्ट से टकराने के बाद विला के गोलकीपर टाम हीटन से टकराकर गोल में चला गया। विक्टर लिनडिलोफ ने इसके बाद हैडर से गोल दागकर मेजबान यूनाईटेड को 2-। से आगे किया। यूनाईटेड को हालांकि ढिलाई बरतने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिसका फायदा उठाकर टाइरोन मिंग्स ने विला को बराबरी दिला दी। मैनचेस्टर यूनाईटेड की टीम 14 मैचों में 18 अंक के साथ नौवें स्थान पर है जबकि चौथे स्थान चल रहे चेल्सी के इतने ही मैचों में 26 अंक हैं।

## मेस्सी के गोल से बार्सीलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया



**मैड्रिड।** लियोनल मेस्सी के अंतिम लम्हों में दागे गोल की बदौलत बार्सीलोना रविवार को एटलेटिको मैड्रिड को।-0 से हराकर ला लीगा फुटबाल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। अर्जेन्टीना के स्टार मेस्सी ने लुई सुआरेज के साथ मिलकर शानदार मूव बनाते हुए 86वें मिनट में गोल दागकर बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ ही बार्सीलोना के 14 मैचों में 31 अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर है। रीयाल मैड्रिड के भी इतने ही मैचों मे इतने ही अंक हैं लेकिन टीम बार्सीलोना से खराब गोल अंतर के कारण दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको मैड्रिड की टीम 15 मैचों में 25 अंक के साथ छठे स्थान पर है। रविवार को एक अन्य मैच में तीसरे स्थान पर चल रहे सेविला ने 63वें मिनट में डिएगो कार्लोस के गोल की मदद से लेगानेस को।-0 से हराया। सेविला के बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड से सिर्फ एक अंक कम है।

## स्पाल को हराकर इंटर मिलान शीर्ष पर

**मिलान।** लोटेरो मार्टिनेज के पहले हाफ में दागे दो गोल की बदौलत स्पाल को 2-। से हराकर इंटर मिलान सिरी ए फुटबाल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। गत चैंपियन यूवेंटस को हालांकि सासुओलो के खिलाफ 2-2 से ड्रा को मजबूर होना पड़ा। दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी किक पर गोल करके यूवेंटस को हार से बचाया लेकिन इस नतीजे के बाद टीम शीर्ष स्थान से खिसक गई। स्पाल के खिलाफ मार्टिनेज ने 16वें मिनट में मिलान को बढ़त दिलाई और फिर एंटोनियो केंद्रेवा के क्रास को हैडर से गोल में डालकर स्कोर 2-0 किया। मार्टिनेज के मौजूदा सत्र में आठ लीग गोल हो गए हैं। मातिया वालोती ने एक गोल दागकर हार के अंतर को कम किया लेकिन स्पाल को सत्र की नौवीं हार से नहीं बचा पाए। इस जीत से मिलान की टीम 14 मैचों में 37 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। यूवेंटस इतने ही मैचों में 36 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# रूट के दोहरे शतक से इंग्लैंड को बढ़त

**● न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 101 रन आगे**

**भाषा। हैमिल्टन**



कप्तान जो रूट के तीसरे दोहरे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 476 रन बनाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 101 रन की बढ़त हासिल की और मैच जीतकर दो मैचों की श्रृंखला बराबर करने की उम्मीद जीवंत रखी। रूट (226) ने ओली पोप (75) के साथ छठे विकेट के लिए 193 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड की टीम चौथे दिन चाय से ठीक पहले आउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से तेज गेंदबाज नील वैनगर ने 124 रन पर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने पारी में नौवीं बार पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 96 रन बनाए। श्रृंखला जीतने के लिए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को अब लंबे समय तक क्रीज पर टिककर इंग्लैंड को जीत से रोकना होगा और इसमें बारिश से उन्हें मदद मिल सकती है क्योंकि मंगलवार को बारिश की भविष्यवाणी की गई है। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाजों जीत रावल (00) और टाम लैथम (18) के विकेट 28 रन तक गंवा दिए। रावल पिछली 10 पारियों में छह बार दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रहे हैं। कप्तान केन विलियमसन (37) और रोस टेलर (31) ने हालांकि इसके बाद 68 रन की अटूट साझेदारी करके दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड के गेंदबाजों को और सफलता हासिल नहीं करने दी। न्यूजीलैंड की टीम अब भी पांच रन से पिछड़ रही है जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। इससे पहले रूट साढ़े 10 घंटे से अधिक समय पर क्रीज पर रहे। उन्होंने इस दौरान 441 गेंद का सामना करते हुए 22 चौके और एक छक्का मारा। रूट उस समय क्रीज पर उतरे थे जब दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 24 रन पर दो विकेट गंवाकर संकट में थी। इस पारी से पहले रूट खराब फार्म से जूझ रहे थे और जुलाई से पिछली 14 पारियों में सिर्फ 26.5 के औसत से 321 रन बना पाए थे। उन्होंने अपना पिछला शतक फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा था। रूट का यह तीसरा दोहरा शतक है। इससे पहले वह 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ 254 और 2014 में लार्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 200 रन की पारियां खेल चुके हैं। रूट ने केविन पीटरसन के तीन दोहरे शतक की बराबरी की लेकिन वह वाल्टर हैमंड और एलिस्टेयर कुक से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड के लिए पांच-पांच दोहरे शतक जमाए। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 269 रन से की। न्यूजीलैंड के गेंदबाज पहले सत्र में कोई सफलता हासिल नहीं कर पाए। पोप चौथे दिन आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे। वह वैगनर की बाउंसर को पुल करने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर रावल को कैच दे बैठे। रूट भी एक ओवर बाद बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर (88 रन पर एक विकेट) की गेंद पर डीप कवर में हेनरी निकोल्स को कैच दे बैठे।

रूट के आउट होने के बाद वैगनर ने क्रिस वोक्स (00), जोफ्रा आर्चर (08) और स्टुअर्ट ब्राड (00) को जल्दी पवेलियन भेजकर इंग्लैंड की पारी का अंत किया।

## तारा सलूजा अपने टीवी शो में वापसी को तैयार



**मुंबई।** 'द तारा शर्मा शो' के साथ शो की मेजबान व अभिनेत्री तारा सलूजा एक बार फिर से पर्दे पर वापसी करने को तैयार हैं। अभिनेत्री का कहना है कि इस बार वह अधिक परिवारों के साथ सामाजिक मुद्दों को सकारात्मक तरीके से बदलने को लेकर चर्चा करेंगी। शो के पांचवें सीजन की शूटिंग 25 नवंबर से शुरू हो गयी है। इस बार उनके शो के मेहमानों में सलमान खान, कल्कि कोचलिन, फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री और डाउन सिंड्रोम से पीड़ित एक बच्चे का परिवार शामिल है। शो की क्रिएटर, मेजबान, प्रोड्यूसर तारा ने कहा, 'मुझे यह मल्टी प्लेटफॉर्म शो बच्चों के साथ रहने के साथ ही इसके क्रिएटर, सह-लेखिका, द 120 मीडिया के साथ सह-निर्माता और मेजबान बनने के जरिए काम करने का मौका देता है।'

# जयललिता की भूमिका करेंगी कंगना रानौत

जयललिता की भूमिका को सही ढंग से परदे पर उतारने के क्रम में अभिनेत्री **कंगना रानौत** ने न केवल तमिल भाषा सीखी बल्कि स्वाभाविक दिखने के लिए उन्हें प्रोस्थेटिक मेकअप लगवाने के लिए कई घंटे बैठना पड़ता था। प्रस्तुत है टीम **पायनियर** की रिपोर्ट-

**कंगना** रानौत अभिनीत फिल्म 'थैलावी' अपनी घोषणा के बाद से लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म जयललिता के जीवन और उनके समय का ही वास्तविक चित्रण करने के लिए ही बनाई जा रही है। फिल्म के निर्देषक ए एल विजय हैं और ये सर्वाधिक चर्चित और लोकप्रिय अभिनेत्री से नेता बनी जयललिता के जीवन पर आधारित है। कंगना ने भी फिल्म को सफल बनाने के लिए तमिल भाषा, भरतनाट्यम सीखने के साथ ही लंबे प्रोस्थेटिक सत्रों में बैठने सहित तैयारी में किसी भी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी है।

निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक रिलीज़ की है जिसमें कंगना को थैलावी के दो अलग अलग रूपों में दिखाया गया है। कंगना ने दोनों ही प्रयासों-जयललिता की लुक और शारीरिक भाषा को सजीव बनाने में अद्भुत प्रदर्शन किया है। इसमें जयललिता को पहले सुपरस्टार अभिनेत्री के रूप में तथा बाद में उनके राजनीतिक जीवन में पदार्पण को भी चित्रित किया गया है।

कंगना के प्रयासों का ही परिणाम है कि अपने इस टीज़र में भी उन्हें पहचानना खासा कठिन है। जयललिता के रूप में उन्होंने डांस के लिए गंभीर प्रयास किये हैं जो कि फिल्म में उनके प्रदर्षन से साफझलकते हैं राजनीतिक व्यक्ति के रूप में भी उन्होंने परदे पर जयललिता को चित्रित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इंटरनेट पर उनकी प्रषंसा के तांते लगे हैं और कई लोगों ने इसके मीम भी तैयार किये हैं, यहां तक कि लोगों ने उन्हें फिल्म चाची 420 में काम करने वाले अभिनेता कमल हासन से भी तुलना कर दी है। भीम नामक ऐनिमेटेड सीरीज़ की टुनटुन मौसी से भी उनकी तुलना की गई है।

फिल्म 83 तथा इस फिल्म के निर्माता विष्णु वर्धन इंदूरी के अनुसार, 'मैं अभिनेत्री से नेता बनी देश की एक सर्वाधिक लोकप्रिय अभिनेत्री जयललिता की कहानी परदे पर लाने के लिए लालायित हूं। थैलावी की कहानी सभी को पता होनी चाहिये और कंगना ने जिस तत्परता से इस रोल को अपनाया है, उसके लिए उनकी जितनी प्रषंसा की जाए, कम है।'



फिल्म जजमेंटल है क्या बनाने वाले शैलेष आर सिंह भी थैलावी की टीम का हिस्सा हैं उन्होंने बताया, फिल्म 'तनु वेड्स मनु' में कंगना के साथ काम करने के बाद थलाइवी में भी उनके साथ काम करने का अवसर मिलने पर मुझे प्रसन्नता हो रही है। कंगना के अलावा इस चमकदार चरित्र को परदे पर उतारने में कंगना से श्रेष्ठ दूसरा कोई हो ही नहीं सकता था। हम 26 जून 2020 को फिल्म रिलीज़ होने के दिनांक तक धैर्य नहीं रखा जा रहा।'

विष्णु वर्धन इंदूरी और शैलेष आर सिंह द्वारा निर्मित और विजय निर्देशित थलाइवी अगले वर्ष 26 जून को रिलीज़ हो सकती है।

**कंगना बनाएंगी अयोध्या केस पर फिल्म:** अपराजित अयोध्या एक ऐसी फिल्म है जिसे राममंदिर के कोर्ट केस पर आधारित किया गया हूं। ये फिल्म कंगना रानौत की निर्माता के रूप में पहली फिल्म होगी। के वी विजयेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित जिन्होंने बाहुबली सीरीज़ के लिए भी लेखन किया था। इस विवादास्पद विषय पर फिल्म बनाने के संबंध में कंगना ने कहा, 'राममंदिर पिछले सैकड़ों साल से एक ज्वलंत विषय रहा है। 1980 में अपने जन्म के बाद से ही मैं इस नाम को नकारात्मक ढंग से प्रचारित होते देखती रही हूं। सुनते हुए बड़ी हुई हूं क्योंकि जिस भूमि पर राजा श्रीराम जी का जन्म हुआ और जो त्याग की प्रतिमूर्ति थे, को एक संपत्ति के विवाद बना दिया गया। इस मामले ने देश की राजनीति की दिशा को बदला है और इस पर आए निर्णय ने देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे को बनाए रखते हुए सैकड़ों साल पुराने इस विवाद को समाप्त कर दिया है। जिस बात से फिल्म अपराजित अयोध्या एक अलग तरह की फिल्म होगी वो है इसके ऐक्टर का नास्तिक से आस्तिक बनने की कहानी। और चूंकि ये एक प्रकार से मेरे ही व्यक्तित्व को प्रतिबिंबित करती है अत: मैंने निर्णय किया कि ये विषय ही मेरे पहले फिल्म निर्माण का आधार होगा।'

# महिला केंद्रित विषय पर लिखने के मामले में अभी काफी पीछे है बॉलीवुड : कैटरीना कैफ

भाषा। मुम्बई

**अभिनेत्री कैटरीना** कैफ का मानना है कि महिला केन्द्रित विषयों पर लिखने के मामले में बॉलीवुड अभी काफी पीछे है। अदाकारा ने कहा, जब आप अमेरिकी सिनेमा को देखते हैं या जो पश्चिम में हो रहा है, आपको महिलाओं के लिए बेहतरीन स्क्रिप्ट मिलेंगी। वहां ऐसा बड़े स्तर पर हो रहा है, जिन फिल्मों में शार्लीज़ थेरॉन, निकोल किडमैन काम कर रही हैं। ए वे अदाकाराएं हैं जो लंबे समय से फिल्म जगत में बनी हैं। कैटरीना ने कहा, उन्हें बेहतरीन लेखन और किस्सागोई का साथ मिला है। अगर आप बिग लिटल लाइज या अन्य मशहूर शो देखेंगे, वे महिलाओं को ध्यान में रख कर लिखे गए हैं और उसी हिसाब से बनाए गए हैं। इस लिहाज से हम महिलाओं के लिए लिखने के मामले में काफी पीछे हैं। कैटरीना ने यह बयान बरखा दत्त द्वारा संचालित वी द वीमेन कार्यक्रम में दिया। उन्होंने कहा, मैं ऐसी कहानी की तलाश में हूं और लोगों से इस बारे में बात भी कर रही हूं...। कैटरीना ने कहा कि उन्हें ऐसे चरित्र की तलाश है जिसमें भावनात्मक जीवंतता हो। उन्होंने भारत और जीरो जैसी फिल्मों का उदाहरण देते हुए कहा कि वे इन फिल्मों में अपने किरदार से भावनात्मक रूप से जुड़ी थीं।





आलिया भट्ट ने कहा-

# मुझे दुख है कि मैं अच्छी बहन साबित नहीं हो पाई

भाषा। मुंबई

**बॉलीवुड अभिनेत्री** आलिया भट्ट ने रविवार को कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि वह एक अच्छी बहन साबित नहीं हो पाई और शाहीन को उतना नहीं समझ पाई जितना समझना चाहिए था। गौरतलब है कि आलिया की बहन शाहीन लंबे वक्त तक अवसाद से जूझती रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अपनी बहन की किताब आई हैव नेवर बीन (अन) हैप्पीयर पढ़ने के बाद उसकी मानसिक हालत के बारे में ज्यादा पता चला। मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी बहन शाहीन के साथ आई आलिया इस बारे में बात करते हुए कई बार रो पड़ी कि उनकी बहन को किन हालात से गुजरना पड़ा। रुंधे गले से आलिया ने कहा, मैं अचानक बहुत बेचैन महसूस कर रही हूं। मैं इतनी बेचैन हूं कि जब भी अपनी बहन के बारे में बात करना शुरू करूंगी तो किसी भी क्षण रो दूंगी। इसके बाद अभिनेत्री रोने लगी और उनकी बहन से उन्हें दिलासा दिया। आलिया ने कहा, इसका मुझे काफी दुख है कि मैं एक अच्छी बहन साबित नहीं हुई। मुझे लगता है कि मैंने उसे समझने के लिए उसकी जगह अपने आप को रखकर नहीं देखा कि वह किन हालात से गुजर रही है। अभिनेत्री वी द वुमेन कार्यक्रम में बोल रही थी जिसका संचालन बरखा दत्त ने किया। एक बार फिर रोते हुए आलिया ने कहा, मुझे हमेशा लगता है कि वह परिवार में सबसे प्रतिभाशाली शख्स है लेकिन कहीं न कहीं उसे इस पर यकीन नहीं हुआ। इससे हमेशा मेरा दिल टूट जाता है। यह पूछे जाने पर कि संवेदनशील न होने के लिए वह अपने आप को गुनहगार मानती हैं, इस पर आलिया ने कहा, मैं संवेदनशील थी लेकिन मुझे दुख है कि मैं उसे उतना नहीं समझ पाई जितना समझना चाहिए था। अब मैं बेहतर समझती हूं। वहीं, शाहीन ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि अवसाद क्या होता है। उन्होंने कहा, इसकी पेचीदगियों को तब तक समझना मुश्किल है जब तक आप इससे गुजरे नहीं होते। उसकी जो प्रतिक्रिया है वह यही है। शायद वह पेचीदगियों को नहीं समझी। मुझे नहीं लगता कि उसे अपने आप को गुनहगार मानना चाहिए। उन्होंने कहा, अब 20 साल बीत चुके हैं, मेरे लिए अवसाद लंबे समय से चल रहा है, जो अब भी है। उस वक्त के बारे में बात करूं जब मैं जीना नहीं चाहती थी तो यह कुछ महीने पहले की ही बात है। जब मैं सिर्फ 17-18 साल की थी तो मैंने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। आलिया ने कहा, मेरे न रोने के पीछे की वजह है कि ऐसा कहा जाएगा कि आलिया ने आंसू बहाए। लेकिन ऐसा नहीं है, मैं माफी चाहती हूं कि मैं आंसू रोक नहीं पाई। मैं उसे बहुत प्यार करती हूं।

# 'मैं तो स्वयं को सभी का मिलाजुला पैकेज मानता हूं'

गायक-गीतकार-संगीतकार **राहुल प्रजापति** ने हाल ही में अपना एलबम 'तू मेरा क्यों नहीं' रिलीज़ किया है। अपनी अब तक की यात्रा तथा भावी परियोजनाओं के बारे में उनसे बात की पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** ने-

**■ आप संगीतकार कैसे बने?**

कक्षा 12 पास करने के बाद मैंने इंजीनियरिंग में प्रवेष लिया लेकिन फिर बाद में उसे छोड़ दिया। कक्षा 10 के दिनों से ही मैं कुछ न कुछ लिखा करता था। मैंने गिटार बजाना सीखा और अपने संगीत को अपलोड करता रहता था। जब मैंने पढ़ाई छोड़ी मेरे माता-पिता मुझसे प्रसन्न नहीं थी।

**■ आपने इंजीनियरिंग में प्रवेष लेने के बाद उसे क्यों छोड़ दिया?**

ये निर्णय मैंने अपने आप लिया था। एक बार मैंने अपने बारे में निर्णय किया तो फिर उसे बनाए रखा। मैंने संगीत को ही अपना पेषा बनाने का निर्णय किया था। धीरे धीरे मैंने अपना बनाया संगीत अपलोड किया ओर फिर मेरे संगीत से प्रभावित होकर कई लोगों ने मुझसे संपर्क किया और मैंने भी संपर्क बनाने का प्रयास किया। मैंने कई एलबम बनाए। लोगों को मेरा काम अच्छा लगा और फिर कई लेबल कंपनियों ने भी मुझसे संपर्क किया। इसके बाद तो मैंने अपने मौलिक गाने लॉन्च करना प्रारंभ कर दिया।

**■ आपका गाना 'तू मेरा क्यों नहीं' किस बारे में है?**

ये एक उदास गीत है। मैं मद्धम लय के उदासीपूर्ण गाने पसंद करता हूं। मुझे अत्यधिक शहरी और हिपहॉप वाले गाने अच्छे नहीं लगते। मैंने ही इसे लिखा, संगीतबद्ध किया और फिर गाया भी है। मैंने इसे कुंदरा इंटरटेन्मेंट पर ही अपलोड किया है। अतीत में इसका केवल ऑडियो ही रिलीज़ किया गया था लेकिन मुझसे एक लेबल के लोगों ने संपर्क कर वीडियो बनाने के लिए कहा जो कुछ महीनों में तैयार होगा।

**■ आप कवि, गीतकार, संगीतकार हैं या फिर गायक?**

मैं तो स्वयं को सभी का मिलाजुला पैकेज मानता हूं। मैं कलाकार हूं। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे एक वाद्य बजानेवाला, गीतकार, लेखक और यहां तक कि गायक भी माने?

**■ आपने एक अन्य गायक के लिए भी संगीत दिया है? क्या ये इतना कठिन है?**

जब मैं अपने गानों के लिए संगीत बनाता हूं तो ये आसान होती है, मुझे पता रहता है कि मुझे क्या करना है। लेकिन जब हम किसी दूसरे के लिए संगीत देता है तो उसमें अपने मार्गनिर्देषन और मांग को भी ध्यान में रखना पड़ता है। कई बार ये करना कठिन होता है लेकिन हमें चुनौतियों के लिए तैयार रहना होता है।

**■ क्या इससे आपकी रचनाधर्मिता में किसी प्रकार की बाधा आती है?**



मैंने हाल ही में इस क्षेत्र में कदम रखे हैं। मैं अभी अवसरों की तलाष में ही लगा हुआ हूं। मैं अपनी प्रतिभा को साबित करना चाहता हूं। अलग प्रकार का काम मिलना अच्छा रहता है। कई बार ऐसा लगता है जैसे कि मैं इस काम को दूसरे ढंग से भी कर सकता था। लेकिन किसी दूसरे के लिए और दूसरी विधा में काम करने से ही अनुभव बढ़ता है। ये एक प्रकार की चुनौती है। मेरा काम अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है, शेष दर्षकों पर निर्भर है।

**■ क्या ब्रेक मिलना इतना कठिन था?**

जी हां, मैं किसी को जानता नहीं था मैं तो बस यूट्यूब पर अपना संगीत अपलोड करता रहता था। कुछ समय के बाद मैं कुंडरा इंटरटेन्मेंट के संपर्क में आया। उनके लिए कवर बनाए और फिर मुझे काम मिलने लगा।

**■ आप जैसे कलाकारों को ब्रेक देने के लिए क्या इंडस्ट्री कुछ कर सकती है?**

हां और न दोनों। लेकिन यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के आने के बाद कलाकारों का काम आसान हो गया है। बस अपना संगीत अपलोड कीजिये और पहचान पाने की प्रतीक्षा कीजिये।

**■ आपके लिए सफलता का क्या अर्थ है?**

धन कमाना महत्वपूर्ण है। मैं अपने परिवार को प्रसन्न रखना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि लोग मेरा काम पसंद करें और जब मैं स्टेज पर आऊं तो वे मेरे साथ गाएं भी।

**■ इसके बाद आपकी क्या योजना है?**

मैं शीघ्र ही टी सीरीज़ के लिए अपना एक सिंगल बना रहा हूं। मैंने बॉलिवुड के लिए अभी तक कोई गाना नहीं दिया है। इंडी गाने और बॉलिवुड गानों में कुछ अंतर है। बॉलिवुड में आपको निर्देषक के अनुसार गाना देना होता है जबकि स्वतंत्र म्यूज़िक में आप अपनी इच्छानुसार कुछ भी कर सकते हैं।